

कोको गॉफ बाहर, अमेरिकी ओपन में लगातार ... 12

# विराट वैभव

राष्ट्रीय अखबार - खोले वैभव के द्वार

रानी मुखर्जी को देखते ही डायलॉग भूल गई थीं... 14



वर्ष : 19, अंक :212, पृष्ठ : 16 | नई दिल्ली, मंगलवार, 03 सितम्बर 2024 | दिल्ली-जयपुर से प्रकाशित | facebook.com/viraatvaibhavdelhi | epaper.viraatvaibhav.com https://play.google.com/store/apps/details?id=com.VVepaper मूल्य :- ₹3/-


## ख़ास ख़बर

### भाजपा ने जेके चुनाव के लिए चौथी सूची जारी की

नई दिल्ली। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को छह उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी। पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना को नौशरा से उम्मीदवार बनाया गया है।पार्टी की ओर से जारी इस सूची के मुताबिक, लाल चौक से इंजीनियर ऐजाजा हुसैन, ईदगाह से आरिफ रजा, खानसाहिब से अली मोहम्मद मीर, चरार-ए-शरीफ से ताहिद हुसैन और राजौरी से विबोध गुप्ता पार्टी के उम्मीदवार होंगे। जम्मू-कश्मीर में चुनाव तीन चरणों - 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर - में होंगे। इसके बाद आठ अक्टूबर को मतों की गिनती होगी।

### जम्मू-कश्मीर: वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन से दो महिलाओं की मौत

कटरा/जम्मू।जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के नए रास्ते पर सोमवार को भूस्खलन होने से दो महिला तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और एक लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अपराह्न करीब दो बजकर 35 मिनट पर भवन से तीन किमी आगे पंछी के पास भूस्खलन हुआ, जिससे लोहे के ढांचे का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्री मंदिर की ओर जा रहे थे तभी भूस्खलन के कारण वह लोहे के ढांचे के नीचे फंस गए।

### भाजपा झारखंड में भर्ती अभियान के दौरान मौतों की जांच का अनुरोध करेगी: हिमंत

रांची। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) से झारखंड में भर्ती अभियान के दौरान अभ्यर्थियों की मौत की जांच करने का अनुरोध करेगी। शर्मा ने दावा किया कि झारखंड में अत्यधिक गर्मी के कारण आबकारी कांस्टेबल पद के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान 15 अभ्यर्थियों की जान चली गई। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार को शारीरिक दक्षता परीक्षा तुरंत 15 सितंबर तक स्थगित कर देनी चाहिए। झारखंड पुलिस के मुताबिक, अब तक 12 अभ्यर्थियों की मौत की खबर है, जबकि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मृतकों की संख्या चार बताई है। शर्मा ने कहा, भाजपा एनएचआरसी से अभ्यर्थियों की मौत की जांच करने का आग्रह करेगी। हेमंत सोरेन सरकार को जान गंवाने वाले प्रत्एक अभ्यर्थी के परिजन को 50 लाख रुपए और एक नौकरी प्रदान करनी चाहिए। यदि वे ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो भाजपा (राज्य में) सत्ता में आने के बाद उनके परिवार के सदस्यों को नौकरियां प्रदान करेगी।

## जरा हट के... बग्गा




# जो दल लोकतांत्रिक मूल्यों को नहीं जीता, उसमें आंतरिक लोकतंत्र नहीं पनपता: मोदी

## पीएम ने भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत की



**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि जो पार्टियां लोकतांत्रिक मूल्यों को नहीं जीती हैं, उनमें आंतरिक लोकतंत्र नहीं पनपता है और उनकी क्या स्थिति होती है, यह देश के कई दलों में देखा जा सकता है।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही एकमात्र दल है जो अपनी पार्टी के संविधान के अनुसार अक्षरशः लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अपने कार्य का विस्तार कर रहा है।

भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा, यह सदस्यता अभियान सिर्फ एक अनुष्ठान नहीं है। यह हमारे परिवार का विस्तार है ... यह संख्या का खेल नहीं है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम कितनी संख्या हासिल करते हैं। यह सदस्यता अभियान एक वैचारिक और भावनात्मक आंदोलन है। प्रधानमंत्री ने भारतीय जनसंघ के जमाने से भाजपा की यात्रा को याद करते हुए कहा कि इस राजनीतिक दल ने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने का भरसक प्रयास किया है।उन्होंने कहा, जिस राजनीतिक दल को देश की जनता सत्ता सुपुर्द करती है, वह अगर लोकतांत्रिक मूल्यों को नहीं जीता है तो उसमें आंतरिक लोकतंत्र निरंतर नहीं पनपता है। तो वैसी स्थिति बनती है जो आज हम देश के कई दलों में देख रहे हैं। उन्होंने कहा, भाजपा एकमात्र दल है जो अपनी पार्टी के संविधान के अनुसार अक्षरशः लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अपने कार्य का विस्तार कर रहा है और जन-सामान्य की आशा, आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए अपने आप को निरंतर योग्य बनाते रहता है।

मोदी ने कहा कि जनसंघ के जमाने में बड़े उत्साह के साथ कार्यकर्ता दीवारों पर दीपक (भारतीय जनसंघ का चुनाव चिह्न) पेंट करते थे तो कई राजनीतिक दल के नेता यह कहकर उनका मजाक उड़ाते थे कि दीवारों पर दीपक पेंट करने से सत्ता के गलियारों तक नहीं पहुंचा जा सकता हैउ

उन्होंने कहा, हम वो लोग हैं, जिन्होंने श्रद्धा से दीवारों पर कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) पेंट किया, क्योंकि विश्वास था कि दीवारों पर पेंट किया कमल कभी न कभी तो दिलों पर भी पेंट हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज भी कुछ राज्यों में भाजपा के कार्यकर्ता इसी जीवन को जीते हैं और अपने आदर्शों के लिए जूझते हैं।

उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को पार्टी से जोड़ने और सीमांत गांवों में सदस्यता अभियान चलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, आज देश के गरीब का सबसे अधिक विश्वास हमारी नीतियों, निर्णयों और हमारे अपनाए हुए रास्तों के परिणामों में है। इसलिए हमें उस सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ना है। मुझे पूरा विश्वास है कि ए सदस्यता अभियान पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ेगा।

## आरएसएस समन्वय बैठक

# देश में जाति गणना पर आरएसएस को आपत्ति नहीं



**एजेंसी ■ पलक्कड़**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सोमवार को कहा कि उसे विशेष समुदायों या जातियों के आंकड़े एकत्र करने पर कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते इस जानकारी का उपयोग उनके कल्याण के लिए हो, ना कि चुनावी लाभ के लिए राजनीतिक औजार के रूप में इसका इस्तेमाल किया जाए। जिले में आयोजित तीन दिवसीय समन्वय बैठक के बाद यहां मीडिया को संबोधित करते हुए आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि जाति और जाति-संबंध हिंदू समाज के लिए एक बहुत संवेदनशील मुद्दा है और यह हमारी राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए भी अहम है।वह जातिगत जनगणना के संबंध में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, इससे बहुत गंभीरता से निपटा जाना चाहिए। आंबेकर ने कहा, इसलिए, जैसा कि आरएसएस का मानना है, हां, निश्चित रूप से सभी कल्याणकारी गतिविधियों के लिए, विशेष समुदाय या जाति से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए जो पिछड़ रहे हैं, क्योंकि कुछ समुदायों और जातियों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसलिए, इसके वास्ते सरकार को आंकड़ों की आवश्यकता है। यह कवायद बहुत अच्छे तरीके से की जाती है। इसलिए, सरकार आंकड़े एकत्र करती है। पहले भी उसने आंकड़े एकत्र किए हैं। इसलिए, वह ले सकती है। कोई समस्या नहीं है। आंबेकर ने कहा, लेकिन यह केवल उन समुदायों और जातियों के कल्याण के लिए होना चाहिए। इसे चुनाव प्रचार के लिए एक राजनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए हमने सभी के लिए एक लक्ष्मण रेखा तय की है।

आंबेकर का बयान विपक्षी दलों (कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के अन्य सहयोगी दलों) द्वारा प्रभावी नीति निर्माण के लिए जाति आधारित जनगणना कराने की मांग को लेकर अभियान चलाने के बीच आया है।

# डॉक्टर-रेप: दोषियों के लिए मृत्युदंड का प्रस्ताव

**एजेंसी ■ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल विधानसभा में मंगलवार को ममता बनर्जी सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले बलात्कार रोधी विधेयक के मसौदे में बलात्कार पीड़िता की मौत होने की सूरत में ऐसे दोषियों के लिए मृत्युदंड के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है। इसके अतिरिक्त, मसौदे में कहा गया है कि बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के दोषी व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी।

अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक, (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024 शीर्षक वाले इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य बलात्कार और यौन अपराधों से संबंधित नए प्रावधानों को शामिल करके महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा मजबूत करना है। मसौदा विधेयक में हाल में लागू भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 अधिनियम और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 को पश्चिम बंगाल राज्य में उनके लागू करने के संबंध में संशोधित करने का प्रस्ताव है, ताकि सजा को बढ़ाया जा सके तथा महिलाओं व बच्चों के खिलाफ हिंसा के जघन्य कृत्य की शीघ्र जांच और सुनवाई के लिए रूपरेखा तैयार



की जा सके। मसौदा विधेयक में कहा गया है, यह राज्य की अपने नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के मौलिक अधिकारों को बनाए रखने तथा यह सुनिश्चित करने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है कि बच्चों के खिलाफ बलात्कार और यौन अपराधों के जघन्य कृत्यों का कानूनी तरीके से पूरी ताकत से मुकाबला किया जाए। पिछले महीने सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के मद्देनजर विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया है। सत्र के दौरान राज्य के कानून मंत्री मलय घटक द्वारा विधेयक पेश किया जाएगा। मसौदा विधेयक में जांच और अभियोजन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव करने की बात कही गई है। इसमें कहा गया है कि बलात्कार के मामलों की जांच प्रारंभिक रिपोर्ट के 21 दिनों के भीतर पूरी की जानी चाहिए, जो पूर्व की दो महीने की समय सीमा से कम है।

# मणिपुर भाजपा विधायक ने अमित शाह से राज्य से केंद्रीय बलों को हटाने का अनुरोध किया

**वैभव न्यूज ■ इंफाल**

मणिपुर के भाजपा विधायक राजकुमार इमो सिंह ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अनुरोध किया कि जातीय संघर्ष प्रभावित राज्य में शांति बहाल करने के प्रयास के तहत केंद्रीय बलों को हटाकर राज्य सुरक्षा कर्मियों को जिम्मेदारी संभालने दिया जाए।शाह को लिखे पत्र में सिंह ने तर्क दिया कि मणिपुर में लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी के बावजूद शांति नहीं आई है।भाजपा विधायक सिंह, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के दामाद भी हैं।उन्होंने कहा, मणिपुर में लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी शांति स्थापित नहीं कर पा रही है, इसलिए बेहतर है कि ऐसे बलों को हटा दिया जाए जो ज्यादातर मूकदर्शक के रूप में मौजूद रहते हैं। उन्होंने इस बात को माना कि राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग की कमी के कारण हाल में असम राइफल्स की कुछ इकाइयों को वापस बुलाने की कार्वाई की गई। सिंह ने कहा, हम असम राइफल्स की कुछ इकाइयों को हटाने की कार्वाई से प्रसन्न हैं, जो राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग नहीं कर रही थीं, लेकिन यदि इन और अन्य केंद्रीय बलों की उपस्थिति हिंसा को नहीं रोक सकती है, तो बेहतर है कि उन्हें हटा दिया जाए और राज्य बलों को कार्यभार संभालने और शांति लाने दिया जाए। सिंह ने प्रस्ताव रखा कि केन्द्र सरकार एकीकृत कमान प्राधिकरण को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार को हस्तांतरित करे।

उन्होंने हिंसा को रोकने में वर्तमान व्यवस्था को अप्रभावी बताते हुए इसकी आलोचना की तथा तर्क दिया कि इस समय एकीकृत कमान को निर्वाचित सरकार को हस्तांतरित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# शंभू सीमा: कोर्ट ने प्रदर्शनकारी किसानों की शिकायतों के लिए समिति गठित की

## न्यायालय ने कहा- किसानों के प्रदर्शन के मुद्दे को राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने शंभू सीमा पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की शिकायतों के सौहार्दपूर्ण निवारण के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को एक समिति का गठन किया। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि किसानों के प्रदर्शन के मुद्दे को राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने समिति को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अंदर वह अपनी पहली बैठक बुलाए। उसने समिति से यह भी कहा कि वह आंदोलनकारी किसानों से संपर्क साधे और उनसे तत्काल पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू सीमा से ट्रैक्टर और ट्रॉली आदि हटाने को कहा जाए ताकि आम यात्रियों को राहत मिले।इसमें कहा गया है कि पंजाब और हरियाणा दोनों सरकारें समिति को सुझाव देने के लिए स्वतंत्र होंगी।

किसान अपनी उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित कई मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

पीठ ने कहा, हमें उम्मीद और भरोसा है कि तटस्थ उच्चाधिकार प्राप्त



समिति गठित करने की आंदोलनकारी किसानों की एक प्रमुख मांग को दोनों राज्यों की सहमति से स्वीकार किए जाने के बाद वे तुरंत उच्चाधिकार प्राप्त समिति के अनुरोध पर कार्वाई करेंगे और बिना किसी देरी के शंभू बॉर्डर या दोनों राज्यों को जोड़ने वाली अन्य सड़कों को खाली कर देंगे।

शीर्ष अदालत ने कहा, इस कदम से आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी, जो राजमार्गों की नाकेबंदी के कारण सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इससे उच्चाधिकार प्राप्त समिति और दोनों राज्यों को किसानों की वास्तविक और न्यायोचित मांगों पर निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठ तरीके से विचार करने में मदद मिलेगी।

# हम तुम्हें मस्जिदों में घुस कर मारेंगे : विधायक नितेश राणे ने मुस्लिमों से कहा, केस दर्ज

**एजेंसी ■ मुंबई**

महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले की पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक नितेश राणे के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। राणे ने कथित तौर पर मुसलमानों को धमकी दी थी। राणे ने कथित भड़काऊ बयान महंत रामगिरी महाराज के समर्थन में श्रीरामपुर और तोपखाना क्षेत्रों में आयोजित दो जनसभाओं को संबोधित करते हुए दिया। रामगिरी महाराज पिछले महीने इस्लाम और पैगंबर मोहम्मद के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी की वजह से चर्चा में आए थे। राणे ने कहा कि अगर महाराज को नुकसान पहुंचाया



गया, तो इसके परिणाम भुगतने होंगे। हाल ही में सोशल मीडिया पर राणे का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें भाजपा विधायक यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, अगर कोई रामगिरी महाराज के खिलाफ कुछ भी बोलेगा, तो हम तुम्हारी मस्जिदों में घुसकर एक-एक को मारेंगे। यह बात ध्यान में रखना। पीटीआई-भाषा वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि श्रीरामपुर और तोपखाना पुलिस थानों में राणे के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गई।ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) के प्रवक्ता वारिस पठान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर उक्त वीडियो साझा करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से राणे को गिरफ्तार करने का अनुरोध किया।पठान ने कहा, राणे अपने पूरे भाषण में मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैला रहे हैं। यह भड़काऊ भाषण है, नफरत फैलाने वाला भाषण है। भाजपा राज्य विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में सांप्रदायिक हिंसा फैलाने की कोशिश कर रही है।

# कानूनी प्रक्रिया के बिना मकानों को कैसे ध्वस्त किया जा सकता है : न्यायालय

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

आपराधिक मामलों में शामिल व्यक्तियों के मकानों को राज्य प्रशासनों द्वारा बुलडोजर से ध्वस्त किए जाने के बीच, उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सवाल किया कि किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है कि वह एक आरोपी है? शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मुद्दे पर दिशानिर्देश तैयार करेगी जो पूरे देश में लागू होंगे। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, 'किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है क्योंकि वह एक आरोपी है? भले ही वह दोषी हो, फिर भी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता।

उत्तर प्रदेश की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस मामले में राज्य द्वारा पहले दायर हलफनामे का हवाला दिया। हलफनामे में कहा गया है कि सिर्फ इसलिए कि किसी व्यक्ति पर किसी अपराध में शामिल होने का आरोप है, उसकी अचल संपत्ति को ध्वस्त करने का आधार कभी नहीं हो सकता।

संबंधित नगरपालिका कानून या क्षेत्र के विकास प्राधिकरणों को नियंत्रित करने वाले कानून में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार हो सकता है। किसी भी अचल संपत्ति को केवल इस आधार पर ध्वस्त नहीं किया जा सकता कि उस संपत्ति का मालिक या उस पर कब्जा करने वाला व्यक्ति किसी अपराध में शामिल था।

**अदालत** | नक्दी के बदले वोट मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी भी एक आरोपी हैं।

# उच्च पद पर आसीन लोगों से संयम की अपेक्षा की जाती है: एससी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2015 के नकदी के बदले वोट मामले में सुनवाई भोपाल स्थानांतरित करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को कहा कि उच्च पद पर आसीन व्यक्ति से कुछ तरह के संयम की अपेक्षा की जाती है। नकदी के बदले वोट मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी भी एक आरोपी हैं। शीर्ष अदालत ने 29 अगस्त को मामले की सुनवाई करते हुए कथित दिल्ली आबकारी शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता को उसके द्वारा जमानत दिए जाने को लेकर रेड्डी की टिप्पणियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने 30 अगस्त को दावा किया था कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से परे देखा गया और उन्होंने बिना शर्त खेद व्यक्त किया था। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने देश की न्यायपालिका के प्रति अपना सम्मान और पूर्ण विश्वास व्यक्त किया था। यह मामला सोमवार को न्यायमूर्ति



बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया। पीठ ने कहा, विशेष रूप से, जब कोई उच्च पद पर होता है, तो उससे कुछ तरह के संयम की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अदालतों और वकीलों को इसमें घसीटा जाता है।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के तत्कालीन सदस्य रेवंत रेड्डी को 31 मई, 2015 को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने विधान परिषद चुनाव में कथित तौर पर तेदेपा उम्मीदवार वेम नरेन्द्र रेड्डी का समर्थन करने के लिए मनोनीत विधायक एल्विस स्टीफेंसन को 50 लाख रुपए की रिश्वत देते हुए पकड़ा था। एसीबी ने रेवंत रेड्डी के अलावा कुछ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया था, लेकिन बाद में उन सभी को जमानत दे दी गई। सोमवार को सुनवाई के दौरान, बीआरएस विधायक गुंतकांडला जगदीश रेड्डी और तीन अन्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सी ए सुंदरम ने मुकदमे को स्थानांतरित करने की मांग करते हुए कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के पास गृह विभाग भी है और वह भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के प्रभारी हैं। रेड्डी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि मामले की आधी सुनवाई पूरी हो चुकी है।

सपना

# सपनों को लेकर हमारी समझ बदल रहीं चार परिस्थितियां

लोग हमेशा से सोचते रहे हैं कि क्या सपनों का मानव इतिहास में कोई उद्देश्य रहा है। आधुनिक वैज्ञानिक भी इस प्रश्न पर मंथन कर रहे हैं। लंबे समय से सपनों का विज्ञान मुख्यधारा के शोध और इसके विपरीत दूसरी दिशा के अनुसंधान के बीच झूलता रहा है। लेकिन रचनात्मक अध्ययन डिजाइन और नई तकनीक इसे एक रोमांचक और गंभीर शोध क्षेत्र में बदल रही हैं। हाल में चार ऐसी सफल परिस्थितियां हैं जो सपनों को बेहतर ढंग से समझने का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं।

## सुस्पष्ट सपने

साल 2021 में एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन से पता चला कि प्रयोगशाला में एक सुस्पष्ट सपने देखने वाले और एक शोधकर्ता के बीच दो-तरफा संचार संभव था। 2024 में, एक और अध्ययन ने सुस्पष्ट सपने देखने वालों को उनके सपनों के भीतर से एक आभासी कार को नियंत्रित करने के लिए प्रशिक्षित करके इसे साबित किया।

प्रयोग में 12 सपने देखने वालों ने मांसपेशियों में हल्की ऐंठन महसूस की। इन्होंने आभासी वाहन को आगे बढ़ाने या मोड़ने के लिए कंप्यूटर को संकेत भेजा था। सपने देखने वाले को बाधाओं से बचने की कोशिश करने के लिए संकेत वापस भेजे गए। कुछ लोग कार को अच्छी तरह से चला सकते थे, लेकिन अन्य, चाहे वे कितनी भी कोशिश कर लें, नहीं चला सके।

दिलचस्प होते हुए भी, यह अब भी अज्ञात है कि इस तरह की तकनीक का इस्तेमाल रोजमर्रा की जिंदगी में कैसे किया जा सकता है। और इस अध्ययन का छोटा सा नमूना, आंशिक रूप से कुशल सुस्पष्ट सपने देखने वालों की दुर्लभता के कारण, हमारे निष्कर्षों को सीमित करता है। लेकिन निष्कर्ष बताते हैं कि कुछ लोगों के लिए सपने के अंदर से निर्णय लेना और उन्हें बाहरी दुनिया को बताना संभव हो सकता है (कम से कम अभ्यास के साथ)।

## हम सपने क्यों देखते हैं?

स्वानसी विश्वविद्यालय में नींद और सपनों के विषयों के अनुसंधानकर्ता मार्क ब्लाग्रोव का मानना है कि सपनों को सामाजिक रूप से साझा किया जाना चाहिए और ये भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सहानुभूति को बढ़ाने के लिए मनुष्यों में विकसित होते हैं। 2016 से, ब्लाग्रोव ने एक स्वप्न चर्चा और चित्रण समूह में कलाकार जूलिया लॉकहार्ट के साथ काम किया है। इसमें एक दर्शक सदस्य को हाल ही में देखे गए सपने को साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।



ब्लाग्रोव चर्चा का नेतृत्व करते हैं, जबकि लॉकहार्ट सिगमंड फ्रूड की पुस्तक द इंटरप्रिटेशन ऑफ ड्रीम्स के पन्नों पर सपने की व्याख्या का रेखाचित्र बनाते हैं। उनके 2019 के शोध पत्र से पता चला कि इस तरह से सपने पर चर्चा करने से सपने साझा करने वाले और श्रोताओं के बीच सहानुभूति बढ़ सकती है। ब्लाग्रोव का तर्क है कि यह दूसरों के साथ महत्वपूर्ण संबंध बनाने में पूर्वजों के अस्तित्व के लिए मूल्यवान हो सकता है।

हम सपने क्यों देखते हैं, इसके बारे में अन्य कहानियां भी हाल के वर्षों में उभरने लगी हैं, और कुछ पर जून 2024 में इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ ड्रीम्स (आईएसएडी) के वार्षिक सम्मेलन में एक परिचर्चा की गई। उदाहरण के लिए, सपनों का मूर्त अनुभूति सिद्धांत, जो प्रस्तावित करता है कि सपने हमें सामान्य जागृत जीवन की संज्ञानात्मक क्रियाओं के लिए तैयार करते हैं। इसका अभी तक परीक्षण नहीं किया गया है, लेकिन यह सपनों के अनुकूल उद्देश्य में बढ़ती वैज्ञानिक रुचि को दर्शाता है।

## लंबी स्वप्न श्रृंखला से अंतर्दृष्टि

जर्मनी में मैनहेम विश्वविद्यालय के माइकल श्रेडल आज सबसे प्रसिद्ध स्वप्न शोधकर्ता माने जाते हैं, जिन्होंने 1990 के दशक में अपने करियर की शुरुआत से सैकड़ों लेख और किताबें प्रकाशित की हैं। उन्होंने आईएएसडी सम्मेलन में अपने 12,000 से अधिक सपनों का विश्लेषण करते हुए भाषण दिया था। कुल मिलाकर, पैटर्न सपनों की निरंतरता की परिकल्पना का समर्थन करते प्रतीत हुए। परिकल्पना यह है कि हमारे सपने हमारे जागने वाले जीवन में होने वाली घटनाओं और चिंताओं से प्रभावित होते हैं।

श्रेडल का मानना है कि वह सपनों में मौसम के पैटर्न को देखने वाले शुरुआती लोगों में से एक हैं। उन्होंने अपने सपनों में बर्फ, हिमपात और ओलों की संख्या में पिछले कुछ वर्षों में लगातार कमी देखी। दिलचस्प बात यह है कि यह जर्मनी में बर्फ के दिनों (ऐसे दिन जब तापमान 24 घंटे के लिए शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे था) की संख्या में गिरावट के दस्तावेज के समान था। उन्होंने मजाक में कहा कि शायद ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव सपनों में भी दिखाई दे रहे हैं, लेकिन यह ऐसी चीजों के बारे में जागते समय की जा रहीं चिंताओं से भी प्रभावित हो सकता है।

एक और दिलचस्प पैटर्न सपनों में पैसे के संदर्भ का था। जब डच मार्क प्रचलित मुद्रा थी, तो यह वर्षों से उनके सपनों में कभी-कभी दिखाई देती थी, लेकिन जब 2002 में जर्मन मुद्रा यूरो में बदल गई, तो डच मार्क की जगह यूरो के संदर्भों ने ले ली। इस तरह के लंबे सपनों की श्रृंखला दुर्लभ है, लेकिन वे हमें दिखा सकते हैं कि सपनों की सामग्री हमारे जागने वाले जीवन के साथ कितनी जुड़ी हुई है।

## सपनों को याद करना

अब तक, अधिक बार सपने याद करने का सबसे सुसंगत पूर्वानुमान सपनों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रहा हैअ अगर आपको लगता है कि सपने महत्वपूर्ण हैं, तो आप शायद उन्हें अधिक बार याद करने की कोशिश करने के लिए अधिक प्रेरित होंगे। साल 2022 में फ्रांसीसी शोधकर्ता सैलोमे ब्लेन और उनके सहयोगियों ने सपनों को याद करने में ध्यान की भूमिका की जांच की। यह एक संज्ञानात्मक कौशल है जो स्मृति से निकटता से जुड़ा हुआ है। सपने के बारे में याद रखना एक सीखने योग्य कौशल है।

(द कन्वरसेशन)

खाद्य एलर्जी

# बच्चों में खाद्य एलर्जी बढ़ने की वजह क्या है

**खाद्य एलर्जी के शिकार वयस्क अपना आहार तय करने के लिए आहार विशेषज्ञों की मदद ले सकते हैं। वहीं, जिन बच्चों में खाद्य एलर्जी की पुष्टि होती है, उन्हें चिकित्सकीय सलाह के आधार पर धीरे-धीरे संबंधित खाद्य वस्तु देकर, उनके प्रतिरोधक तंत्र को एलर्जी से निपटने और समय बीतने के साथ इस पर काबू पाने के लिए तैयार किया जा सकता है।**

ब्रिटेन में खाद्य एलर्जी के शिकार लोगों की संख्या वर्ष 2008 से 2018 के बीच दोगुना से भी ज्यादा हो गई है। इंपीरियल कॉलेज लंदन के एक नए अध्ययन से यह बात सामने आई है। शोधकर्ताओं ने पाया कि प्री-स्कूल बच्चों में खाद्य एलर्जी दर सबसे अधिक है और उनमें से चार फीसदी संभावित रूप से इससे जूझ रहे हैं। उन्होंने यह भी पाया कि एनाफिलेक्सिस (एक जानलेवा एलर्जी प्रतिक्रिया) के जोखिम वाले एक-तिहाई लोग शरीर में एड्रेनलिन पहुंचाने वाली ऑटोइंजेक्टर पेन, जैसे कि एपिपेन का इस्तेमाल नहीं करते। पिछड़े इलाकों में रहने वाले लोगों के गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के दौरान शरीर में जीवनरक्षक दवा पहुंचाने वाले इस उपकरण का इस्तेमाल करने की दर बेहद कम है। खाद्य एलर्जी के शिकार लोगों की वास्तविक संख्या का पता लगाना मुश्किल रहा है और बच्चों में इसकी दर एक फीसदी से लेकर नौ फीसदी से ज्यादा होने का अनुमान है। यह इसलिए क्योंकि खाद्य एलर्जी से पीड़ित लोगों की संख्या आंकने के लिए कई तरीकों का इस्तेमाल किया जाता है, जिनमें एड्रेनलिन पेन के प्रयोग का चिकित्सकीय परामर्श, लोगों द्वारा एलर्जी का शिकार होने की जानकारी दिया जाना और पीड़ितों की पहचान के लिए शरीर में एंटीबॉडी का पता लगाने वाली रक्त जांच करना शामिल है।

लोगों द्वारा एलर्जी का शिकार होने की जानकारी दिया जाना सबसे कम भरोसेमंद तरीका है, क्योंकि कई लोग किसी खास खाद्य वस्तु को पचाने की असमर्थता को अक्सर एलर्जी समझ बैठते हैं। यह बात ब्रिटेन की खाद्य मानक एजेंसी की हालिया रिपोर्ट से भी स्पष्ट है। इस रिपोर्ट में 30 फीसदी से अधिक लोगों ने किसी खास खाद्य वस्तु के सेवन के बाद विभिन्न लक्षण उभरने की बात कही थी, लेकिन जांच में इनमें से महज छह प्रतिशत के खाद्य एलर्जी से पीड़ित होने की पुष्टि हुई।



अंतर को देखते हुए इंपीरियल कॉलेज के शोधकर्ताओं ने खाद्य एलर्जी से जूझ रहे लोगों का पता लगाने के लिए ब्रिटेन में 75 लाख लोगों के स्वास्थ्य देखभाल डेटा और कई क्लीनिकल मानकों का सहारा लिया।

ऐसे लोगों को एलर्जी से पीड़ित माना गया, जिनके चिकित्सक ने उनके संभावित या स्पष्ट रूप से एलर्जी का शिकार होने के संकेत दिए, या फिर उन्हें एड्रेनलिन पेन के इस्तेमाल का सुझाव दिया, या फिर दोनों। इस तरीके के इस्तेमाल से पता चला कि ब्रिटेन में एक दशक में खाद्य एलर्जी से पीड़ित लोगों की संख्या दोगुना से अधिक हो गई। हालांकि, 2018 के बाद से खाद्य एलर्जी दर प्री-स्कूल बच्चों में लगभग 4 प्रतिशत, स्कूल-आयु वर्ग के बच्चों में 2.4 प्रतिशत और वयस्कों में एक प्रतिशत से कम पर स्थिर है। अध्ययन के नतीजे द लांसेट पब्लिक हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित किए गए हैं।

## अबूझ पहेली

-विकसित देशों में खाद्य एलर्जी से पीड़ित आबादी में वृद्धि की वजह वैज्ञानिकों के लिए वर्षों से अबूझ पहेली बनी हुई है। ओल्ड फ्रेंड्स हाइपोथेसिस भी खाद्य एलर्जी के बढ़ते मामलों के लिए जिम्मेदार हो सकती है।

यह परिकल्पना हमारी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को आकार देने और इसके गलत तरीके से काम करने में माइक्रोबियम (शरीर के अंदर-बाहर रहने वाले सहायक जीवाणु, कवक और विषाणु का समूह), संक्रमण और पर्यावरण की भूमिका पर प्रकाश डालती है।

इस परिकल्पना का समर्थन करने वाले कई साक्ष्य मिले हैं। उदाहरण के लिए, अध्ययनों से पता चला है कि बचपन में प्रतिरक्षा प्रणाली और माइक्रोबियम के विकास के दौरान एंटीबायोटिक दवाओं का अधिक इस्तेमाल बाद के जीवन में एलर्जी के प्रति अधिक संवेदनशील बनने का कारण बनता है।

प्रदूषण भी एलर्जी का खतरा बढ़ा सकता है और लक्षणों को अधिक तीव्र कर सकता है।

जीवन के शुरुआती वर्षों में हम जिन खाद्य वस्तुओं का सेवन करते हैं, वे यह निर्धारित करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं कि हमें खाद्य एलर्जी होगी या नहीं। कम उम्र में मूंगफली और अंडे न खिलाने संबंधी ब्रिटिश सरकार का पूर्व परामर्श अप्रत्यक्ष रूप से मूंगफली और अंडों से एलर्जी की बढ़ती दर का नतीजा हो सकता है।

खाद्य एलर्जी के शिकार वयस्क अपना आहार तय करने के लिए आहार विशेषज्ञों की मदद ले सकते हैं। वहीं, जिन बच्चों में खाद्य एलर्जी की पुष्टि होती है, उन्हें चिकित्सकीय सलाह के आधार पर धीरे-धीरे संबंधित खाद्य वस्तु देकर, उनके प्रतिरोधक तंत्र को एलर्जी से निपटने और समय बीतने के साथ इस पर काबू पाने के लिए तैयार किया जा सकता है।

(द कन्वरसेशन)

काव्य गोष्ठी

# दुष्यंत कुमार की जयंती पर परिचर्चा और काव्य गोष्ठी आयोजित

हिंदी अकादमी, दिल्ली के सहयोग से यमुना युवक केंद्र दिल्ली द्वारा सुप्रसिद्ध गज़लकार दुष्यंत कुमार की जन्म जयंती के अवसर पर एक विशेष परिचर्चा और काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, दिल्ली में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम हिंदी साहित्य प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा, जिसमें दुष्यंत कुमार के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

देश के प्रतिष्ठित कवियों और साहित्यकारों की उपस्थिति ने इस विशेष परिचर्चा और काव्य गोष्ठी को और भी आकर्षक बना दिया। काव्य गोष्ठी में राम श्याम हसीन, शिवकुमार बिलगरामी, श्री भारत भूषण आर्य, डॉ. ओंकार त्रिपाठी, श्री आलोक श्रीवास्तव अविरल आमंत्रित किए गए। यह आयोजन साहित्य प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता यमुना युवक केंद्र के महामंत्री श्री विजय शंकर चतुर्वेदी ने की। जबकि पद्मश्री से सम्मानित शिक्षाविद जे एस राजपूत मुख्य अतिथि थे और हिंदी अकादमी दिल्ली के उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



कार्यक्रम की शुरुआत एक परिचर्चा से हुई, जिसमें दुष्यंत कुमार की साहित्यिक धरोहर, उनके लेखन की प्रासंगिकता और समाज पर उनके प्रभाव पर गहन चर्चा की गई। इस परिचर्चा में विभिन्न साहित्यिक हस्तियों और विशेषज्ञों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए। जबकि डॉ. ओंकार त्रिपाठी, शिवकुमार बिलगरामी, भारत भूषण आर्य, आलोक श्रीवास्तव अविरल, राम श्याम हसीन, नीना शहर , सौरभ शेखर, नीलम अरोड़ा, सपना अहसास, वंदना कुंअर, अल्का मिश्रा, दर्शनी प्रिय, सत्यम भास्कर आदि कवियों के द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली रचनाएं दुष्यंत कुमार की साहित्यिक धरोहर को समर्पित रहीं और उनकी रचनाओं की गूंज से कार्यक्रम स्थल गुंजायमान हुआ।

इस कार्यक्रम के दौरान अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री विजय शंकर चतुर्वेदी ने कहा, दुष्यंत कुमार की रचनाएँ आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं जितनी अपने समय में थीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दुष्यंत कुमार के साहित्यिक योगदान को याद करना और उनकी गज़लों और कविताओं के माध्यम से समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता फैलाना है। यह कार्यक्रम हिन्दी साहित्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और युवा पीढ़ी को साहित्य के इस अनमोल खजाने से परिचित कराने का एक अनूठा प्रयास है।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शिक्षाविद और पद्मश्री से सम्मानित जे एस राजपूत ने कहा, हिन्दी अकादमी, दिल्ली और यमुना युवक केंद्र का यह प्रयास सराहनीय है। इस तरह के कार्यक्रम हमारे साहित्यिक धरोहर को सहेजने और युवाओं में साहित्यिक चेतना जागृत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनते है।

मेरे साँई!



हर भटके हुए मुसाफ़िर को , साँई ! तुम रास्ता बताते ।
ऐसी भक्ति काश होती , कि हम तुमको देख पाते ॥
डॉ.अजीत पाठक

फैक्ट चेक

# कराची का पुराना वीडियो भारत में रेलवे ट्रैक से छेड़छाड़ के गलत दावे के साथ शेयर



रेलवे ट्रैक से जुड़ी घटनाओं के बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया जा रहा है, जिसमें एक रेलवे ट्रैक पर कुछ बच्चे दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ यह दावा किया जा रहा है कि वीडियो भारत का है और बच्चे रेलवे ट्रैक के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। पीटीआई फैक्ट चेक डेस्क ने जब वायरल दावे की पड़ताल की तो पाया कि वीडियो भारत का नहीं बल्कि पाकिस्तान के कराची का है। सोशल मीडिया यूजर्स पाकिस्तान के पुराने वीडियो को भारत का बताकर गलत दावे के साथ शेयर कर रहे हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर एक यूजर ने इसे एक पोस्ट में शेयर करते हुए लिखा, इस उम्र में ये रेल की पटरियां उखाड़ रहे हैं। सोचिए, अगले 50 वर्षों में ये क्या करेंगे? डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी ने इनके बारे में क्या कहा था, उसे सत्ता को पढ़ना और समझना चाहिए। केवल उनके नाम जाप से कुछ नहीं होगा। इस वीडियो को कई दूसरे यूज़र्स अलग–अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी शेयर कर रहे हैं और इन पोस्ट्स पर करीबन। लाख से ज्यादा व्यूज आ चुके हैं।

दावे की सत्यता जांचने के लिए पीटीआई फैक्ट चेक टीम ने इनविड टूल की मदद से वीडियो के की फ्रेम्स निकाले और फिर रिवर्स इमेज सर्च की मदद से क्कडटपबकत्तट अनकट्तप नाम के फेसबुक पेज पर पहुंचे जहाँ यह वीडियो 5 दिसंबर 2023 को अपलोड किया गया था। इस वीडियो में दिख रहे रेलवे ट्रैक के संदर्भ में बताया गया कि यह पाकिस्तान के सर ताज खान पहाड़ी वोट बेसिन चौकी के पास की रेलवे लाइन का है। इस फेसबुक पोस्ट में यह बताया गया कि ट्रैक पर नज़र आ रहे बच्चे कुछ सामान चोरी कर रहे हैं और इसके खिलाफ कार्वाई करने का अनुरोध किया गया। पड़ताल को आगे बढ़ाते हुए डेस्क ने पाया कि कराची की पुलिस ने तत्काल एक्शन लिया और रेलवे ट्रैक से सामान चोरी कर रहे बच्चों को पकड़कर थाने ले जाया गया। बाद में अभिभावकों के आश्वासन के बाद बच्चों को उनके अभिभावकों को सौंप दिया गया।

पीटीआई फैक्ट चेक की पड़ताल से यह साफ हुआ कि वायरल वीडियो भारत का नहीं बल्कि पाकिस्तान के कराची का है। यूजर्स पाकिस्तान के पुराने वीडियो को भारत का बताकर सोशल मीडिया पर गलत दावे के साथ शेयर कर रहे हैं।

## राशिफल




## आज का पंचांग

*मंगलवार तदनुसार भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष अमावस्या सुबह के 07 बजकर 26 मिनट तक उसके बाद प्रतिपदा।*
*नक्षत्र: पूर्वाफाल्गुनी रात्रि के 03 बजकर 11 मिनट तक उसके बाद उत्तरा फाल्गुनी।*
*संवत- 2081*
*शकसंवत- 1946*
*दिशाशूल- उत्तर*
*राहुकाल- 03.28 बजे से 05.03 बजे तक*

*मेष- परिवार का सहयोग बना रहेगा।*
*वृष - घूमने-फिरने का अवसर प्राप्त होगा।*
*मिथुन- घरेलू मामलों में तनाव का सामना करना होगा।*
*कर्क- कार्यों में आ रही बाधाएं समाप्त हो सकती हैं।*
*सिंह- नई योजनाएं बनेंगी।*
*कन्या- भाग्य का साथ मिलेगा।*
*तुला- परिवार में सुख व शान्ति का माहौल।*
*वृश्चिक- भौतिक संसाधनों पर अत्यधिक व्यय।*
*धनु- किसी भी कार्य में धीमी प्रगति।*
*मकर- प्रगति के मार्ग प्रशस्त होंगे।*
*कुम्भ- आत्म विश्वास में वृद्धि होगी।*
*मीन- मित्रों से लाभ होने की सम्भावना।*

वैधानिक सूचना
विराट वैभव के संपादन में हमारी हरसंभव कोशिश है कि कोई त्रुटि नहीं हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, समूह, संगठन या समुदाय की भावना को ठेस नहीं पहुंचे। विराट वैभव में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। समाचार फीचर, लेख के माध्यम से घटनाक्रम और विचारों की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का हमारा प्रयास है। पाठकों से आग्रह है कि प्रकाशन में दी गई जानकारियों, सूचनाओं, विज्ञापनों को बतौर संदर्भ लें, उसे सत्यापित तथ्य नहीं समझें। प्रकाशित समाचार या रिपोर्ट के आधार पर पाठकों के निवेश या किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए विराट वैभव जिम्मेवार नहीं होगा। उसके लिए लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों को भी सत्यापित नहीं करता है। पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की खुद पुष्टि करें।

# अनिश्चितता के अंधेरे में जीने के लिए मजबूर हैं डीटीसी कर्मचारीः राहुल

## नेता विपक्ष ने साझा किया डीटीसी कर्मचारियों से संवाद का वीडियो

**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को डीटीसी कर्मचारियों की समस्याओं को रेखांकित किया और कहा कि जो लोग प्रतिदिन लाखों यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाते हैं, उन्हें बदले में केवल 'अन्याय' का सामना करना पड़ता है। दिल्ली परिवहन सेवा (डीटीसी) के कर्मचारियों के साथ पिछले सप्ताह हुई बातचीत और बस में सफर का वीडियो साझा करते हुए गांधी ने कहा कि डीटीसी कर्मचारी सरकार से पूछ रहे हैं कि यदि वे स्थायी नागरिक हैं तो उनकी नौकरियां अस्थायी क्यों हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कुछ दिनों पहले दिल्ली में एक सुखद बस यात्रा के अनुभव के साथ डीटीसी कर्मचारियों से संवाद कर उनकी दिनचर्या और समस्याओं की जानकारी ली। राहुल ने कहा कि न सामाजिक सुरक्षा, न स्थिर आय और न ही स्थाई नौकरी। ठेके पर मजदूरी ने एक बड़ी जिम्मेदारी के काम को मजबूरी के मुकाम पर पहुंचा दिया है। गांधी ने कहा कि ड्राइवर और कंडक्टरों को अनिश्चितता के अंधेरे में जीने के लिए मजबूर किया जा रहा है, तथा यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगातार तैनात होमगार्ड छह महीने से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस उपेक्षा से त्रस्त होकर देश भर के सरकारी कर्मचारियों की तरह डीटीसी कर्मचारी भी लगातार निजीकरण के डर के साए में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये वह लोग हैं जो भारत को चलाते हैं। प्रतिदिन लाखों यात्रियों के सफर को सुगम बनाते हैं - मगर समर्पण के बदले उन्हें कुछ मिला है तो सिर्फ अन्याय। मांगें स्पष्ट हैं - समान काम, समान वेतन, पूरा न्याय! पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ये कर्मचारी भारी मन और दुखी दिल से सरकार से पूछ रहे हैं कि वे नागरिक पक्के हैं तो उनकी नौकरी कच्ची क्यों? वीडियो में राहुल गांधी एक ड्राइवर के साथ उबर की सवारी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस ड्राइवर के साथ उन्होंने कुछ दिनों पहले यात्रा की थी और बाद में सरोजिनी नगर बस डिपो के पास उस स्थान पर गिग वर्कर्स की समस्याओं को रेखंकित करते हुए एक वीडियो जारी किया था। उन्होंने पिछले बुधवार को ड्राइवरों, कंडक्टरों और मार्शलों के साथ बातचीत की थी। बता दें कि गांधी ने एक फेसबुक पोस्ट में अपनी बातचीत और बस में सफर की तस्वीरें भी साझा की थीं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, ''ड्राइवर और कंडक्टर भाइयों और दिल्ली में बस मार्शलों के साथ एक बैठक और चर्चा हुई और फिर डीटीसी की बस में एक मजेदार सवारी हुई। अपने प्रियजनों के साथ उनके मुद्दों पर बात!''

> देश भर के सरकारी कर्मचारियों की तरह डीटीसी कर्मचारी भी लगातार निजीकरण के डर के साये में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये वह लोग हैं जो भारत को चलाते हैं।

## मेट्रो स्टेशन पर देसी कट्टे के साथ पकड़ी गई महिला



**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**

मेट्रो स्टेशन पर मौजूद सीआईएसएफ के कर्मचारियों ने रविवार शाम एक महिला यात्री के पास से एक देशी कट्टा बरामद किया। यह कट्टा महिला ने अपने बैग में रखा हुआ था, लेकिन बैगेज स्कैनिंग के दौरान महिला पकड़ी गई। सीआईएसएफ कर्मचारियों ने उसे मेट्रो पुलिस के हवाले कर दिया गया। मेट्रो पुलिस ने मामले में संबंधित धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईएसएफ अधिकारियों ने बताया कि वारदात ब्लू लाइन के उत्तम नगर पूर्व मेट्रो स्टेशन की है। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला 55 वर्षीय सुशीला देवी अपने परिवार के साथ मोहन गार्डन इलाके में रहती है। रविवार शाम करीब 6.55 बजे बजे के करीब वह उत्तम नगर पूर्व मेट्रो स्टेशन पर पहुंचीं और अपना बैग चेकिंग के लिए बैगेज स्कैनर में डाला। मॉनिटर पर बैग में रखे सामान की जांच कर रहे सीआईएसएफ कर्मचारी अचानक अलर्ट हो गए, क्योंकि बैग में उन्हें हथियार जैसी कोई चीज रखी नजर आई। सीआईएसएफ कर्मचारियों ने तुंरत अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी। जिसके बाद जनकपुरी मेट्रो थाना को इसकी सूचना दी गई। मेट्रो पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को हिरासत में लेकर हथियार जब्त कर लिया। मेट्रो पुलिस ने संबंधित धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एक नजर

#### स्मैक के साथ ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली जिला पुलिस की नारकोटिक्स स्क्वाड ने 1 सितंबर को ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी निखिल उर्फ मेडी के पास से 54 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि 1 सितम्बर को एएसआई प्रकाश को संजय कैंप, दक्षिणपुरी में ड्रग की सप्लाई के लिए एक तस्कर के आने की सूचना मिली। पुलिस ने ट्रेप लगाकर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी कैंप में ड्रग सप्लाई करने आया था, तलाशी लेने पर उसके पास से 54 ग्राम स्मैक बरामद की गई।

#### महिला चला रही थी तस्करी का गिरोह, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने 31 अगस्त को नशा तस्करी का गिरोह चला रही एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के पास से पुलिस ने 5.225 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। गांजे की छोटी छोटी पुडिया बनाकर महिला कच्ची कॉलोनियों में उसकी सप्लाई करती थी। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि एएटीएस टीम में तैनात एसआई एसआई दीपक महिला को दक्षिणपुरी स्थित अपने घर में प्रतिबंधित पदार्थ बेचने की सूचना मिली। पुलिस ने जानकारी जुटाई और छापा मार की महिला को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में महिला ने बताया कि उसने प्रतिबंधित पदार्थ रखने के लिए दक्षिणपुरी एक्सटेंशन में फ्लैट लिया हुआ है। जहां से पुलिस ने 5.225 किलोग्राम गांजा बरामद किया।

#### कड़कड़डूमा कोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपी ने किया गवाह पर हमला

**नई दिल्ली।** कड़कड़डूमा अदालत में सोमवार को एक आपराधिक मामले के गवाह पर आरोपी ने कथित तौर पर ब्लेड से हमला कर दिया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। यह घटना उस समय घटी जब विशेष न्यायाधीश आलोक शुक्ला मामले की सुनवाई कर रहे थे। हमले के वक्त मौजूद एक सूत्र ने कहा कि आरोपी ने गवाह के साथ तीखी नोकझोंक के बाद उस पर ब्लेड से हमला कर दिया। पीड़ित के चेहरे और गर्दन पर चोटें आईं, जिसके बाद अदालत परिसर में तैनात चौकी पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हमले के बाद कोर्ट रूम में खून के छींटे पड़े हुए थे। आरोपी आपराधिक मामले में न्यायिक हिरासत में था।

## दलितों के अधिकारों पर कुठाराघात बर्दाश्त नहीं: यादव

**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**



शैली ओबेरॉय के अवैध तरीके से पद पर बने रहने पर कांग्रेस ने एलजी को ज्ञापन सौंपा

दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय के अवैध तरीके से पद पर बने रहने के संबंध में सोमवार को कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल (एलजी) वी के सक्सेना से मुलाकात कर उन्हें को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस ने बताया कि शैली ओबेरॉय अप्रैल 2024 से बिना चुनाव कराए अपने पद पर हैं जबकि उनका कार्यकाल 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो गया था। एलजी के मुलाकात के बाद देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के तीसरे वर्ष में, एक अनुसूचित जाति के सदस्य का मेयर बनना था, लेकिन सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने चुनाव नहीं कराया। आप पार्टी द्वारा गैर संवैधानिक तरीके से एक ही व्यक्ति को मेयर पद पर जमाने के कारण अनुसूचित जाति के पार्षद को मेयर बनने से वंचित कर दिया है। शैली ओबेराय के लगातार मेयर पद पर बने रहने आप पार्टी में सहमति पिछड़े समुदायों के लोगों की जानबूझकर उपेक्षा करने को उजागर करता है। यादव ने उपराज्यपाल के संज्ञान में लाया कि एमसीडी अधिनियम (धारा-35) के प्रावधानों के अनुसार, एमसीडी के तीसरे वर्ष में अप्रैल तक सदन के एक अनुसूचित जाति के सदस्य को मेयर के रूप में चुना जाना चाहिए। जबकि, निवर्तमान मेयर आज तक इस पद पर अवैध रूप से काबिज हैं और 31 मार्च, 2024 के बाद उनके द्वारा लिए गए सभी निर्णय अवैध और अदालत में चुनौती देने योग्य है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भारतीय संविधान एससी/एसटी के अधिकारों को बचाने के लिए सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने बिना किसी देरी के अनुसूचित जाति समुदाय से एक नए मेयर की नियुक्ति में उपराज्यपाल के हस्तक्षेप की मांग की और यह भी सुनिश्चित हो कि किसी भी दल द्वारा राजनीतिक लाभ के लिए कानून के प्रावधानों को दरकिनार नहीं किया जाना चाहिए। यादव ने अनुरोध किया उपराज्यपाल को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और यह सुनिश्चित करें कि एससी/एसटी समुदाय के मेयर को पूरे एक साल का कार्यकाल मिले। देवेन्द्र यादव ने बाद में मीडिया से बात करते हुए कहा कि उपराज्यपाल ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को धैर्यपूर्वक सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि दलित समुदाय के मेयर के चिंताजनक मसले पर मैं स्वयं गंभीर हूं, आप निश्चित रहें।

## लीकेज के कारण दिल्ली के कई इलाकों में नहीं हुई पानी की आपूर्ति

**नई दिल्ली।** कमला मार्केट में पानी की लाइन में लीकेज के कारण सोमवार को सुबह दिल्ली के कई इलाकों में पानी की आपूर्ति नहीं हुई या बेहद कम दबाव पर पानी की आपूर्ति हुई। दिल्ली जल बोर्ड के एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि आसफ अली रोड पर कमला मार्केट में पानी की लाइन में लीकेज को ठीक करने के लिए वजीराबाद जल शोधन संयंत्र फेज-दो और चंद्रावल जल शोधन संयंत्र को दो सितंबर आधी रात 12:30 बजे तक बंद रखा जाएगा। दिल्ली जल बोर्ड ने कहा कि दो सितंबर को सुबह आपूर्ति या तो कम दबाव पर होगी या बिल्कुल नहीं होगी। बयान में कहा गया है कि प्रभावित क्षेत्रों में करोल बाग, पटेल नगर और सदर बाजार, राजेंद्र नगर, एनडीएमसी, अशोक विहार, त्रि नगर,

## कांग्रेस सरकार में था दिल्ली के विकास का स्वर्णिम युग: सोमेश



**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**

दिल्ली के राजापुरी में सोमवार को मधु विहार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग के मुख्य अतिथि समाजसेवक सोमेश शौकीन, पूर्व विधायक, मटियाला, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, महरोली जिला के आब्जर्वर थे। जिन्होंने अपने भाषण में दिल्ली और केंद्र सरकार की नाकामियों को गिनाया। उन्होंने कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया और उस समय के कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को दिल्ली के विकास का स्वर्णिम युग बताया। उन्होंने अपने कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का वर्णन करा और जनता को फिर से कांग्रेस को दिल्ली में सत्ता मे लाने की अपील की। मीटिंग के आयोजक अधिवक्ता नितिन उपाध्याय ने क्षेत्र की समस्याओं को उठाया। मीटिंग में अन्य वक्ताओं में डी के सोलंकी (ब्लॉक अध्यक्ष), शक्ति बिश्नोई (जिला महासचिव), एलआर भट्ट, ओम प्रकाश अत्तरी (पूर्व अध्यक्ष), ऋषि प्रधान, भारत तंवर, महेश वर्मा, लाला सुरेश, हुकुम सिंह कंडारी, परमेश गोयल व शफीक खान थे। जिन्होंने जनता के साथ देना वो सघर्ष कर कांग्रेस को वापिस लाने व फिर से दिल्ली को देश का विकास मॉडल बनाने की बात रखी। मीटिंग मे अन्य गणमान्य व्यक्तियों में प्रदीप सैनी, नवानी, दिनेश शर्मा, नवल कंसल, मान सिंह, गणेश धपोला, महेश, प्रशांत बेरिया, उमा शंकर भट्ट, देवी चौरसिया, सुनील राठी, तारा उपाध्याय, पुष्पा धपोला, कैलाश शर्मा, आशा रावत, लीला सिराड़ी, कान्ता सिंगला, रेखा शर्मा व भावना उपाध्याय मौजूद थे।

## दिल्ली में रह रहे अज्ञात कुष्ठ रोगियों की घर-घर जाकर की जाएगी पहचान

**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली में रह रहे अज्ञात कुष्ठ रोगी की पहचान घर-घर जाकर की जाएगी। साथ ही ऐसे रोगी की पहचान होने पर उसके घर पर ही इलाज दिया जाएगा। ऐसे मरीजों की पहचान के लिए दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन ने सोमवार से अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान 15 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान शहर के चयनित क्षेत्रों में घर-घर जाकर अज्ञात कुष्ठ रोग के मामलों की पहचान की जाएगी। दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी ने बताया कि मरीजों की पहचान के लिए प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की टीम बनाई गई है। यह टीम ऐसे क्षेत्रों का दौरा करेगी जहां ऐसे मरीज मिलने की आशंका है। इस अभियान के माध्यम से दिल्ली में ऐसे सभी रोगी की पहचान कर उन्हें पूरी तरह से ठीक करना है। रोग ठीक होने के बाद दिल्ली से कुष्ठ रोग को समाप्त करने में मदद मिल सकेगी। डॉक्टरों का कहना है कि इस रोग में समय पर पहचान और उपचार होने से बीमारी से संबंधित दिव्यांकता को रोका जा सकता है। विभाग ने दिल्लीवालों से अपील की है कि घर-घर आने वाली चिकित्सा टीमों से मुफ्त स्क्रीनिंग करवाए।

**इलाज**

> पहचान होने पर उसके घर पर ही दिया जाएगा इलाज

**मरीज खुद कर सकते हैं पहचान**

मरीजों की सुविधा के लिए एक क्यूआर कोड के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। इस कोड को स्कैन करके, लोग कुष्ठ रोग के लक्षणों का प्रारंभिक मूल्यांकन स्वयं कर सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो तुरंत चिकित्सा सलाह ले सकते हैं। इसके अलावा घर पर आने वाली टीम से भी संपर्क कर रोग का इलाज करवा सकते हैं।

## दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ का चुनाव 27 सितंबर को होगा



**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**

दिल्ली विश्वविद्यालय ने सोमवार को घोषणा की कि वर्ष 2024-25 के लिए उसके छात्र संघ का चुनाव 27 सितंबर को होगा। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के चुनाव के लिए नामांकन पत्र 17 सितंबर को दाखिल किए जा सकेंगे और मतों की गिनती 28 सितंबर को होगी। पिछले साल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने अध्यक्ष सहित केंद्रीय पैनल के तीन पदों पर जीत हासिल की थी, जबकि कांग्रेस की छात्र शाखा नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की थी।

## बुलडोजर से न्याय नहीं, बल्कि होता है न्याय का कत्ल: मदनी



**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**

जमीअत उलेमा-ए-हिंद की याचिका सुनवाई करते हुए सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि त्वरित न्याय के लिए बुलडोजर प्रणाली नहीं चलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने प्रारंभिक टिप्पणियों में कहा कि आरोपी तो दूर, किसी अपराधी के घर पर बुलडोजर चलाने का किसी को अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह अवैध निर्माणों का संरक्षण नहीं करेगी, लेकिन कुछ मार्गदर्शक सिद्धांतों का होना आवश्यक है। उधर, अदालत में हुई इस कार्रवाई पर टिप्पणी करते हुए इस मामले के महत्वपूर्ण पक्षकार अध्यक्ष जमीअत उलेमा-ए-हिंद मौलाना महमूद असद मदनी ने कहा कि बुलडोजर से न्याय नहीं, बल्कि न्याय का कत्ल होता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बुलडोजर की कार्रवाई की जाती है उससे एक पूरे समुदाय को सजा दी जाती है, किसी आरोपी का घर गिरने से केवल उसे नहीं बल्कि पूरे परिवार को नुकसान उठाना पड़ता है। मौलाना मदनी ने कहा कि आप महिलाओं के संरक्षण की बात करते हैं, आपने कुछ वर्षों में डेढ़ लाख मकानों को गिरा दिया, इनका सबसे अधिक नुकसान महिलाओं, बच्चों और बूढ़ों को होता है। जिन्होंने कुछ नहीं किया, उन्हें दर-दर भटकना पड़ता है, यह न्याय का कौन सा तरीका आपने स्थापित किया है? हमें उम्मीद है कि अदालत इस पर कठोर कदम उठाएगी। मौलाना मदनी ने कहा कि इससे न केवल मुसलमान बल्कि हर न्यायप्रिय तबका परेशान है। मौलाना मदनी ने कहा कि न्याय के के लिए जमीअत उलेमा-ए-हिंद हर संभव संघर्ष करेगी और बिल्कुल चुप नहीं बैठेगी।

**उम्मीद**

> अदालत की टिप्पणी से जगी न्याय की उम्मीद

**भ्रष्टाचार** | दिल्ली के हेल्थ मॉडल में भारी भ्रष्टाचार का किया पर्दाफाश

## भाजपा ने आम आदमी पार्टी को किया बेनकाब

**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**



दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और ने प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी सरकार के तथाकथित विश्व स्तरीय स्वास्थ्य मॉडल की पोल खोली और इसे भ्रष्टाचार का एक बड़ा अड्डा बताया। भाजपा नेताओं ने बताया कि एसीबी ने भाजपा विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा दर्ज की गई शिकायत का संज्ञान लिया है। आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर की गई व्यवस्थित लूट को उजागर किया गया। अधूरी अस्पताल इमारतों के ढांचे से लेकर मोहल्ला क्लीनिकों में छाई अव्यवस्था का जिक्र करते हुएए भाजपा नेताओं ने दावा किया कि दिल्ली के चरमराते स्वास्थ्य ढांचे की हर ईंट भ्रष्टाचार से जुड़ी हुई है। भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के कई उदाहरण दिए। उन्होंने बताया कि 5,590 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत 24 अस्पताल परियोजनाओं में से कई अभी तक अधूरी हैं, जिस कारण इनकी लागत में बेतहाशा वृद्धि हुई है। एक बड़ा उदाहरण 1,125 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत 6800 बिस्तरों वाले सात आईसीयू अस्पतालों के निर्माण से जुड़ा है, जिसका आज तीन साल बीतने के बावजूद भी केवल 50 प्रतिशत काम ही पूरा हुआ है। उसी तरह 94 पॉलीक्लिनिक के निर्माण के बारे में भाजपा ने खुलासा किया कि 94 में से केवल 52 पॉलीक्लिनिक ही बनाए गए हैं। इसके बावजूद, इनकी लागत अज्ञात रूप से 168.58 करोड़ रुपये से बढ़कर 220 करोड़ रुपये हो गई है और इनमें से अधिकांश पॉलीक्लिनिक अब खाली पड़े हैं। प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार द्वारा तैयार अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली सॉफ्टवेयर के बारे में बताते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि पारदर्शिता के लिहाज से महत्वपूर्ण इस सॉफ्टवेयर को आठ साल बीतने के बावजूद लागू नहीं किया गया जिसके परिणामस्वरूप 130 करोड़ रुपये की बर्बादी हुई है। भाजपा नेताओं ने विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं में अनुचित लागत वृद्धि पर भी सवाल उठाए। एलएनजेपी अस्पताल में एक ब्लॉक के निर्माण में कई गई धांधली का उदाहरण देते हुए उन्होंने सवाल किया कि इसकी लागत चार साल में 487.66 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,125 करोड़ रुपये तक कैसे हो गई। गुप्ता ने यह भी बताया कि दिल्ली सरकार केंद्र सरकार द्वारा दिया गए।

**उजागर**

> आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर की गई व्यवस्थित लूट को उजागर किया गया।

# वर्गीकृत विज्ञापन

### सार्वजनिक सूचना
हम-सुरेश कुमार नागर एवं श्रीमति ललिता पत्नी सुरेश कुमार नागर पता-113/412, जे-2, टी हटस, जे जे कालोनी वजीरपुर दिल्ली-52 ने अपने पुत्र साहिल, व उसकी पत्नी शिवानी के दुर्व्यवहार के कारण उन्हे अपनी समस्त, चल अचल संपत्ति से बेदखल करके उनसे अपने सभी संबध विच्छेद कर लिए है, भविष्य मे वे अपने सभी क्रियाकलाप के स्वयं उत्तरदायी होगे।

### सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, मेरे मुवक्किल श्रीमती मीता सिंह पत्नी स्वर्गीय श्री अमरेन्द्र कुमार, पता-आर.-3, ए-2 64डी, मोहन गार्डन, नियर नूरी मस्जिद, उत्तम नगर, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110059 अपने पुत्र श्री राहुल सिहं व उसकी पत्नी मुस्कान द्वारा किए गए दुर्व्यवहार, लडाई-झगडा तथा नियंत्रण से बाहर होने के कारण अपने सभी रिश्ते व संबंध समाप्त कर लिए है। तथा इन दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उपरोक्त श्री राहुल सिंह व उसकी पत्नी मुस्कान द्वारा किए गए किसी भी कृत्य, लेन-देन या मुकदमेबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें तथा जो उनसे लेन-देन या मुकदमेंबाजी करेगा वह भी स्वंय जिम्मेदार होगा, उसमें मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कुमार दिनेश, अधिवक्ता
चैं. नं. 620, लॉयर्स चैम्बर, द्वारका कोर्ट नई दिल्ली-75

### Public Notice
My client Akhtar Begum W/o Mohd. Yaseen R/o H.No. 4926, Gali Darjiyan Bara Hindurao, Delhi-110006 has disowned/debarred her son Mohd. Zikkoo and his first wife Umaira and their three Children Ehetsham, Walia and Aiman i.e. and second wife Rubina and their child Mohd. Zain from all her movable and immovable properties due to their misconduct and hostile misbehavior. My client shall not be responsible for any acts/deeds in any criminal and civil activity of them in future.

Rakesh Kumar, Advocate
Ch.No-332, 3rd Floor, Lawyer's Chamber Block, Rohini Court, Delhi-110085

### Public Notice
General public is hereby informed that my client Smt. MUKESH W/o Late Shri KARAN SINGH TOKAS R/o LIG FLAT NO. 20 G/F, PKT-1, SECTOR-14, DWARKA, DISTRICT COURT COMPLEX DWARKA, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110075 has broken her relationship with her son namely MANISH TOKAS (Aadhar No. 5354 0357 8763) and her daughter-in-law namely REENA GALLA (Aadhar No. 2054 0698 7407) and hereby disown and disinherit them from all her moveable and immoveable properties as they have become distrustful, dishonest & disobedient towards my client and has also developed wayward habits. Anybody dealing with Manish Tokas and Reena Galla will do so at his/her/their own peril and my client will not be responsible for any act, deed or dealing done by Manish Tokas and Reena Galla.

Samsher Singh Gulia, Advocate
Chamber No.743, Dwarka Court Complex, New Delhi-110075

IN THE COURT OF MS. AMARDEEP KAUR LD.
ACJ-cum-CCJ-cum-ARC (NORTH-WEST)
ROOM NO. 216, DISTRICT COURTS ROHINI: DELHI

SUCC. COURT/73/2024
NDOH 15.02.2025

REKHA VS STATE NCT OF DELHI

To,
Smt. Rekha W/o Late Dinesh Baitha
R/o H.No. C-429, J.J. Colony,
Village Sawda, Ghevra,
Kanjhawala, Delhi-110081
VS
STATE & ORS.

FOR SUCCESSION CERTIFICATE UNDER SUCCESSION ACT – 1925.

|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/EE/GODDA/ 58/2023-24 | पंचायत पिपरा ग्राम मुख्य सड़क से जमुआ होते हुए हटियाटाँड़ तक पथ का निर्माण कार्य (लं0–2.705 कि0मी0), प्रखंड–पथरगामा | 2,57,98,900.00 | दो करोड़ सनतावन लाख अनठानबे हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12(बारह) माह | तृतीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 05.09.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 18.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–19.09.2024 अपराह्न 05.00 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोड्डा।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का मोबाईल नं0– 9973573276
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गोड्डा

PR 334474 (Rural Work Department)24-25*D

**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल के तहत पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई–नीलामी**

**सं. : सीओएम/पार्सल/लीजिंग/लॉंग टर्म ई–ऑक/एचडब्ल्यूएच/2023/पार्ट–II, दिनांक** 29.08.2024 **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,** पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा दो वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 07 यात्रीवाही ट्रेनों में 12 एसएलआर और 03 यात्रीवाही ट्रेनों में 03 आरटीवीपी के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट के ई–नीलामी माड्यूल के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न अहस्तांतरणीय नीलामी कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। मौजूदा ई–नीलामी के लिए बोली ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** पर जमा की जाएगी। ई–नीलामी प्रक्रिया में भागीदारी के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों के लिए क्लास–III का डिजिटल हस्ताक्षर भी लेना आवश्यक है। **नीलामी कैटलॉग विवरण: नीलामी कैटलॉग सं.:** पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–एल–24–9बी। **ट्रेन:** 07 यात्रीवाही ट्रेनों में 12 एसएलआर और 03 यात्रीवाही ट्रेनों में 03 आरटीवीपी। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 13.09.2024, 13.00 बजे।

HWH-257/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## भाजपा जम्मू कश्मीर में सरकार बनाने के लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प है : जितेंद्र सिंह

**जम्मू।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र प्रसाद ने भारत की विकास गाथा में जम्मू कश्मीर को साथ लेकर चलने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कटिबद्धता को साकार करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली सरकार की सोमवार को पैरवी की और कहा कि पार्टी यहां सरकार गठन के लिए कठिन परिश्रम कर रही है। सिंह ने राजनीतिक फायदे के लिए अनुच्छेद 370 का दोहन करने को लेकर कांग्रेस एवं नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इसकी बहाली की मांग करने वाले लोग एक समय श्रीनगर में सार्वजनिक रूप से सामने आने से बचते थे, लेकिन अब वे लाल चौक पर मौज-मस्ती करते हैं।

## उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने बनभूलपुरा हिंसा के आरोपी की जमानत याचिका का निपटारा किया

**वैभव न्यूज ■ नैनीताल**

उत्तराखंड उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने बनभूलपुरा हिंसा के कथित मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक की जमानत याचिका का सोमवार को निपटारा करते हुए उससे उच्च न्यायालय की खंडपीठ का रुख करने को कहा क्योंकि यह मामला गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आता है।

इससे पहले, 30 अगस्त को मलिक की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की एकलपीठ ने इस कानूनी प्रश्न पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था कि मामला एकलपीठ द्वारा सुना जाए या खंडपीठ द्वारा। अदालत ने कहा था कि इस निर्णय का इस मुद्दे पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि जमानत दी जाएगी या नहीं। जमानत अर्जी का निपटारा करते हुए न्यायमूर्ति मैठाणी ने याचिकाकर्ता को खंडपीठ के सामने अपील करने की अनुमति दी। इस मामले की सुनवाई के दौरान, अभियोजन पक्ष द्वारा यह तर्क रखा गया कि इसमें यूएपीए लगाया गया है इसलिए इस मामले को खंडपीठ द्वारा सुना जाना चाहिए। हालांकि, आरोपी की तरफ से यह कहा गया कि मामले की विवेचना नियमित पुलिस द्वारा की जा रही है इसलिए इसकी सुनवाई एकलपीठ द्वारा की जा सकती है।

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड– 815301

**ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– **23/R1/2024-25/RWD/EE/GIRIDIH** दिनांक :–**31.08.2024** ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/GIRIDIH/STPKG/28/2023-24 | (i) गोसाईडीह पी0डब्लू0डी0 रोड से सुरजुगादी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.100 कि0मी0)<br>(ii) जमुआ पलरा रोड से रंगामाटी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.850 कि0मी0)<br>(iii) खरगडीहा मंडरो रोड से चम्पादाह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.000 कि0मी0)<br>(iv) कुरहोबिन्दो गम्हारडीह पथ भीखोडीह से पराचीडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.600 कि0मी0)<br>(v) सियाटांड़ चौक से चौराटांड़ तक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.100 कि0मी0)<br>(vi) एल049–डहुटांड चौली रोड से तिलकडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.460 कि0मी0) | 12,34,79,700.00 | बारह करोड़ चौतीस लाख उनासी हजार सात सौ रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–**04.09.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–**11.09.2024** अपराह्न **5.00** बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–**13.09.2024** अपराह्न **3.30** बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह, तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड– 815301
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06532–225381

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालकअभियंता,
ग्रामीणकार्यविभाग,
कार्यप्रमण्डल, गिरिडीह।

PR 334420 (REO) 24-25 (D)

**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail— eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement Very Short Notice**

**e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/16/24-25 Dated 31.08.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Consultancy services for Feasibility report for construction of 2-Lane configuration ROB beside the existing Kadru ROB , at Ranchi in the state of Jharkhand. from Consultants empanelled in Category-II with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2 | Work completion time | 15 Days |
| 3 | Tentative Length | 1.0 km |
| 4 | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs- 20,000/- (Rupees Twenty Thousand ) through online mode onlyAs per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 03.09.2024, 05.00 PM |
| 6 | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 11.09.2024, 12.30 PM |
| 7 | Date and Timing of Bid opening | 12.09.2024, 12.30 PM |
| 8 | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi - 834002, Mobile No- 8051090751 |
| 9 | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhand tenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi .

PR.NO.334411 Road(24-25):D

कर्म ही हर सफलता की बुनियाद है।

- पाब्लो पिकासो

विराट वैभव 06
नई दिल्ली, मंगलवार, 03 सितम्बर 2024

आयुष विकास

## विश्व में आयुष का फैलता दायरा

दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान आयुष के विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। साल 2014 में अपनी स्थापना के बाद से आयुष मंत्रालय उल्लेखनीय नेतृत्व प्रदान कर रहा है। भारतीय मेडिसिन और होमियोपैथी परिषदों द्वारा नियामक और प्रमाणन का उत्तरदायित्व निभाया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना और राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष केंद्रों का विस्तार तेजी से हो रहा है। दवा निर्माण संयंत्रों और बिक्री केंद्रों की संख्या भी बढ़ रही है। इस विकास का आर्थिक पक्ष भी उत्साहजनक है। साल 2022 में आयुष उद्योग का आकार डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका था। आकलनों की मानें, तो आगामी कुछ वर्षों में इस क्षेत्र की औसतन सालाना प्रगति 15 से 20 प्रतिशत रहने की आशा है। देश के निर्यात को बढ़ाने में भी आयुष क्षेत्र का योगदान बढ़ रहा है। विभिन्न देशों से लोग आयुष अस्पतालों और वेलनेस सेंटरों की सेवा लेने आ रहे हैं तथा उत्पादों का निर्यात हो रहा है। आयुर्वेद और योग को लेकर विश्वभर में रुचि बढ़ी है। आधुनिक जीवन शैली की विसंगतियों के कारण स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। हाल के वर्षों में इन चिकित्सा पद्धतियों, जिनमें आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध तथा होमियोपैथी शामिल हैं- से संबंधित सुविधाएं भी बढ़ी हैं तथा लोगों में नये सिरे से इनमें भरोसा भी बढ़ा है।जाधव ने उचित ही रेखांकित किया है कि औपनिवेशिक दौर में इन पद्धतियों को बहुत नुकसान हुआ, लेकिन अब स्थिति बेहतर हो रही है। भारत सरकार ने आयुष को अपनी राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का प्रमुख हिस्सा बनाया है, इसके लिए अलग मंत्रालय भी बनाया गया है। राज्य सरकारें भी इस दिशा में आगे बढ़ रही हैं। देश में छह सौ से अधिक आयुष महाविद्यालय हैं। नये संस्थानों के बनने से इनकी संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह संतोष की बात है कि भारत में 25 हजार से अधिक आयुष अस्पताल और क्लीनिक हैं। इनमें कुछ ऐसे भी हैं, जहां आयुष के अलावा एलोपैथी चिकित्सा की सुविधा भी है।

> हाल के वर्षों में इन चिकित्सा पद्धतियों, जिनमें आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध तथा होमियोपैथी शामिल हैं- से संबंधित सुविधाएं भी बढ़ी हैं तथा लोगों में नये सिरे से इनमें भरोसा भी बढ़ा है। जाधव ने उचित ही रेखांकित किया है कि औपनिवेशिक दौर में इन पद्धतियों को बहुत नुकसान हुआ, लेकिन अब स्थिति बेहतर हो रही है।

### वैदिक विचार

–स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

## अनामय पद

*अपाम सोममममृता अभूमागन्म ज्योतिरविदाम देवान्।*
*कि नूनमस्मान् कृणवदराति: किमु धूर्तिरमृत मर्त्यस्य।* ऋ 8.48.3

यहां साधना के दो अमूल्य रहस्यों का सरल उद्घाटन है, 1. हमने सोमपान कर लिया है, हम अमृत हो गए हैं। 2. हमने ज्योति प्राप्त करनी है, हमने दिव्यताएं प्राप्त कर ली हैं। सोम का पान करने से अमृत की प्राप्ति होती है, और ज्योति की प्राप्ति से दिव्यताओं की उपलब्धि होती है। सोम के पान से तात्पर्य यहां ब्रह्मानंद का सरस रस के पान से है, और अमृत से तात्पर्य है निर्विष, अनामय पद। ब्रह्मसोम के पान के लिए निर्विष, निर्विकार, अनामय पद की प्राप्ति होती है। इसी पद का नाम शरीर में रहते जीवन्मुक्त अवस्था है, और शरीर-त्याग के पश्चात शाश्वत मोक्ष है। ज्योति की प्राप्ति से दिव्यताओं की प्राप्ति होती है। ज्योति से तात्पर्य उस आत्म-आभा और ब्रह्मप्रकाश से है जो आत्मसाक्षात्कार तथा ब्रह्म के संदर्शन से द्योतित होता है। आत्माभा और ब्रह्मप्रकाश से सकल दिव्यताओं का द्योतन होता है। जब वैदिक योग के साधक योगी सोमपान से अमृत हो जाते हैं, और ज्योति के आश्रय से दिव्यताएं प्राप्त कर लेते हैं तो वे संसार और सांसारिकता से इतने उच्च और निर्लेप हो जाते हैं कि शत्रुता करनेवाले की शत्रुताओं और धूर्तता करनेवालों की धूर्तताओं से न वे आतंकित होते हैं, न विचलित। किसी दुर्व्यवहार का बदला वे कल्याणप्रद सद्व्यवहार से ही चुकाते हैं।

### आज का विचार

–डॉ. विनोद दीक्षित

## सत्य आचरण का विषय

सत्य जब तक हमारे आचरण में नहीं आता उसके गौरव की प्रतिष्ठा नहीं हो सकती है और मानव का कल्याण भी सिद्ध नहीं होता है। मन, वचन और कर्म में सादृष्य का होना, आदर्श आचरण समझा जाता है। इस आदर्श की रक्षा के लिए मनुष्य को शुभ विचारों से परिपूर्ण होना आवश्यक है। यदि हम किसी से कोई प्रतिज्ञा करते हैं तो उसका यथा संभव पालन होना चाहिए। संसार में प्राय लोग सत्य को अपने पक्ष में देखना चाहते हैं परंतु बहुत ही कम लोग सत्य के पक्ष में होते हैं ।सत्या चरण के मार्ग में दुर्भावनाएं, कामांधता और द्वेष प्रबल बाधाएं होती है। सत्य प्रेमी जनों को इन बातों को अपने से ऊपर रखकर और मन ,वचन और कर्म से, ईमानदारी से पवित्र रखकर उत्तम जीवन का निर्माण करना चाहिए। आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। जय श्री राधे।

### पत्र मिला

## तेल परिशोधन से आगे बढ़ता भारत

**भारत** अभी दुनिया का अकेला ऐसा देश है, जिसकी रूस और अमेरिका-यूरोपीय संघ से समान मैत्री है। हाल तक यूरोप अपनी ईंधन जरूरतों के लिए काफी हद तक रूस पर ही निर्भर करता था लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पश्चिमी देशों ने रूस के तेल निर्यात पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए। वहीं, पिछले ढाई वर्षों में रूस से भारी मात्रा में कच्चा तेल खरीद कर भारत अपने विशाल तेल परिशोधन ढांचे के बल पर यूरोप और अफ्रीका को पेट्रोल-डीजल का निर्यात कर रहा है। इधर, एक अर्से से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट का योगदान बहुत ज्यादा रहा है।

**खुशबू अहलुवालिया,नई दिल्ली**

समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र नई दिल्ली होगा। प्रकाशित सामग्री या विज्ञापन से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्रवाई या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है।
संपादक,
विराट वैभव द्वितीय तल,
नेहरू हाउस, 4 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
आप हमें ई-मेल भी कर सकते हैं
E-mail : vaibhav.viraat@gmail.com

# समाज और राजनीति में जाति का प्रश्न



केसी त्यागी
लेखक पूर्व सांसद जदयू हैं



पंकज चौरसिया
लेखक शोधार्थी,जामिया मिल्लिया इस्लामिया नई दिल्ली हैं

समाजशास्त्रियों का मानना है कि भारत में जाति और राजनीति का आपसी गठजोड़ कम-से-कम 19वीं सदी के उत्तरार्द्ध से हुआ है। जाति की पहचान सत्ता के विचारों से निर्धारित होती है। यह पहचान ऐसी है कि इसे कभी बदला नहीं जा सकता है, जबकि जातिगत पहचानें 'दी' नहीं जाती हैं, बल्कि सामाजिक-सह-राजनीतिक रणनीतियों के अनुसार निर्मित एवं विकसित होती हैं। जातिगत पहचान ऐसी है कि यह जीवनभर आपका पीछा करती रहती है। यही कारण है कि जाति और राजनीति का महत्व दिन-ब-दिन बढ़ता गया क्योंकि जाति एक जटिल अस्तित्वगत निर्माण है। कई जाति-विरोधी आंदोलनों और संवैधानिक प्रावधानों के बावजूद जाति भारतीय मानस में रोजमर्रा की जिंदगी के हिस्से के रूप में मौजूद है। वैश्वीकरण के आगमन के बाद भी जाति नये रूपों में सामाजिक और आर्थिक विषमता एवं बहिष्कार तथा हिंसा को बढ़ावा देती है। तथ्य बताते हैं कि किस प्रकार वंचित तबकों की पहचान व आवाज को राजनीति ने संसद में आकार देने का काम किया है तथा इनमें नये अर्थ भर दिये गये हैं, जो जातीयकरण की प्रक्रिया के अनुसार हुआ है।

यह सब चुनावी राजनीति तथा सकारात्मक भेदभाव के राजकीय कार्यक्रमों जैसी सार्वजनिक नीतियों के कारण हुआ है, जबकि संविधान विरोधी समुदायों को लगता है कि डॉ आंबेडकर ने तो संविधान में आरक्षण की नीति का प्रावधान केवल 10 वर्ष के लिए किया था, लेकिन जातिगत राजनीति के कारण इसे बढ़ावा दिया जा रहा है, पर इन समुदायों को यह ध्यान रखना होगा कि समाज में आज भी सामाजिक-आर्थिक विषमता मौजूद है। संविधान विरोधी समुदाय यह भी तर्क देते रहते हैं कि भारतीय राजनीति में जातिवाद बढ़ता जा रहा है। शायद ये समुदाय समझने में विफल प्रतीत होते हैं कि संसद और विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लिए राजनीतिक आरक्षण की व्यवस्था की गयी है, तभी इन वर्गों के इतने सांसद और विधायक चुनकर आते हैं। यदि राजनीतिक आरक्षण नहीं होता, तो विधायिका में जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की संख्या दिखती है, शायद वह संख्या नहीं होती।

उत्तर भारत के अधिकतर बुद्धिजीवी, जो जातिगत ढांचे में फिट होते हैं, वे बिहार व उत्तर प्रदेश को जातिगत राजनीतिक वर्चस्व, दमनकारी जाति और सामाजिक संरचनाओं की कहानियों में डूबा हुआ राज्य मानते हैं, जबकि उन्हें याद रखना चाहिए कि इन राज्यों में 1990 के पहले राजनीति में एक खास वर्ग का वर्चस्व था। आंकड़े बताते हैं कि 1990 से पहले बिहार में 19 मुख्यमंत्रियों में से छह मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग से थे तथा वे सभी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाये। उत्तर प्रदेश में 1990 के पहले 14 मुख्यमंत्री बने, जिनमें केवल दो मुख्यमंत्री पिछड़े वर्ग से थे। ये आंकड़े केवल मुख्यमंत्री तक भर तक सीमित नहीं हैं। यह वर्चस्व सांसद और विधायक तक में देखने को मिल जायेगा, जहां हमेशा वर्चस्वशाली जातियां ही चुनकर आती थीं, लेकिन खासतौर पर बिहार और उत्तर प्रदेश में ये आंकड़े 1990 के बाद बदलने शुरू हो गये थे। इस जातिगत राजनीतिक तस्वीर को सबसे पहले बदलने वाले भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर थे, जिन्होंने वंचित तबकों में राजनीतिक चेतना जागृत की थी। हालांकि इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा और उनकी सरकार गिरा दी गयी। राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत राजनीतिक तस्वीर को बदलने का श्रेय वीपी सिंह को जाता है, जिन्होंने पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण लागू किया और राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक तस्वीर को उलट कर रख दिया। वीपी सिंह का भी वही हश्र हुआ, जो कर्पूरी ठाकुर का हुआ था। प्रसिद्ध राजनीति विज्ञानी रजनी कोठारी का मानना है कि भारत में जाति के राजनीतिकरण ने दलीय राजनीति के विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उन्होंने साबित किया है कि जाति का राजनीतिकरण एक दोहरी प्रक्रिया है। जाति को राजनीति की उतनी ही जरूरत है, जितनी राजनीति को जाति की। जब जाति समूह राजनीति को अपनी गतिविधियों का क्षेत्र बनाते हैं, तब जाति समूहों को अपनी पहचान स्थापित करने और स्थिति के लिए प्रयास करने का भी मौका मिलता है। जो वंचित समुदाय सदियों से सामाजिक-आर्थिक वंचना का शिकार था, उसके लिए राजनीति में आने के लिए केवल एक ही औजार था- 'जाति' का औजार। इसलिए कांशीराम की मान्यता थी कि जब तक पिछड़ों और दलितों को सत्ता नहीं मिलेगी, तब तक उनके लिए सामाजिक-आर्थिक अवसर उपलब्ध नहीं होंगे और यही कारण है कि उन्होंने राजनीति में जाति की कीमियागिरी बनायी और सरकार बनाने के साथ-साथ राजनीति में स्थापित वर्चस्ववाद को चुनौती भी पेश की। इस प्रकार राजनीति के माध्यम से जातिगत पहचानों ने अभिव्यक्ति के नये रूप ग्रहण किये, जिसने सामाजिक व्यवस्था की मूल नैतिकता को बदलने का काम किया है। वर्तमान में देखें, तो जाति आज भी राजनीतिक यथार्थ से ज्यादा सामाजिक यथार्थ है।



यदि ऐसा न होता, तो जिस कांग्रेस पार्टी के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पिछड़े वर्गों के आरक्षण के खिलाफ सदन में लंबा भाषण दिया था, आज उसी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने अपने 2024 के चुनावी घोषणापत्र में अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए सामूहिक आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने के लिए संविधान संशोधन करने तथा जातिगत जनगणना के साथ 'जिसकी जितनी आबादी, उतना हक' देने का वादा किया है। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसका सभी प्रमुख दल समर्थन करते हैं, भले ही इसे अलग-अलग तरीके से व्यक्त किया गया हो, लेकिन इसे सामाजिक न्याय के उपाय के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

अगर आज भी भारत की सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था में जाति का प्रश्न महत्वपूर्ण न होता, तो सभी दल हर बार संसद में जातिगत भेदभाव को लेकर बहस नहीं कर रहे होते। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने 15 दिसंबर, 2022 को संसद को बताया था कि 'विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में संयुक्त सचिव और सचिव के पदों पर कार्यरत कुल 322 अधिकारियों में से मात्र 68 अधिकारी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़े वर्ग हैं, जबकि शेष सामान्य श्रेणी से हैं। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि आज भी जातिगत भेदभाव जारी है और यह भेदभाव तभी खत्म हो सकते हैं, जब वंचित तबकों का विधानसभाओं से लेकर संसद तक में प्रतिनिधित्व बढ़ेगा और वे अपने लिए नीतियां बना पायेंगे।

### किसने क्या कहा

जो राजनीतिक दल लोकतांत्रिक मूल्यों को नहीं जीता, उसमें आंतरिक लोकतंत्र नहीं पनपता है : मोदी



एमवीए शिवाजी की प्रतिमा गिरने की घटना का राजनीतिक लाभ लेना चाहती है : बावनकुले



देश के विकास में सहकारी क्षेत्र का योगदान अद्वितीय है : राष्ट्रपति मुर्मू



भाजपा आप नेताओं को जेल में बंद करना चाहती है ताकि वे दिल्ली विस चुनाव के समय मौजूद न रहें : दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज



### कार्टून




# रोजगार की चुनौती का हल करती मोदी सरकार 3.0

शिवेश प्रताप
लेखक टिप्पणीकार हैं

भारत में बेरोजगारी गंभीर समस्या बनती जा रही है, खासकर युवाओं के लिए। हाल ही में प्रकाशित इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन और मानव विकास संस्थान की भारतीय रोजगार रिपोर्ट 2024 में पाया गया कि भारत में शिक्षित युवाओं के बेरोजगार होने की संभावना अधिक है। अशिक्षित लोगों में बेरोजगारी दर 3.4त्न है, जबकि स्नातक युवाओं में यह दर 29.1त्न है। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 12वीं पास युवाओं की बेरोजगारी दर 2000 में 35.5त्न थी, जो 2022 में 65.7त्न हो गई है। बेरोजगारी की इस स्थिति को देखते हुए, मोदी 3.0 सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस समस्या का समाधान तलाशने की है। युवाओं की बेरोजगारी का मुद्दा सरकार के लिए राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि हाल के चुनाव में यह प्रमुख मुद्दा बन चुका है।गुणवत्ताहीन शिक्षा- भारत में शिक्षा का स्तर बढ़ रहा है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव भी साफ नजर आता है। कुकुरमुत्तों की तरह देशभर में स्कूल और कॉलेज खुल रहे हैं, लेकिन उनमें गुणवत्ता की कमी है। एनुअल स्टेट्स ऑफ़ एजुकेशन रिपोर्ट के अनुसार, देश की शिक्षा व्यवस्था खस्ताहाल है। ग्रामीण क्षेत्रों में 10 साल के बच्चों की शिक्षा का स्तर भी काफी कमजोर है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में हर साल 1.30 करोड़ लोग नौकरी की तलाश में निकलते हैं, लेकिन केवल एक चौथाई एमबीए, पांच में एक इंजीनियर और दस में एक ग्रेजुएट ही नौकरी के योग्य होते हैं।

असंगत कौशल विकास- स्किल इंडिया मिशन जैसे प्रयासों के बावजूद कौशल विकास की दिशा में काफी कम प्रगति हुई है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट बताती है कि देश के 85त्न स्कूलों में आज भी वोकेशनल कोर्स उपलब्ध नहीं हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, स्किल इंडिया मिशन के तहत प्रशिक्षित युवाओं में से केवल 20त्न को ही रोजगार मिल पाया है।रोजगार संगत बाजार की कमी- भारत में रोजगार सृजन की दिशा में भी कई समस्याएं हैं। संगठित क्षेत्र में काम करने वाली आबादी की संख्या बहुत कम है। देश का युवा वर्ग, शिक्षित होने के बावजूद भी असंगठित क्षेत्रों में काम करने के लिए मजबूर है।रिक्तियों और नए पदों का अभाव- सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में प्रति हजार जनसंख्या पर केवल 16 सरकारी कर्मचारी हैं, जो चीन में 57 और अमेरिका में 77 की तुलना में काफी कम है। सरकारी नौकरियों में भी कई



रिक्तियां हैं जो वर्षों से खाली पड़ी हैं।

सरकार गठन के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए नवीनतम बजट में मोदी 3.0 सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह भारत के युवाओं की चिंताओं को संबोधित करने और उनके तनाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। रोजगार सृजन, कौशल विकास, स्टार्टअप समर्थन और शैक्षिक अवसरों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सरकार का उद्देश्य स्थायी वातावरण तैयार करना है जो युवाओं को आधुनिक अर्थव्यवस्था में फलने-फूलने में सक्षम बनाता है।मोदी 3.0 सरकार की युवा नाराज़गी को कम करने की रणनीति का केंद्रबिंदु रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए पाँच योजनाओं का एक व्यापक पैकेज है। इस पहल से अगले पाँच वर्षों में पूरे भारत में 4.1 करोड़ से अधिक युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है, जिसमें 2 लाख करोड़ का केंद्रीय प्रावधान है। केवल इस वर्ष के लिए ही शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है।

ये उपाय महत्वपूर्ण समय पर आए हैं, जहां सार्थक नौकरी के अवसरों की बढ़ती मांग और कौशल वृद्धि की आवश्यकता है। बजट का रोजगार सृजन और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना युवाओं द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों का सीधा जवाब है, खासकर आर्थिक व्यवधानों और तकनीकी प्रगति के मद्देनजर जिसने नौकरी बाजार को पुनः आकार दिया है।स्टार्टअप के लिए एंजल टैक्स की समाप्ति- भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने सभी प्रकार के निवेशकों के लिए एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया है। इस कदम से स्टार्टअप्स में अधिक निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे युवा उद्यमियों को अत्यधिक कराधान के बोझ से मुक्त होकर नवाचार करने में मदद मिलेगी।पहली बार नौकरी पाने वालों के लिए वेतन योजना- औपचारिक क्षेत्रों में रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए, एक नई योजना उन सभी व्यक्तियों को एक महीने का वेतन प्रदान करेगी जो पहली बार कार्यबल में प्रवेश कर रहे हैं। इसके अलावा, एक प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के तहत, ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) में पंजीकृत पहले बार के कर्मचारियों को ?15,000 तक के वेतन पर तीन किश्तों में एक महीने का वेतन प्रदान किया जाएगा। इस योजना से लगभग 210 लाख युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।विनिर्माण में नौकरी सृजन- विनिर्माण क्षेत्र में नौकरी सृजन के लिए समर्पित योजना भी लाई गई है। इससे न केवल तत्काल रोजगार के अवसर मिलेंगे बल्कि एक मजबूत औद्योगिक आधार बनाने में भी मदद मिलेगी, जो दीर्घकालिक आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। राज्य सरकारों और उद्योग साझेदारों के सहयोग से सरकार ने अगले पांच वर्षों में 20 लाख युवाओं को कौशल देने के लिए पहल की है। ये कार्यक्रम आधुनिक अर्थव्यवस्था की मांगों के साथ संरेखित करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि युवा लोग उन क्षेत्रों में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल रखते हैं जो उच्च मांग में हैं।

### उपदेश

प्राणों पर संकट है। वायु में विष है। भारत के आकाश में धुंध है। जीवन पर संकट है। प्राणों में थरथराहट है। वायु प्राण है। वायु में आयु है। पूर्वज वायु को देवता जानते थे। देवता प्रायः प्रत्यक्ष नहीं होते, लेकिन वायु प्रत्यक्ष देव हैं। ऋग्वेद के ऋषि की अनुभूति में वायु प्रत्यक्ष ब्रह्म है। एक मंत्र (1.90.9) में वायु से स्तुति है, 'नमस्ते वायो त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रह्मासि, त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि'। अर्थात वायु को नमस्कार है। आप प्रत्यक्ष ब्रह्म हैं। मैं आपको प्रत्यक्ष ब्रह्म कहता हूं। वायु के प्रति ऐसा आदर-भाव दुनिया की किसी संस्कृति में नहीं मिलता। यह मंत्र-मान्यता महत्वपूर्ण है। यही मंत्र ऋग्वेद, यजुर्वेद, अर्थवेद व तैत्तिरीय उपनिषद में भी आया है। वायु से जीवन है। जब तक शरीर में वायु तब तक आयु और जीवन। ऋग्वेद (10.16.3) में मृत जीव से प्रार्थना है 'आपकी आखों की ज्योति सूर्य में मिले और प्राण आत्मा वायु में चले जाएं।' वायु प्राण धारक है। वायु दो तरह की होती है। एक हमारे भीतर स्थित हमारे प्राण का आधार है और दूसरी, संपूर्ण सृष्टि में प्रवाहमान ब्रह्म की तरह सर्वत्र व्यापक वायु। यही सर्वत्र व्यापी वायु सभी प्राणियों का प्राण है। कठोपनिषद की कथा में यम ने नचिकेता को बताया था, 'वायुर्थेको भुवनं-प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो वभूवः - यह वायु सभी भुवनों में प्रविष्ट होकर रूप रूप प्रतिरूप होता है।' यह सभी भूतों का मधुरस भी है। वृहदारण्यक उपनिषद् में कहते हैं 'अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य, वायो सर्वोणि भूतानि मधु- यह वायु सभी प्राणियों का मधु है और सभी प्राणी वायु के मधु।'

स्वत्वाधिकारी वैभव पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक मनीष विदेह द्वारा नेहरू हाउस द्वितीय तल, 4, बहादुरशाह जफर मार्ग,नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। द इंडियन एक्सप्रेस प्रा. लि., ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, यूपी-201301 से मुद्रित। फोन : 23705694-95-96, टैलीफैक्स : 23705792 RNI Registration No. DELHIN/2006/16444 संस्थापक: श्री विश्व विभूति विदेह

## एक नजर

### चीन की नाराजगी के बाद प्रशांत क्षेत्र के नेताओं ने ताइवान का उल्लेख हटाया

**नुकु अलोफा।** दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने के चीन के प्रयासों से मची हलचल ने क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण कूटनीतिक शिखर सम्मेलन को प्रभावित कर दिया है। प्रशांत द्वीप के एक नेता ने बीजिंग के कहने पर, बैठक के समापन वक्तव्य से ताइवान की भागीदारी की पुष्टि को हटाने का स्पष्ट उल्लेख किया है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के अलावा 18 द्वीपीय राष्ट्रों के समूह द पैसिफिक आइलैंड फोरम ने शुक्रवार को अपनी सप्ताह भर की वार्षिक बैठक के बाद नेताओं के बीच हुए समझौतों को रेखांकित करते हुए एक सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी की, जिसमें शुरू में स्वशासित ताइवान की स्थिति की पुनः पुष्टि की गई, जिसे चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। लेकिन शनिवार को इसे हटा दिया गया। टोंगा के नुकु आलोफा में शिखर सम्मेलन में अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि बयान में परिवर्तन क्यों हुआ।

### नेपाली कांग्रेस के महासचिव शर्मा ने पार्टी अध्यक्ष देउबा से दोबारा प्रधानमंत्री नहीं बनने के लिए कहा

**काठमांडू।** नेपाली कांग्रेस के महासचिव विश्व प्रकाश शर्मा ने पार्टी अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा से कहा कि वह दोबारा प्रधानमंत्री न बनें और यह पद नई पीढ़ी के किसी नेता के लिए छोड़ दें। हालांकि, पांच बार प्रधानमंत्री रह चुके 78 वर्षीय देउबा ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष एवं निवर्तमान प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा ने कुछ महीने पहले एक नया गठबंधन बनाते हुए सात सूत्री समझौता किया था, जिसके तहत दोनों नेता बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनेंगे। इस समझौते के तहत, ओली के बाद देउबा को प्रधानमंत्री बनना है।

पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक के दौरान नेपाली कांग्रेस के महासचिव शर्मा ने देउबा से छठी बार प्रधानमंत्री न बनने और किसी नए चेहरे के लिए पद छोड़ने को कहा।

### उत्तरी फिलीपीन में तूफान के कारण भूस्खलन और भारी बारिश हुई

# फिलीपीन में बाढ़ और भूस्खलन से नौ लोगों की मौत

एजेंसी ■मनीला



उत्तरी फिलीपीन में तूफान के कारण भूस्खलन और भारी बारिश हुई, जिससे सोमवार तक कई इलाकों में बाढ़ आ गई और कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। इसको देखते हुए अधिकारियों ने स्कूलों को बंद कर दिया तथा सरकारी कामकाज भी स्थगित करना पड़ा।

मौसम ब्यूरो के अनुसार, उष्णकटिबंधीय तूफान यागी सोमवार दोपहर तक मनीला के दक्षिण-पूर्व में क्यूजोन प्रांत के इनफांटा शहर से 115 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था, यह 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से टकराया और इसकी रफ्तार 90 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई। स्थानीय रूप से एनटेंग नाम से जाना जाने वाला यह तूफान लूजोन के मुख्य उत्तरी क्षेत्र के पूर्वी तट के पास 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। आपदा न्यूनीकरण अधिकारी एनरिलिटो बर्नार्डो जूनियर ने बताया कि सोमवार को राजधानी के पश्चिम में रिजाल प्रांत के एंटिपोलो शहर में पहाड़ी पर स्थित दो छोटी झुग्गियां भूस्खलन की चपेट में आ गईं, जिससे एक गर्भवती महिला समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि चार अन्य ग्रामीण उफनते नालों में डूब गए।

राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता कर्नल जीन फजार्डो ने बिना विस्तृत जानकारी दिए पत्रकारों को बताया कि मध्य फिलीपीन में तूफान के कारण हुए भूस्खलन में दो और लोगों की मौत हो गई तथा 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि पूर्वी कैमरिन्स सुर प्रांत के नागा शहर में खराब मौसम में दो स्थानीय लोगों की मौत हो गई। यहां कई क्षेत्रों में बाढ़ का पानी घुसा है। प्राधिकारी इस बात की पुष्टि करने में जुटे हैं कि ए मौतें मौसम से संबंधित थी या नहीं। इसमें एक व्यक्ति की मौत करंट लगने से हुई है। देश के सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्र लूजोन के एक बड़े हिस्से में तूफान की चेतावनी जारी की गई, जिसमें महानगरीय क्षेत्र मनीला भी शामिल है। यहां तूफानी मौसम के कारण स्कूल और अधिकांश सरकारी कार्यालय बंद कर दिए गए।

राजधानी के पूर्वी छोर पर मरीकिना नदी के भीड़भाड़ वाले तट पर सुबह के समय एक सायरन बजाया गया, जिसमें हजारों लोगों को नदी के जलस्तर में वृद्धि तथा भारी बारिश के कारण नदी के उफान पर आने की स्थिति में वहां से निकलने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी गई। तट रक्षक ने बताया कि मनीला के दक्षिण में स्थित कैविटे प्रांतों और देश के मध्य क्षेत्र में स्थित उत्तरी समर में तट रक्षक कर्मियों ने बाढ़ में फंसे दर्जनों ग्रामीणों को बचाने और बाहर निकालने के लिए नावों और रस्सियों का प्रयोग किया।

# रूस ने ड्रोन, क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल से कीव पर हमले किए: यूक्रेनी वायु सेना

एजेंसी ■कीव

यूक्रेन की वायु सेना ने सोमवार को सुबह बताया कि रूस ने कीव और संभवतः अन्य शहरों को निशाना बनाकर ड्रोन, क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल से बड़े पैमाने पर हमले किए हैं। सोमवार को तड़के यूक्रेन की राजधानी कई विस्फोटों से दहल उठी, जिससे निवासियों को बम रोधी आश्रयों में शरण लेनी पड़ी। कीव के मेयर विताली क्लित्स्को ने कहा कि कीव के होलोसिव्स्की और सोलोमिंस्की जिले में आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। उन्होंने बताया कि शेवशेनकिव्स्की जिले में मलबे के नीचे दबने से एक व्यक्ति के जख्मी होने की सूचना है। हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख आंद्री यरमाक ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा, हर चीज का जवाब मिलेगा। दुश्मन को इसका एहसास होगा। वायु सेना के अनुसार, रूस ने कीव को निशाना बनाकर कई क्रूज मिसाइल के साथ बैलिस्टिक मिसाइल दागीं और कुछ ड्रोन हमले भी किए। कीव के नगर सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा कि यूक्रेन की राजधानी और इसके उपनगरों को निशाना बनाकर 10 से अधिक क्रूज मिसाइलों, करीब 10 बैलिस्टिक मिसाइलों और एक ड्रोन से हमला किया गया, जिसे यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने नष्ट कर दिया। यूक्रेन के मीडिया के अनुसार, देश के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में भी धमाका हुआ। खारकीव क्षेत्र के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने पुष्टि की कि तड़के खारकीव के इंडस्ट्रियल्नी जिले पर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि हमले के कारण एक आवासीय इमारत और कई अन्य इमारतों में आग लग गई। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है जब एक दिन पहले ही कई रूसी क्षेत्रों को निशाना बनाकर दागे गए यूक्रेन के 158 ड्रोन को रूस की सेना द्वारा मार गिराए जाने तथा नष्ट किए जाने की सूचना मिली थी। करीब ढाई साल पहले शुरू जंग में यूक्रेन की ओर से अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक है। कुछ सप्ताह पहले यूक्रेन के सुरक्षा बलों ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था, जिन्हें मॉस्को की सेना अब तक पीछे नहीं धकेल पाई है और रूस ने इसका उचित जवाब देने का संकल्प लिया है।

# इजराइल में आम हड़ताल के कारण करीब पूरे देश में प्रमुख बाजार और प्रतिष्ठान बंद रहे

एजेंसी ■यरूशलम



गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने में विफल रहने के विरोध में इजराइल में सोमवार को आम हड़ताल के आह्वान के कारण करीब पूरे देश में बंद और अन्य तरह का व्यवधान दिखा जिसमें इसका मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई हड्डा भी शामिल है।

हालांकि, कुछ क्षेत्रों में इस आह्वान को नजरअंदाज किया गया जो गहरे राजनीतिक मतभेदों को दर्शाता है। हड़ताल के कारण प्रमुख बाजार और प्रतिष्ठान बंद रहे। गाजा में रविवार की देर रात छह बंधकों के मृत पाए जाने के बाद इजराइल के हजारों लोग शोक और आक्रोष के बीच सड़कों पर उतर गए। पीड़ित परिवारों और अधिकतर लोगों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को दोषी ठहराया और कहा कि लगभग 11 महीने पुराने युद्ध को समाप्त करने के लिए हमास के साथ समझौते के माध्यम से उन्हें जिंदा वापस लाया जा सकता था। लेकिन अन्य लोग हमास पर लगातार सैन्य दबाव बनाए रखने की नेतन्याहू की रणनीति का समर्थन करते हैं। हमास की ओर से सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले के साथ युद्ध शुरू हो गया था।

इजराइल के सबसे बड़े व्यापार संघ हिस्ताद्रुत ने सोमवार को आम हड़ताल का आह्वान किया था, जो युद्ध की शुरुआत के बाद पहली हड़ताल है। इसका उद्देश्य बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा और देश के मुख्य हवाई अड्डे सहित अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को बंद करना या बाधित करना है।अधिकारियों ने बताया कि यमन के हूती विद्रोहियों के संदिग्ध हमले में सोमवार को लाल सागर में एक जहाज को निशाना बनाया गया। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार परिचालन केंद्र (यूकेएमटीओ) ने बताया कि दो मिसाइल या रॉकेट जहाज से टकराए तथा तीसरा विस्फोट जहाज के निकट हुआ। यूकेएमटीओ ने कहा कि जहाज पर कोई हताहत नहीं हुई है और वह अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है।

# रूस में हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए सभी 22 लोगों के शव बरामद



एजेंसी ■मास्को

रूस के सुदूर पूर्व में शनिवार को हुए हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए सभी 22 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। आपातकालीन मंत्रालय के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। हेलीकॉप्टर में मुख्य रूप से पर्यटक सवार थे। मृतकों में चालक दल के सभी तीन सदस्य शामिल हैं। यह हादसा कमचातका क्षेत्र में हुआ जो एक प्राचीन प्रायद्वीप है और वहां कई ज्वालामुखी हैं। वह क्षेत्र अपनी सुंदरता और समृद्ध वन्य जीवन के लिए मशहूर है। शनिवार को 19 यात्रियों और चालक दल के तीन सदस्यों के साथ एक एमआई-8 हेलीकॉप्टर ने वाचकाजेत्स ज्वालामुखी के करीब से उड़ान भरी थी और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर का मलबा अगले दिन मिला। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने आपातकालीन मंत्रालय का हवाला देते हुए कहा कि संभवतः यह हादसा खराब मौसम में कम दृश्यता के कारण हुआ। रूस के शीर्ष कानून प्रवर्तन निकाय की स्थानीय शाखा ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। एमआई-आठ दो इंजन वाला हेलीकॉप्टर है जिसे 1960 के दशक में विकसित किया गया था। इसका रूस समेत कई अन्य देशों में व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है।

**उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0**
**हरदुआगंज तापीय परियोजना**
**कासिमपुर, अलीगढ़**

**ई–निविदा सूचना**

**अधीक्षण अभियन्ता, परिचालन एवं अनुरक्षण मण्डल– चतुर्थ, डी0टी0पी0एस0, एच0टी0पी0एस0, कासिमपुर**

1. **निविदा सं0 ई0टी0–33/परि0एवंअनु0मं0–चतुर्थ/'द'ता0वि0गृ0/वि0अनु0ख0–प्रथम/'द'ता0वि0गृ0/हा0ता0 वि0परि0/2024–26** "दो वर्षों हेतु हरदुआगंज तापीय विद्युत परियोजना कासिमपुर, अलीगढ़, द, ताप विद्युत गृह के मेन प्लाण्ट में पॉवर ट्रान्सफार्मरों की ओवरहॉलिंग/अनुरक्षण, गैसकेट रिप्लेसमेंट तथा ऑयल फिलटरेशन को सम्मिलित करते हुये के कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे http://etender.up.nic.in पर दिनांक 16.08.2024 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू0 33,05,217.00 + जी0एस0टी0 है। कार्य पूर्ण करने की अवधि 24 माह, धरोहर धनराशि रू0 33,100.00 है। ऑन लाइन निविदा भरने की अन्तिम तिथि **18.09.2024 (14:00 बजे तक)** है।
2. **निविदा सं0 ई0टी0–34/परि0 एवं अनु0मं0–चतुर्थ/'द'ता0वि0गृ0/वि0अनु0ख0–प्रथम/'द' ता0वि0गृ0/हा0ता0वि0परि0/2024–26** "दो वर्षों हेतु हरदुआगंज तापीय विद्युत परियोजना कासिमपुर, अलीगढ़, द, ताप विद्युत गृह के 220/132 KV नॉन–स्काडा ऑपरेटेड ए0आई0एस0 स्विचयार्ड का संबन्धित उपकरणों के साथ अनुरक्षण" के कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे http://etender.up.nic.in पर दिनांक 29.08.2024 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू0 13,36,766.00 + जी0एस0टी0 है। कार्य पूर्ण करने की अवधि 24 माह, धरोहर धनराशि रू0 13,400.00 है। ऑन लाइन निविदा भरने की अन्तिम तिथि **01.10.2024 (14:00 बजे तक)** है।
3. **ई–निविदा सं0 ई.टी.– 35/परि0एवंअनु0मं0–IV/'द'ता0वि0गृ0/वि0अनु0ख0– द्वि0/'द'ता0वि0गृ0/2024–26** – 2x250 मे0वा0, हरदुआगंज 'द' ताप विद्युत गृह के इकाई सं0 8 व 9 के मैन प्लान्ट के ई0ओ0टी0 क्रेन तथा होस्ट (कोल हैण्डलिंग प्लान्ट को छोड़कर) का इलैक्ट्रीकल शिफ्ट मैन्टीनेन्स जॉब/स्ट्रीट लाइटिंग एवं लाइटिंग मैन्टीनेन्स का विविध इलैक्ट्रीकल मैन्टीनेन्स के कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे http://etender.up.nic.in पर टेण्डर आई0डी0 सं0 2024_RVUNL_950312_1 के साथ दिनाँक 31.08.2024 को 18:00 बजे प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 39,33,915.00 कार्य की अवधि 02 वर्ष, धरोहर राशि रू0 39,500.00 है। प्रपत्रों को मूल रूप में इस कार्यालय में दिनाँक 03.10.2024 को 16:00 बजे तक जमा करना होगा। ई– निविदा को http://etender.up.nic.in पर अपलोड करने की अंतिम तिथि दिनाँक **01.10.2024 के 14:00 बजे तक** है।
4. **ई निविदा संख्या–36/परि0एवंअनु0मं0–चतुर्थ/'द'ता0वि0गृ0/वि0अनु0ख0–द्वि0/'स'ता0 वि0गृ0/2024–25** "Maintenance of HT and LT Switch Gears Including Electrical Maintenance of ESP of 1x110MW, CTPS, HTPS Kasimpur (Aligarh) जिसे http://etender.up.nic.in पर दिनाँक 03.09.2024 को 18.00 बजे तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की कुल अनुमानित रू0 38,54,030.00 एवं जी0एस0टी0 अतिरिक्त है। धरोहर राशि रुपये 40,000.00 है ऑन लाइन निविदा भरने की अन्तिम तिथि **30.09.2024 को 13.00 बजे तक** है।

**अधीक्षण अभियन्ता, परिचालन एवं अनुरक्षण मण्डल–द्वितीय "द" ताप विद्युत गृह, कासिमपुर**

5. **ईटी– 07/परि0एवंअनु0मं0–II/टी0एम0डी0/24–25,** "टरबाईन अनुरक्षण खण्ड, 'द' ताप विद्युत गृह, कासिमपुर के इकाई संख्या 07, 08 एवं 09 के टरबाईन क्षेत्र की सामान्य सफाई हेतु द्विवार्षिक कार्य" हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे http://etender.up.nic.in पर दिनांक 30.08.2024 को प्रकाशित किया गया। कार्य की अनुमानित लागत रू0 8,88,978.00 है। कार्य की अवधि 02 वर्ष। सन्दर्भित निविदा हेतु धरोहर धनराशि रू0 17800.00 है। ऑन लाइन निविदा भरने की अन्तिम तिथि **01.10.2024 (14:00 बजे तक)** है।

**अधीक्षण अभियन्ता, सामग्री प्रबन्धन मण्डल, हरदुआगंज तापीय परियोजना, कासिमपुर, अलीगढः**

6. **ई० निविदा प्रपत्र संख्याः ET-94/MMC/PD-I/HTPS/2024,** हरदुआगंज तापीय परियोजना, कासिमपुर के लिए "Procurement of 220 KV circuit Breaker and work of dismantling of existing circuit breaker and Erection, Testing and Commissioning of new breaker" की आपूर्ति कराने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे www.uprvunl.org./etender.up.nic.in पर दिनांक 03.09.2024 को 18:00 बजे प्रकाशित किया जायेगा। निविदा की अनुमानित लागतः रू0 32,75,000.00 मात्र है। संदर्भित निविदा की धरोहर राशिः रू0 65,500.00 है। ऑनलाइन ई० निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः **30.09.2024 (14:00)** है।
7. **ई० निविदा प्रपत्र संख्याः ET-95/MMC/PD-I/HTPS/2024,** हरदुआगंज तापीय परियोजना, कासिमपुर के लिए Procurement of L & T make power contactor, auxiliary contactor, thermal overload relay & OMRON make interposing relay for Unilec make panel की आपूर्ति कराने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे www.uprvunl.org./etender.up.nic.in पर दिनांक 03.09.2024 को 18:00 बजे प्रकाशित किया जायेगा। निविदा की अनुमानित लागतः रू0 3,99,780.00 मात्र है। संदर्भित निविदा की धरोहर राशिः रू0 7900.00 है। ऑनलाइन ई० निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः **30.09.2024(14:00)** है।
8. **ई० निविदा प्रपत्र संख्याः ET-96/MMC/PD-I/HTPS/2024,** हरदुआगंज तापीय परियोजना, कासिमपुर के लिए Procurement of fuses to be used in various panels pertaining to LV/MV Switchgear of BTG Area of 1X660 MW, ETPS, HTPS की आपूर्ति कराने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे www.uprvunl.org./etender.up.nic.in पर दिनांक 03.09.2024 को 18:00 बजे प्रकाशित किया जायेगा। निविदा की अनुमानित लागतः रू0 3,41,311.00 मात्र है। संदर्भित निविदा की धरोहर राशिः रू0 6800.00। ऑनलाइन ई० निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः **30.09.2024 (14:00)** है।

नोट– ई निविदा ईटी–94/ईटी–95/ईटी–96 में भाग लेने हेतु अर्हताः केवल प्रतिष्ठित निर्माताओं/उनके द्वारा अधिकृत विक्रेता ही इस टेन्डर में भाग ले सकते है।
नोट–ई–निविदा में भाग लेने हेतु अर्हताः केवल प्रतिष्ठित निर्माताओं/उनके द्वारा अधिकृत विक्रेता ही इस टेन्डर में भाग ले सकते है। कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्तें ई–निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से संबन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाइट पर डाली जायेगी अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखते रहना चाहिए। निविदादाताओं द्वारा निविदा की कागजी प्रति (हार्ड कॉपी) लिफाफे में रखकर जिसके ऊपर निविदा संख्या अंकित कर नियत तिथि समय से पूर्व सम्बन्धित कार्यालय में जमा करने होंगे। निविदा आमन्त्रण अधिकारी को बिना किसी कारण बताये निविदा को अस्वीकार/निरस्त करने का पूरा अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**अधीक्षण अभियन्ता (मु0)**

पत्रांक 41/अधी0अभि0(मु0)/विज्ञापन/कैम्प–1(37)/24 दिनांकः 31/08/2024

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

## फिल्म महोत्सव

*फिल्म 'द ब्रूटलिस्ट' के मुख्य कलाकार वेनिस में चल 81वें अंतर्राष्ट्रीय वेनिस फिल्म महोत्सव के दौरान फोटोकॉल के लिए पोज देते हुए। फोटोः एजेंसी*




# अमेरिका के हवाई में एक व्यक्ति ने पड़ोसी के घर पर गोली चलाकर तीन लोगों की हत्या की

एजेंसी ■होनोलूलू

अमेरिका के हवाई में शनिवार की रात पड़ोसियों के बीच विवाद के कारण हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। हमलावर को भी एक स्थानीय व्यक्ति ने गोली मार दी, जिसे गैर इरादतन हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

होनोलूलू पुलिस जासूस लेफ्टिनेंट दीना थोएम्स ने बताया कि, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 58 वर्षीय एक व्यक्ति ने फ्रंट-एंड लोडर मशीन का उपयोग करके कारों को टक्कर मारते हुए उस घर में प्रवेश किया जहां एक पारिवारिक समारोह हो रहा था। थोएम्स के अनुसार उस व्यक्ति ने घर पर जमा हुए लोगों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिससे वैनानाई की रहने वाली तीन महिलाओं की मौत हो गई। वैनानाई, होनोलूलू शहर के पश्चिम में करीब 48 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। उन्होंने एक पत्रकार वार्ता में बताया कि, उसी समय घर में रहने वाले 42 वर्षीय व्यक्ति ने उस संदिग्ध को गोली मार दी। पुलिस प्रवक्ता ने स्थानीय निवासी को गिरफ्तार किए जाने के कारण के बारे में पूछने पर तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। थोएम्स ने बताया कि मरने वाली महिलाओं की उम्र 34, 36 और 29 साल थी। उन्होंने बताया कि 31 वर्षीय एक पुरुष और 52 वर्षीय एक महिला को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया।

## वार्ता

### बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में जल संसाधन मामलों की सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन ने कहा है

# तीस्ता संधि पर भारत से वार्ता शुरू करने की इच्छुक है बांग्लादेश

एजेंसी ■ढाका



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में जल संसाधन मामलों की सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन ने कहा है कि सरकार तीस्ता जल बंटवारा संधि पर भारत के साथ बातचीत फिर से शुरू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि ऊपरी तटवर्ती और निचले तटवर्ती देशों को जल बंटवारे पर अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का पालन करना चाहिए।

ढाका में पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में हसन ने भरोसा जताया कि भारत के साथ तीस्ता संधि एवं अन्य जल बंटवारा संधियों पर विवाद को बातचीत के जरिए सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझा लिया जाएगा लेकिन उन्होंने सुझाव दिया कि अगर किसी समझौते पर नहीं पहुंचा जा सका तो बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय वैधानिक दस्तावेजों और सिद्धांतों पर विचार कर सकता है। उन्होंने रविवार को एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा से कहा, मैंने (बांग्लादेश में) सभी संबंधित पक्षकारों से तीस्ता जल बंटवारा मुद्दे पर चर्चा की है। चर्चा में हम इसी नतीजे पर पहुंचे कि तीस्ता संधि के संबंध में हमें प्रक्रिया और संवाद को फिर से शुरू करने की आवश्यकता है। हमें गंगा संधि पर भी काम करना है जिसकी मियाद दो साल में पूरी होने वाली है।

उन्होंने कहा, दोनों पक्ष सहमत हैं और तीस्ता जल-बंटवारा संधि का मसौदा तैयार है। लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के विरोध के कारण समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो पाया। तथ्य यही है कि हम समझौते को अंतिम रूप नहीं दे पाए। इसलिए हम समझौते के मसौदे के साथ उस बिंदु से शुरुआत करेंगे और भारत से आगे आकर वार्ता प्रक्रिया को पुनः आरंभ करने का आग्रह करेंगे।

भारत और बांग्लादेश तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की 2011 में ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारा संधि पर हस्ताक्षर करने वाले थे लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इस पर सहमति देने से इनकार कर दिया। सैयदा ने कहा, हम सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने का प्रयास करेंगे। चूंकि यह एक अंतरराष्ट्रीय जल मुद्दा है, इसलिए यह अन्य देशों के कानूनी अधिकार के विचार से भी संबंधित है। अतः कितना पानी उपलब्ध है और क्या यह पर्याप्त है, यह हमारे लिए स्पष्ट नहीं है। यहां तक कि अगर बहुत कम पानी उपलब्ध है, तो अंतरराष्ट्रीय साझाकरण मानदंडों के कारण बांग्लादेश को नदी से जल का प्रवाह जारी रहना चाहिए।

# गायिका एडेल ने संगीत की दुनिया से अल्पविराम लेने की घोषणा की

**लॉस एंजिलिस।** गायिका-गीतकार एडेल ने म्यूनिख में अपने कार्यक्रम के दौरान संगीत की दुनिया से अल्पविराम लेने की घोषणा की। गायिका ने कहा कि उन्हें थोड़े समय आराम की जरूरत है और पिछले तीन वर्षों में उन्होंने जो भी शो किए हैं, उन्हें वह याद करेंगी। दो अगस्त से 31 अगस्त के बीच जर्मनी में 10 शो करने वालीं ब्रिटिश गायिका दर्शकों को अपने आगामी अल्पविराम के बारे में बताते हुए भावुक हो गईं। एनएमई की खबर के मुताबिक, कल रात म्यूनिख रेजिडेंसी में उनका अंतिम प्रदर्शन हुआ।

## एक नजर

## प्रज्ञान पब्लिक स्कूल की टीम ने अंतर विद्यालय जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते




**वैभव न्यूज ■ जहांगीरपुर**

प्रज्ञान पब्लिक स्कूल जेवर के छात्रों ने 34 वीं अंतर्विद्यालय जिला ताइक्काँडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर 16 स्वर्ण, एक रजत एवं एक काँस्य पदक जीत विद्यालय का नाम रोशन किया है। नोएडा के एस्टर पब्लिक स्कूल में आयोजित 34 वीं ताइक्काँडो चैंपियनशिप में प्रज्ञान पब्लिक स्कूल के ताइक्काँडो प्रशिक्षक नौशाद सैफी के निर्देशन में विद्यालय की ताइक्काँडो टीम ने हिस्सा लिया। टीम ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए छात्र विनय भाटी, दक्ष वर्मा,हार्दिक,मयंक ,प्रशांत,अंशु, शिवम, गोविंद, अंश, विराट, अनिरुद्ध ,शिवम शर्मा , प्रशांत,देव मोहम्मद अनस ने स्वर्ण पदक, काव्यांश ने रजत और नकुल ने काँस्य पदक जीत विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। अंतर्विद्यालय जिला ताइक्काँडो चैंपियनशिप में छात्रों के शानदार प्रदर्शन करने पर विद्यालय के प्रबन्धक हरीश कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्या दीप्ति शर्मा ने खुशी व्यक्त करते छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और ताइक्काँडो प्रशिक्षक नौशाद सैफी को बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष गजेंद्र सिंह यादव एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षको ने खुशी व्यक्त कर सभी छात्रों को शुभकामनाएँ दीं ।

## भारतीय किसान यूनियन संघ शक्ति की बैठक में संगठन विस्तार किया गया



**वैभव न्यूज ■ जहांगीरपुर**

भारतीय किसान यूनियन संघ शक्ति की बैठक में सैकड़ों लोगों को संगठन का पदाधिकारी मनोनीत कर संगठन की मजबूती पर बल दिया।किसान नेता जिले सिंह की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता इंदर नागर के संचालन में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय पहलवान ने सर्व सम्मति से अवतार भाटी को युवा मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष, नवनीत भाटी को युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, गायिका पूनम त्यागी को महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय पहलवान राजिया बानो को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष इसके अलावा दिल्ली, हरियाणा, गाजियाबाद, नोएडा, दादरी आदि मे सैकड़ों लोगों को विभिन्न पदों पर मनोनीत किया गया।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन में लाखों लोगों को जोड़कर जल्द ही गरीब, मजदूर और किसानों की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी तथा टोल टैक्स की मनमानी के विरुद्ध आंदोलन किया जाएगा। बैठक में नव नियुक्त पदाधिकारियों का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील भाटी,राष्ट्रीय मुख्य महासचिव ऊधम भाटी, राष्ट्रीय महासचिव हरेन्द्र नागर, एनसीआर अध्यक्ष राहुल शर्मा, रौकी नागर,विनीत नागर, सौरव नागर, बॉबी, विकास आदि ने जोरदार स्वागत किया।

## अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पितरों का किया श्राद्ध



**वैभव न्यूज ■ अनूपशहर**

भाद्रपद अमावस्या पर छोटी काशी अनूपशहर में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगा पुण्य लाभ अर्जित किया। स्नान उपरांत श्रद्धालुओं ने पूर्वजों की आत्मा शांति के लिए पुरोहितों से श्राद्ध कर्म संपन्न करा गंगा में दीप प्रज्वलित किया।

भाद्रपद अमावस्या पर दूर-दराज से आस्था की नगरी में आए श्रद्धालुओं ने नगर के मस्तराम घाट, परशुराम घाट, लाल महादेव घाट, पुल के दोनों ओर बने अस्थाई घाटों पर भोर होते ही गंगा में डुबकी लगा पुण्य अर्जित किया। एक दिन पूर्व से ही गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं का नगर में आना प्रारंभ हो गया था। स्नान उपरांत श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर ही पुरोहितों से विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये पितरों को समर्पित अमावस्या का सनातन धर्म में विशेष महत्व माना जाता है, अमावस्या पर गंगा स्नान करने मात्र से वंश वृद्धि, पितृ, कालसर्प दोष व दिवंगत आत्मा को मुक्ति मिल जाती है। इसी मान्यता के चलते श्रद्धालुओं ने अपने पितरों का आह्वान कर विधि विधान से श्राद्ध कर्म संपन्न किए। कुछ श्रद्धालु दीपक को थाली में सजाकर गंगा मैया की आरती करते नजर आए तो कुछ अपने घर से बनाकर लाए लड्डू, पेड़ा तथा भोजन, दूध का गंगा मैया को भोग लगाकर प्रसाद वितरण कर स्वयं प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। सांय के समय दिवंगत पूर्वजों की आत्मा शांति के लिए श्रद्धालुओं ने गंगा में दीपदान किया।

# नगरायुक्त चौहान को सीनियर सिटीजन ने किया सम्मानित

**वैभव न्यूज ■ सहारनपुर**

➲ नवम्बर तक शहर का चप्पा-चप्पा होगा आईसीसीसी की नज़र में



शहर का चप्पा-चप्पा इंटेग्रेटेड कमांड कन्ट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) के जरिये नवंबर तक प्रशासन की नजर में होगा। सुरक्षा, यातायात तथा रोड नेटवर्क आदि सब व्यवस्थाएं प्रशासन की निगरानी में होगी। नगरायुक्त संजय चौहान ने शहर के सीनियर सिटीजन के साथ बैठक में कही।

उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी के तहत शहर में करीब साढ़े आठ सौ कैमरों के जरिये यह कार्य सम्पन्न होगा, अधिकांश कैमरों ने काम करना शुरु कर दिया है लेकिन अण्डर ग्राउण्ड केबलिंग में थोड़ा विलम्ब के कारण कुछ कैमरे अभी एक्टिव नहीं हो सके हैं, नवम्बर तक सब कैमरे काम करना शुरु कर देंगे। उन्होंने कहा कि इससे महिला सुरक्षा तथा रोड नेटवर्क पर नजर रखने के अलावा यातायात का उल्लंघन करने वालों के ई-चालान कर यातायात नियंत्रण तो किया ही जायेगा, साथ ही अन्य कई व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा सकेगा। पदाधिकारियों आरके जैन, राजेंद्र भटनागर, एसएस राठी, विनय राय, आरके हांडा, वीरेन्द्र बहल, संदीप गुप्ता व अवधेश मित्तल आदि ने नगरायुक्त संजय चौहान को शॉल ओढ़ाकर और मानपत्र देकर अभिनंदन किया। अपर नगरायुक्त मृत्युंजय का भी अभिनंदन किया। नगरायुक्त ने कहा कि शहर में अतिक्रमण कम, शहर अव्यवस्थित ज्यादा है। शहर को व्यवस्थित करने की दिशा में नगर निगम काम कर रहा है। रेहड़ियों-ठेलियों के लिए वैंडिंग जोन, थ्री व्हीलर खड़े होने के लिए निर्धारित स्थान तथा आम लोगों के लिए पार्किंग स्थल आदि कई ऐसी चुनौतियां हैं जिनका समाधान निकालना है। बताया कि 15 प्रतिशत सीवर लाइन सन् 1959 की पड़ी है और 55-60 प्रतिशत शहर ऐसा है जहां सीवर लाइन ही नहीं है। उन्होंने बताया कि अमृत योजना के तहत शहर का चयन हुआ है। सीवर समस्या के समाधान के लिए बड़े पैमाने पर इन्टेग्रेटेड सीवर सिस्टम डवलप करने का प्रयास है, लेकिन इसके लिए अनेक स्तर पर चुनौतियां है, जिन्हें दूर करने में समय लगेगा। बैठक में मदनलाल जैन, नरेंद्र सिंह, अरविंद त्यागी, ब्रजमोहन सिंघल आदि सीनियर सिटीजन भी शामिल रहे।

## गेट खुलवाने को लेकर छात्राओं को करनी पड़ी मशक्कत



**अलीगढ़।** मामला अलीगढ़ जिले के मडराक विकास खंड कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का है, जहाँ की छात्राओ ने बताया कि स्कूल की अध्यापिका संगीता शर्मा छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार करती है। छात्राओं ने बताया कि अध्यापिका के द्वारा छात्राओं के कमरे में अनजान लड़कों को भेजती है। और खाने-पीने को भी नहीं देती। छात्राओ का कहना है कि छात्राओं को अध्यापिका के हाथ पैर दबाने पड़ते है। छात्राओ ने जब इस बात की शिकायत अपने माता-पिता से की तो माता-पिता भी स्कूल पहुंच गए और छात्राओ को लेकर स्कूल की अध्यापिका से बात करनी चाही, लेकिन स्कूल की अध्यापिका ने स्कूल का गेट बंद कर दिया और शिकायत करने वाली छात्राओ को भी गेट से बाहर निकाल दिया। छात्राओ को गेट खुलवाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। छात्राओ ने बताया कि 15 अगस्त को बांटने के लिए लाए गए लड्डुओं को भी अध्यापिका ने बाहर फिकवा दिया और किसी बच्चे को नहीं बांटे। इस पूरे मामले में जब स्कूल की अध्यापिका से बात करने की कोशिश की गई तो स्कूल की अध्यापिका ने कैमरे के आगे आने से खुद को बचाया और स्कूल के ऑफिस का गेट लगा लिया। इस पूरे मामले में छात्राओं के माता-पिता ने भी स्कूल की अध्यापिका पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अब देखना यह होगा कि स्कूल के अध्यापिका के खिलाफ संबंधित शिक्षा विभाग किस तरह की कार्रवाई करता है।

## नगर निगम के अधिकारियों ने अग्रसेन चौक से हटवाया अतिक्रमण

**वैभव न्यूज ■ सहारनपुर**



नगर निगम ने कोर्ट रोड़ (घण्टाघर से कचहरी पुल तक), रेलवे रोड़, जीपीओ रोड़, रोडवेज बस स्टैंण्ड व अग्रसेन चौक पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान एक दर्जन से ज्यादा दुकानों के होर्डिंग, बोर्ड,कुर्सी, रैक आदि सामान जब्त कर नगर निगम लाया गया। नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर अपनी पूर्व घोषणा के मुताबिक अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में आज दोपहर जैसे ही अतिक्रमण हटाओ दस्ता के रेलवे रोड व बस स्टैण्ड पहुंचने पर हड़कम्प मच गया।

अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने दुकानदारों को पुनः समझाया कि वे अपना सामान सड़क पर न रखे। उन्होंने चेतावनी दी कि आज केवल सामान जब्त किया गया है, जुर्माना नहीं लगाया गया है, लेकिन यदि कल भी सामान सड़क पर पाया गया तो सामान जब्त करने के साथ ही भारी जुर्माना भी लगाया जायेगा। सुधीर शर्मा ने बताया कि अभियान जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व प्रवर्तन दल के जवान भी शामिल रहे।

## कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव पेंच



**वैभव न्यूज ■ अनूपशहर**

स्थानीय मौहल्ला मदार गेट में आयोजित कुश्ती के दंगल मे विभिन्न जनपदों से आये पहलवानों ने अपने दाव पेच दिखा युवाओं में जोश भर दिया। मौहल्ला मदार गेट स्थित सोहम बाबा आश्रम के निकट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल का शुभारंभ सपा नेता शेख रईस, कांग्रेस जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव, रालोद जिला सचिव इकबाल पठान ने फीता काटकर किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कुश्ती भारत का पुरातन खेल है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती खेल युवा अपने करियर के साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से अपने को मजबूत बना सकते है। कमेटी के आयोजक इंदल गिहारा ने बताया कि दंगल में अनूपशहर, बुलंदशहर, सुतारी, जहांगीराबाद, जिझोड़ा, अमरोहा, गजरौला, संभल आदि जनपदों से आये पहलवानों ने भाग लिया। इस अवसर पर बाबा मनोज नाथ, रमन लाल, गुल्लू मालिक, पप्पू मालिक, राजा, हबीब आदि का योगदान रहा।

## महिला ने लगाई फांसी, पति-सास बच्चों को लेकर फरार

**मेरठ।** पति से विवाद होने पर एक महिला ने दुपट्टे का फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस महिला की सास के घर पहुंची तो वह बच्चों को लेकर फरार हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्रवाई में जुट गई है। जिला बुलंदशहर के जहांगीराबाद निवासी भरत सैनी अपनी पत्नी मानसी सैनी और एक बेटा व बैटी के साथ ब्रह्मपुरी के प्रताप विहार में रहता है। पुलिस के अनुसार, भरत सैनी ने दो महीने पहले ही यहां फ्लेट खरीदा था। उसकी मां सरस्वती लोक में रहती है। भरत सैनी ई-रिक्शा चलाता है और उसकी पत्नी एक निजी स्कूल में कार्य करती थी। शनिवार की रात में दंपती के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। रविवार सुबह भरत ई-रिक्शा लेकर घर से चला गया था।

# स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी में अवैध रूप से चल रहा नर्सिंग होम सील, एक को नोटिस

**वैभव न्यूज ■ खुरजा**




➲ एसडीएम ने जांच रिपोर्ट स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों के साथ प्रशासनिक उच्चाधिकारियों को भेजी थी, बताया जाता है।

कोतवाली खुरजा नगर क्षेत्र मे ग्राम किला मेवई रोड नाले की पटरी पर अवैध रूप से चल रहे सीएचसी के चौकीदार के नर्सिंग होम पर छापामारी कर जांच टीम ने उक्त नर्सिंगहोम सील कर दिया है साथ ही दूसरे नर्सिंग होम की जांच शुरू की है,

अभी हाल ही मे अस्पताल मे सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर अवैध वसूली कर घोटाला किये जाने की शिकायत पर एसडीएम दुर्गेश सिंह ने जांच मे सेठ सूरजमल जटिया सरकारी अस्पताल के चौकीदार संजय का नाम प्रकाश मे आया था एसडीएम ने जांच रिपोर्ट स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों के साथ प्रशासनिक उच्चाधिकारियों को भेजी थी, बताया जाता है कि इसी कड़ी मे सीएमओ द्वारा गठित विभागीय टीम ने सोमवार को नगर से सटे ग्राम किला मेवई स्थित नाले की पटरी से लगे बने उक्त अस्पताल के चौकीदार संजय के अवैध नर्सिंग होम माँ ममता अस्पताल पर छापामारी की, बताया जाता है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पत्रज़ात तलब किये तो अस्पताल संचालक भवन का नक्शा, प्रदूषण एवं फायर बिग्रेड विभाग का प्रमाण पत्र नही दिखा सका,आरोप है कि उक्त नर्सिंग होम संचालक अवैध रूप से अस्पताल मे डिलीवरी व अबार्शन कर मोटी कमाई कर रहा था तथा मानको को ताक पर रख जच्चा बच्चों के जीवन से खिलवाड़ कर रहा था, स्वास्थ्य महकमे की टीम ने उक्त अस्पताल सील कर एक अन्य ऐसे ही नर्सिंगहोम को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है, एसडीएम की सखूती और स्वास्थ्य महकमे की इस कार्यवाही से गली मौहल्लो मे कुकरमुत्तो की तरह अवैध रूप से संचालित नर्सिंगहोम संचालको मे हड़कंप मचा हुआ है, मालूम हो कि ज़ेवर अड्डा पर मुख्य डाकघर के सामने भी ऐसा ही मानक के विपरीत ओम हॉस्पिटल खुलेआम धड़ल्ले से चल रहा है,

## भाजपा नेता और व्यापार संघ अध्यक्ष की अवैध कॉलोनी को मेडा ने कराया ध्वस्त, हंगामा




**वैभव न्यूज ■ मेरठ**

मेरठ विकास प्राधिकरण ने आज सुबह शहर की एक अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। टीम ने भारी विरोध प्रदर्शन के बावजूद ये कार्रवाई कराई। इस दौरान व्यापारियों और अधिकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई। मेरठ विकास प्राधिकरण (मेडा) के प्रवर्तन दल ने सोमवार सुबह शहर के कंकरखेड़ा क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही व्यापारी की कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान काफी संख्या में इकट्ठा हुए व्यापारियों ने विरोध किया, लेकिन भारी संख्या में पुलिस बल और प्रवर्तन दल की टीम के आगे उनकी एक न चली। इससे पहले भी तीन महीने पहले ध्वस्तीकरण का विरोध होने के कारण बीच में ही कार्रवाई रुक गई थी। मेरठ विकास प्राधिकरण (मेडा) के प्रवर्तन दल ने सोमवार सुबह शहर के कंकरखेड़ा क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही व्यापारी की कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान काफी संख्या में इकट्ठा हुए व्यापारियों ने विरोध किया, लेकिन भारी संख्या में पुलिस बल और प्रवर्तन दल की टीम के आगे उनकी एक न चली। इससे पहले भी तीन महीने पहले ध्वस्तीकरण का विरोध होने के कारण बीच में ही कार्रवाई रुक गई थी।

## श्री खेरेश्वर महादेव मंदिर में ऐतिहासिक देवछट मेला का आयोजन 9 से 18 सितंबर तक




**वैभव न्यूज ■ अलीगढ़**

सिद्धपीठ श्री खेरेश्वर धाम मन्दिर खैर रोड पर श्री सिद्धपीठ खेरेश्वर धाम दाऊजी महाराज सेवा समिति द्वारा प्राचीन ऐतिहासिक लक्खी मेला देवछट 2024 का आयोजन 9 सितंबर से 18 सितंबर 2024 तक होने जा रहा है। मेले में प्रतिदिन श्री कृष्ण लीला/ रासलीला,विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम,रसिया दंगल, रागिनी, देवी जागरण,कुश्ती दंगल, कब्बडी, प्रतियोगिताएं का आयोजन किया जाएगा। मेले का शुभारंभ 9 सितंबर को 6 बजे होगा। मेला समिति अध्यक्ष डॉ ऐदल सिंह व महामंत्री प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मेले का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह, सांसद सतीश गौतम,सांसद अनूप प्रधान, इगलास विधायक राजकुमार सहयोगी,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक गोविंद जी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह द्वारा दाऊजी महाराज का पूजन कर होगा। मेला समिति कोषाध्यक्ष सुमेर सिंह ने बताया कि यह मेला प्राचीन काल से लगता चला आ रहा है आसपास के शहरी,ग्रामीण क्षेत्र के लोग, बच्चे, महिलाएं मेले में आते हैं। वही मेला प्रभारी मुकेश राजपूत ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई दाऊजी महाराज का जन्मोत्सव के रूप में मेले का आयोजन किया जाता है।

## मेला गुघाल का ठेका तीन करोड़ 7 लाख में और महाड़ी का ठेका 30 लाख 11 हजार रुपए में छूटा

**वैभव न्यूज ■ सहारनपुर**

मेला गुघाल का ठेका इस वर्ष गत वर्ष के मुकाबले 37 लाख रुपये अधिक में छोड़ा गया है। गत वर्ष मेला गुघाल का ठेका दो करोड़ 70 लाख रुपये में छोड़ा गया था जबकि इस वर्ष तीन करोड़ सात लाख 80 हजार 360 रुपये में छोड़ा गया है।

अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि निगम की आय में गत वर्षो के मुकाबले मेला गुघाल ठेके से इस वर्ष 37 लाख रुपये से अधिक की आय हुई है। इस वर्ष मेला गुघाल ठेका तीन करोड़ सात लाख 80 हजार 360 रुपये में सहारनपुर की ही फार्म को छोड़ा गया है। अपर नगरायुक्त ने बताया कि महाड़ी के ठेके से भी इस वर्ष करीब साढ़े तीन लाख रुपये की अधिक आय हुई है। उन्होंने बताया कि महाड़ी का ठेका गत वर्ष 26 लाख 51 हजार रुपये में छोड़ा गया था जबकि इस वर्ष 30 लाख 11 हजार एक सौ रुपये में छोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि नगरायुक्त संजय चौहान नगर निगम की आय बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं उनके दिशा निर्देशन में मेला गुघाल ठेके की निविदा प्रक्रिया बड़ी पारदर्शिता के साथ पूरी की गयी।

## रतन प्रेम डीएवी कन्या इंटर कॉलेज एवं रघुवीर सहाय इंटर कॉलेज में उपचारात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**वैभव न्यूज ■ अलीगढ़**



रतन प्रेम डीएवी कन्या इंटर कॉलेज एवं रघुवीर सहाय इंटर कॉलेज अलीगढ़ में माध्यमिक स्तर की कक्षा 9 व 10 और 11 व 12 से सम्बन्धित विषय विज्ञान , भौतिक विज्ञान ,रसायन विज्ञान ,जीव विज्ञान,अंग्रेजी विषय की उपचारात्मक प्रशिक्षण का कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नन्द, सहायक वित्त लेखा अधिकारी रामवीर सिंह ,प्रधानाचार्य प्रियंका चौरसिया के निर्देशन में मंडल स्तरीय मास्टर ट्रेनर राजीव कुमार अग्रवाल ,हर्षी गुप्ता, चित्रा सिंह , बुशरा जाफरी , सत्यवीर सिंह और जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर प्रियंका चौरसिया कहा कि सभी बच्चों को एक साथ लेकर चलने की आवश्यकता है कुछ बच्चे जल्दी सीख जाते हैं ,कुछ बच्चे देर से सीखते हैं इसलिए हम सभी शिक्षकों को सरलतम तरीके से बच्चों को आसानी समझाने का प्रयास करना चाहिए। मंडल स्तरीय मास्टर ट्रेनर राजीव कुमार अग्रवाल ने संबोधन में कहा की गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण हेतु समय पालन एवं मॉड्यूल पूर्ण करके इसको श्रद्धा एवं समर्पण के साथ विद्यालय के उपचारात्मक बालकों की पहचान कर अधिगम अंतराल को दूर कर विद्यालय का समग्र विकास करना है।

## नैमिषारण्य में गोमती नदी किनारे नए घाट का निर्माण कराने जा रही सरकार



वैभव न्यूज़ ■लखनऊ

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए संकल्पित योगी सरकार सीतापुर जिसे स्थित नैमिषारण्य धाम में पर्यटन विकास और गोमती नदी किनारे स्थित घाटों के सौंदर्यीकरण पर विशेष रूप से फोकस कर रही है। 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि में विख्यात नैमिष तीर्थ क्षेत्र वही पुण्य क्षेत्र है जहां महर्षि वेदव्यास द्वारा 4 वेद, 6 शास्त्र, 18 पुराण, श्रीमद्भगवद्गीता, महाभारत महाकाव्य और श्री सत्यनारायण व्रत कथा की रचना इसी की गई थी। नैमिषारण्य का धार्मिक महत्व कितना ज्यादा है इसका पता इसी बात से चलता है कि चार धाम की यात्रा भी नैमिषारण्य के दर्शन किए बिना अधूरी मानी जाती है। यही कारण है कि काशी, अयोध्या, मथुरा, वृन्दावन, ब्रज क्षेत्र तथा विंध्य तीर्थ क्षेत्र के विकास के साथ ही योगी सरकार अब नैमिषारण्य में भी कई परियोजनाओं को पूर्ण करने पर फोकस कर रही है। इसी क्रम में, नैमिषारण्य के विभिन्न घाटों के सौंदर्यीकरण व पर्यटन विकास की गतिविधियों को बढ़ाने के साथ ही अब गोमती नदी किनारे एक नए घाट का निर्माण भी कराने जा रही है। यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को इस कार्य का जिम्मा सौंपा गया है और माना जा रहा है कि वर्षा अवधि के अतिरिक्त 12 महीनों में इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।

**राजघाट तथा दशाश्वमेध घाट के बीच होगा नए घाट का निर्माण**

सीएम योगी के विजन अनुसार प्रदेश के सभी तीर्थ क्षेत्रों के विकास को लेकर एक बड़ी कार्ययोजना का निर्माण किया गया था। इसी कार्ययोजना के अंतर्गत नैमिष तीर्थ क्षेत्र में नए घाट के निर्माण, पुराने घाटों के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण व पर्यटन विकास के कार्यों को गति दी जाएगी। ऐसे में, परियोजना के अंतर्गत जिस नए घाट का निर्माण नैमिष तीर्थ क्षेत्र में होना निश्चित हुआ है वह राजघाट से दशाश्वमेध घाट के बीच स्थित होगा।

**पक्के घाट का होगा निर्माण**

परियोजना के अंतर्गत, राजघाट से दशाश्वमेध घाट के बीच निर्धारित क्षेत्र में गोमती नदी किनारे पक्के घाट का निर्माण कराया जाएगा और पर्यटन विकास की सुविधाओं से भी इसे युक्त किया जाएगा। कार्य को 4.27 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को इस कार्य को पूरा करने के लिए कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी के निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है सितंबर माह के भीतर ही निर्माण कार्य शुरू हो सकता है।

## सोनभद्र की पुलिस लाइन भी हुई आईएसओ सर्टिफाइड

वैभव न्यूज़ ■वाराणसी

उत्तर प्रदेश पुलिस अब अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर भी खरी उतर रही है। सीएम योगी के विजन में अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का पालन करने वाली यूपी पुलिस स्मार्ट पुलिसिंग को बढ़ावा देने के साथ ही रिस्पॉन्सिबल व रिलायबल अप्रोच के कारण नए प्रतिमान गढ़ रही है। इसी क्रम में एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए सोनभद्र की पुलिस लाइन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का आईएसओ सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है। सोनभद्र पुलिस लाइन अब पूर्वांचल की पहली आईएसओ-9001ः2015 प्रमाणित पुलिस लाइन बन गई है। इसे बेहतर प्रबंधन,प्रशिक्षण, सेवाओं व सुविधाओं के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन आईएसओ - 9001ः2015 का प्रमाण पत्र मिला है। उल्लेखनीय है कि कमीश्नरेट गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) उत्तर प्रदेश का पहला आईएसओ-9001ः2015 प्रमाणित कमिश्नरेट पहले ही बन चुका है और सोनभद्र के रूप में पुलिस विभाग को प्राप्त हुआ सर्टिफिकेशन स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में सीएम योगी के विजन के क्रियान्वयन को दर्शाता है। मुख्यमंत्री जनता के प्रति जवाबदेही, पारदर्शिता और जीरो टॉलरेंस नीति में आईएसओ-9001ः2015 सर्टिफिकेशन मील का पत्थर साबित होगा। यह कार्यों की समयबद्धता को सुनिश्चित करता है। स्टैंडर्ड ऑपेरेटिंग प्रोसिजर्स, मानव प्रबंधन, बेहतर कार्यस्थल और मूलभूत सुविधाओं के बेहतर होने से पुलिस की कार्य क्षमता आदि बढ़ेगी जिसका लाभ सीधे उत्तर प्रदेश की जनता और कानून व्यवस्था को मजबूत रखने में मिलेगा। इससे पुलिस के अधिकारियों व जवानों को भी इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड की सुविधा प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह ने बताया कि पुलिस लाइन में शारीरिक फिटनेस के लिए जिम, खेल परिसर, केंद्रीय पुलिस कैंटीन, परिवहन शाखा, शस्त्रागार, प्रशिक्षण ग्राउंड, वर्दी स्टोर, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय, जनरल डायरी कार्यालय, गणना कार्यालय की सेवायें प्रदान करना व पुलिस कर्मियों के रहने के साफ सुन्दर व मूलभूत सुविधाओं से युक्त आदर्श बैरकों का मूल्यांकन आईएसओ की टीम द्वारा किया गया। पुलिस लाइन की सुविधाओं को आईएसओ (इंटरनेशनल आर्गेनाइजेशन फॉर स्टैंडर्डाइज़ेशन) के मानकों के अनुरूप पाया गया जिस पर पुलिस लाइन चुर्क को अगस्त 2024 में आईएसओ-9001:2015 का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। उत्तर प्रदेश के डायरेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस प्रशांत कुमार ने सोनभद्र पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि सोनभद्र पुलिस को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिल गई है।

# 'रूल ऑफ लॉ' ने बदला उत्तर प्रदेश का परसेप्शनः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## सीएम योगी ने कहाः स्मार्ट पुलिसिंग से प्रशस्त होगी कानूनी प्रक्रिया

वैभव न्यूज़ ■मुरादाबाद

उत्तर प्रदेश सुशासन के मॉडल के रूप में अपनी पहचान बना रहा है तो इसमें एक बड़ी भूमिका उत्तर प्रदेश पुलिस बल की है। आज रूल ऑफ लॉ को लागू कराने के माध्यम से उत्तर प्रदेश ने अपने परसेप्शन को बदला है। सीएम योगी ने सोमवार को मुरादाबाद के डॉ.भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में 74 पुलिस उपाधीक्षकों के दीक्षांत समारोह में ये बात कही। सीएम योगी ने इस बात पर जोर दिया कि विश्व के सबसे बड़े सिविल पुलिस बल के तौर पर विख्यात उत्तर प्रदेश पुलिस बल में नवनियुक्त होने वाले उपाधीक्षकों को पीएम मोदी के विजन अनुसार स्मार्ट पुलिसिंग की ओर बढ़ना होगा। हमें स्मार्ट पुलिसिंग की ओर बढ़ना होगा जो टेक्नो सेवी व ट्रेंड हो, जो स्ट्रिक्ट हो मगर सेंसिटिव भी, मॉडर्न हो मगर मोबाइल भी, अलर्ट हो मगर अपने काम के प्रति उतना ही अकाउंटेबल भी हो,



रिलायबल के साथ रिस्पॉन्सिव भी हो। उन्होंने 18 डिप्टी एसपी के पदों पर प्रदेश की बेटियों की नियुक्ति पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 7 वर्ष में पुलिस बल में एक लाख साठ हजार कार्मिकों की नियुक्ति के साथ ही पुलिस बल के लिए उपलब्ध संसाधनों में भी अपार वृद्धि हुई है। पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता को भी तीन गुना से अधिक बढ़ाने में सफलता प्राप्त हुई है। साथ ही, सीएम योगी ने सृष्टि अकांक्षा पाण्डेय को आंतरिक प्रशिक्षण, उदित नारायण पालीवाल को बाह्य प्रशिक्षण तथा स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से प्रखर पाण्डेय को सम्मानित भी किया। 74 पुलिस उपाधीक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को विधि, मानव विकार, साइबर क्राइम, भाषा समेत 3 नए कानून के विशिष्ट प्रशिक्षण दिया गया है। सीएम योगी ने कहा कि हम जानते हैं हमारी वर्दी धारी बलों के बारे में कहा जाता है जितना पसीना बहाओगे उतना ही कम रक्त बहाने की स्थिति आएगी। दुनिया के सबसे बड़े पुलिस बल का आप हिस्सा बनने जा रहे हैं इसके लिए आप अभिनंदन के पात्र हैं। हमें कानून परिवर्तन के भविष्य के लिए निरंतर और स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। जांच व दंड के पुराने मानदंडों से बाहर निकलकर आधुनिक फॉरेंसिक तकनीक और साक्ष्य का उपयोग करना न केवल न्याय की दृष्टि से बेहतर है बल्कि इस प्रक्रिया से न्याय में होने वाले अपव्यय की रोकथाम होगी। इसी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेस की स्थापना भी की गई है। सीएम योगी ने कहा कि आप पुलिस बल में एक जिम्मेदार पद पर नियुक्त हो रहे हैं। अपराध नियंत्रण के साथ ही कानून व्यवस्था का पालन कराकर पीड़ित व्यक्ति को न्याय प्रदान करने लिए भी आपकी सक्रिय भूमिका होगी। आपसे हम इस बात की अपेक्षा करते हैं कि आम जनमानस की सुरक्षा समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने व मित्र पुलिस की छवि को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए आप सबको अपना शत प्रतिशत योगदान देना होगा। अपने कर्तव्य पालन के दौरान कठोरता के साथ विनम्रता के अद्भुत समन्वय को बनाए रखना होगा। कर्तव्यपरायणता, अनुशासन और सत्यनिष्ठा का उदाहरण आप सभी स्थापित करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि पुलिस सेवा में चुनौतियां कभी खत्म नहीं होती हैं। पुलिस बल को हमेशा मुकाबले में डटकर खड़े रहना और कर्तव्य की वेदी पर स्वयं को अर्पण करना ही होता है। समाज के आम जनमानस में पुलिस की यूनीफॉर्म को देखकर सुरक्षा और विश्वास का भाव जाग्रत होना चाहिए। आपको उनके विश्वास को सही साबित करना है। उन्हें सुरक्षा प्रदान करना है। आपकी दक्षता और कर्तव्यपरायणता ही किसी पीड़ित की पीड़ा को कम कर सकती है, उसके चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। एक संवेदनशील पुलिस अधिकारी के लिए शौर्य आयामों की कोई कमी नहीं है। वे चाहें तो अपने आचरण से जनमानस की कसौटियों पर खरा उतरते हुए अपनी कर्तव्यनिष्ठा का ईमानदारी से पालन कर सकते हैं। सीएम योगी ने आगे कहा कि किसी भी प्रदेश में सुशासन की नींव, अपराधों की रोकथाम और कानून व्यवस्था की स्थापना से मजबूत होती है।

## सीएम योगी ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं का लिया संज्ञान

वैभव न्यूज़ ■लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में हाल के दिनों में घटित मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में उन्होंने विभागीय मंत्री और संबंधित विभाग के अधिकारियों को मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने, उनकी मॉनीटरिंग करने एवं घटनाओं के बढ़ने के कारणों पर मंथन करने के निर्देश दिये ताकि इन पर अंकुश लगाया जा सके। सीएम योगी के निर्देश के बाद मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को लेकर कई जिलाधिकारी सक्रिय हो गये और आनन-फानन में टीम बनाकर कॉम्बिंग एवं गांव-गांव में जाकर जन जागरुकता फैलाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में कहा कि पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के विभिन्न जिलों से आदमखोर भेड़िये या तेंदुए द्वारा हमले की सूचना आ रही है। उन्होंने इन घटनाओं को नियंत्रित करने, वन्यजीव को पकड़ने एवं आवश्यकतानुसार आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रभावित जिलों में प्रशासन, पुलिस, वन विभाग, स्थानीय पंचायत, राजस्व विभाग द्वारा व्यापक जन जागरूकता पैदा करने एवं लोगों को सुरक्षा के उपायों के बारे में भी बताने के आदेश दिये। बैठक के बाद वन मंत्री और संबंधित अधिकारी हरकत में आ गए। वन मंत्री ने बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, बिजनौर सहित अन्य जिलों में तत्काल वन विभाग के अतिरिक्त कर्मचारियों की



तैनाती के निर्देश दिये। साथ ही ज्वाइंट पेट्रोलिंग बढ़ाने का आदेश दिया। इसके अलावा वरिष्ठ अधिकारियों को जिलों में कैंप करने, जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां लाइट की समस्या हो, वहां पेट्रोमैक्स की व्यवस्था करने का आदेश दिया। बता दें कि उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जिसने मानव-वन्यजीव संघर्ष को आपदा घोषित किया है। इसके जरिये वन्य जीवों के हमले में घायल लोगों अथवा असमय काल-कवलित हुए लोगों के परिवारीजनों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। मानव-वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी, सीतापुर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और लखीमपुर खीरी जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने अपने-अपने जिले में पुलिस, वन विभाग, स्थानीय पंचायत और राजस्व विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये। इसमें रेंज स्तर पर वन क्षेत्रों में गश्त के साथ जंगल से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त के लिए कार्य योजना के अनुसार वन कर्मियों की टीम रोजाना गश्त करें, इसकी सूचना रजिस्टर पर अंकित करें। आरक्षित वन क्षेत्रों से लगे ग्रामों में मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए बैठकों का आयोजन किया जाए एवं वन्य जीवों से सावधानी बरतने के लिए ग्रामीणों को सजग किया जाए। ग्रामीणों को यह समझाया जाए कि वह अपने खेतों में कृषि कार्य के लिए समूहों में आवाज करते हुए जाएं, जिससे वन्य जीव रास्ते से हट जाएं। संवेदनशील क्षेत्रों में मानव-वन्यजीव के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। सार्वजनिक स्थलों पर (मन्दिर, गुरुद्वारा, मस्जिद, स्कूल, स्थानीय बाजार, गन्ना क्रय केन्द्र, खण्ड विकास कार्यालय, तहसील) वन्यजीवों से सावधानी रखने से संबंधित होर्डिंग्स लगवाए जाएं। वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में रास्ते के किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर चिपकाए जाएं। साथ ही ग्रामीणों में सतर्कता के लिए पम्पलेट्स बंटवाये जाएं। संयोगवश यदि किसी क्षेत्र में मानव वन्य जीव संघर्ष की कोई घटना घटित होती है तो तत्काल स्थानीय स्टाफ एवं रेंज स्टाफ द्वारा रेस्क्यू करने के साथ उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए। वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में गश्त के दौरान रेंज स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग किया जाए।

## गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा

लखनऊ। गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा,गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नम यह है हमारे देश की गुरु शिष्य की अद्भुत और आदित्य परंपरा। ऐसी परंपरा जिसमें ताउम्र अपने ज्ञान और संस्कार से गुरु अपने शिष्य की गुरुता को बढ़ाता रहता है। और शिष्य भी अपने कर्मो और गुरु के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा से गुरु की गुरुता को बढ़ाता जाता है। गुरु के रहने पर भी और ब्रह्मलीन हो जाने पर भी। गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ की गुरु शिष्य परंपरा इसकी नजीर है। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस पीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। हर साल सितंबर में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ (योगीजी के दादा गुरु) और उनके पूज्य गुरुदेव की पुण्यतिथि पर आयोजित साप्ताहिक समारोह में गोरखनाथ मंदिर गुरु शिष्य की हमारी ऋषिकुल परंपरा को जीवन्त करता है। इस साल भी 14 सितंबर से इस बाबत शुरू कार्यक्रम 21 सितंबर तक चलेंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन और समापन समारोह में मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर खुद मौजूद उपस्थित रहेंगे। दरअसल सितंबर में ही ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ। इस साल ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय की 55 और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 10 पुण्यतिथि है। इस दौरान हफ्ते भर तक देश के जाने-माने कथा मर्मज्ञ रामायण या श्रीमद्भगवत गीता का यहां के लोगों को रसपान कराते हैं। शाम को देश के किसी ज्वलंत मुद्दे पर राष्ट्रीय संगोष्ठी होती है। वैश्विक महामारी कोविड के दौरान भी सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करते हुए पुण्य तिथि समारोह हुआ था।

## नशे के कारोबारियों के खिलाफ मैदान में उतरीं महिलाएं

वैभव न्यूज़ ■बिजनौर

नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ अब महिलाओं ने भी मोर्चा संभाल लिया है वहीं महिलाओं का कहना है कि जितने भी नशे के कारोबार हैं उन्हें शीघ्र अति शीघ्र बंद किया जाए ताकि उनकी निजी जिंदगी और बच्चों की बर्बाद हो रही नस्लों से निजात मिल सके। लगातार समाचार प्रकाशित होने पर भी विभाग के कानों पर कोई जू नहीं रेंग रही है। उधर महिलाओं ने कस्बा मंडावर में नशे के खिलाफ आंदोलन भी करने शुरू कर दिए हैं उसके बावजूद भी नशे का कारोबार है कि थमने का नाम नहीं ले रहा है। उधर सुल्फा व्यापारी भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं लगातार सुल्फे का कारोबार दिन पर दिन और बढ़ता जा रहा है। इतना ही नहीं जो लोग इस कारोबार में लगे हैं वह रात दिन दुगनी तरक्की कर रहे हैं क्योंकि पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक की शक्ति के वजह से इस कारोबार में संलिप्त लोगों पर अंकुश लगाया गया था। पुलिस की शक्ति से जो कारोबारी थे वह अपने हाथ पीछे खींच कर बैठ गए थे। कुछ ऐसे कारोबारी थे जो चुपचाप इस कारोबार को लगातार इधर-उधर होकर कर रहे थे लेकिन अब खुलेआम कर रहे हैं। जब पुलिस प्रशासन को पैसा देना है तो वह किसी से क्यों डरेंगे। जिस तरह से महिलाओं ने नशे के कारोबारी के खिलाफ हंगामा किया और नशे की दुकानों को बंद करने के लिए धरना प्रदर्शन भी किया लेकिन उससे भी कुछ नहीं हो पाया हालत जस के तस है और नशे का कारोबार रात दिन फल फूल रहा है।

## राशन की हो रही है लगातार कालाबाजारी

वैभव न्यूज़ ■बिजनौर

राशन डीलरों की लगातार हो रही शिकायतों के बावजूद भी उपभोक्ताओं को पूरा राशन नहीं मिल पा रहा है। सरकार भले ही गरीबों का पेट भरने का लाख दावा कर रही हो लेकिन राशन डीलर है के सरकार की नीति को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। राशन डीलर लगातार 4 किलो से 4.5 किलो राशन ही उपभोक्ता करा रहे हैं। सरकार अब नई-नई नीतियां लाने की सोच रही है ताकि जनता को पूरा 5 किलो राशन मिल सके। इसी के चलते सरकार द्वारा नई नीति के तहत राशन डीलरों को ऐसे वजन तोलने के कांटे उपलब्ध कराए हैं जो की उपभोक्ताओं के राशन कार्ड से ऑनलाइन कनेक्ट है। यह कांटे कंप्यूटराइज्ड है जिन पर जब तक 5 किलो भार नहीं रखा जाएगा तब तक उपभोक्ता के खाते पर 5 किलो राशन ऑनलाइन नहीं होगा। लेकिन अपनी चतुराई का प्रदर्शन करते हुए राशन डीलरों ने एक नई युक्ति खोज निकाली और इन कांटों पर राशन देते समय लोहे के बांट रखकर उपभोक्ता के राशन की कटौती उपभोक्ताओं के सामने ही कर लेते हैं यदि ऐसा नहीं करेंगे तो उनके ऊपर बैठे आला अधिकारियों को उनके हिस्से का पैसा कैसे पहुंचेगा। राशन डीलरों की शिकायत कहीं करना भी चाहे तो इन राशन डीलरों की जांच के लिए वही अधिकारी आते हैं जिनको हर महीने राशन डीलर द्वारा मोटा हिस्सा दिया जाता है। उत्तर प्रदेश से भ्रष्टाचार खत्म न होने का मुख्य कारण यही है कि भ्रष्टाचार करने वाले हाथों ने ही न्याय की कलम पकड़ी हुई है।

**आयोजित** *मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद स्तरीय वृहद रोजगार एवं ऋण मेला कार्यक्रम को संबोधित किया*

## 'जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे'

वैभव न्यूज़ ■मुरादाबाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और सपा तुष्टिकरण की राजनीति करती है। ये दल जाति, मत और मजहब के नाम पर देश और प्रदेश के सामाजिक ताने बाने को छिन्न भिन्न करते हैं। उन्होंने लोगों से विभाजनकारी ताकतों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले लोग 2017 के पहले दंगाइयों के सामने घुटने टेकते और नाक रगड़ते थे। सीएम योगी ने कहा कि विगत साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश ने विकास के नए आयामों को छुआ है। 2017 के पहले इस उत्तर प्रदेश का सीडी रेश्यो 44 फीसदी था, जो आज बढ़कर 60 फीसदी तक जा चुका है, जिसे हमें 65 फीसदी तक ले जाना है। सीएम योगी ने सोमवार को आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल में जनपद स्तरीय वृहद रोजगार और ऋण मेला के अवसर पर आयोजित



कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में 100 कंपनियों ने मुरादाबाद के युवाओं के लिए 15 हजार से ज्यादा नौकरियों का अवसर उपलब्ध कराए। साथ ही मेले में सीएम योगी ने 175.50 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किए तथा 2,500 युवाओं को टैबलेट भी वितरित किया। इसके अलावा उन्होंने 401 करोड़ रुपए की 292 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जैसे आज उत्तर प्रदेश देश के विकास का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। वैसे ही मुरादाबाद भी उत्तर प्रदेश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार में अब तक 160000 से ज्यादा पुलिस कार्मिकों की भर्ती कर चुके हैं। इसमें बीस फीसदी बेटियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिनों पहले 60200 से अधिक पदों के लिए पुलिस भर्ती की प्रक्रिया संपन्न हुई है, जैसे ही इन्हें नियुक्ति पत्र मिल जाएगा, वैसे ही हम 40000 पदों के लिए फिर भर्ती निकालेंगे। सीएम योगी ने कहा कि अगले दो वर्ष में दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे। साथ ही प्रदेश में आए निवेश से उत्तर प्रदेश के एक करोड़ युवाओं को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन चुका है। अगले 3-4 वर्ष में उत्तर प्रदेश देश की नंबर एक की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने जा रहा है। जब उत्तर प्रदेश नंबर एक की अर्थव्यवस्था वाला राज्य जाएगा तो यहां की प्रति व्यक्ति आय तीन से चार गुना बढ़ जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले जब उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी निकलती थी तो चाचा-भतीजा की जोड़ी वसूली पर निकलती थी। चाचा-भतीजा की जोड़ी ऐसा खुराफात करती थी कि न्यायालय को नौकरी पर रोक लगानी पड़ती थी। सरकारी नौकरी चाचा भतीजा की वसूली की भेंट चढ़ जाती थी। युवा बेरोजगार हो जाते थे और उन्हें नौकरी के लिए देश के अन्य राज्यों में पलायन करने को मजबूर होना पड़ता था। सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। डबल इंजन सरकार की भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस को नीति का परिणाम है कि देश में उत्तर प्रदेश का सम्मान बढ़ा है। सीएम योगी ने युवाओं को 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश की याद दिलाते हुए कहा कि उस समय प्रदेश में पर्व और त्यौहार के पहले दंगे होते थे। न बेटी सुरक्षित थी और न ही व्यापारी का सम्मान था। उन्होंने कहा कि नए उत्तर प्रदेश में विगत साढ़े सात वर्ष में कोई दंगा नहीं हुआ है। पर्व और त्यौहार शांति से मनाया जाता है। बेटी सुरक्षित है तो व्यापारी को सम्मान मिल रहा है।

## कोर्ट ने पेंशन से पूर्व आहरित राशि की वसूली पर रोक लगाई

एजेंसी ■प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण आदेश में इंडियन ओवरसीज बैंक के सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक की पेंशन से कम्यूटेशन राशि (पेंशन से पूर्व आहरित राशि) की वसूली पर रोक लगा दी है और बैंक को चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार द्वारा इंडियन ओवरसीज बैंक से वरिष्ठ प्रबंधक के पद से सेवानिवृत्त हुए सुधीर कुमार अग्रवाल की रिट याचिका पर जारी किया गया। पेंशन के कम्युटेशन का अर्थ पेंशनभोगी द्वारा स्वेच्छा से त्याग किए गए पेंशन के एक हिस्से के बदले एकमुश्त राशि का भुगतान है जिसकी वसूली पेंशन की राशि से काटकर की जाती है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एके गुप्ता ने दलील दी कि पेंशन के कम्यूटेशन के एवज में किस्तों में वसूली 10 वर्ष और आठ माह में की जानी थी। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता 2012 में सेवानिवृत्त हुआ और कम्यूटेशन की कुल रकम 7,14,000 रुपए थी जिसकी वसूली के लिए प्रतिमाह 6,066 रुपए की किस्त बनती है और 10 वर्ष आठ माह में यह किस्त पूरी होती है। उन्होंने कहा कि चूंकि बैंक ने वसूली जारी रखी, याचिकाकर्ता से1,95,810 रुपए अधिक वसूल लिए गए। यदि इसी तरह से वसूली जारी रहती है तो याचिकाकर्ता को बिना किसी उचित कारण भारी वित्तीय नुकसान होगा। बैंक के वकील मनीष मल्होत्रा ने दलील दी कि इंडियन ओवरसीज बैंक (कर्मचारी) पेंशन नियमन, 1995 के अध्याय आठ के उपबंध पांच के मुताबिक, कुल वसूली 15 वर्षों की अवधि के भीतर की जानी है, तभी मूल पेंशन बहाल होगी।

# चुनाव में पारदर्शिता के लिए महत्वपूर्ण प्रक्रिया है रेंडमाइजेशनः विक्रम सिंह

## विस आम चुनाव-2024 के लिए राजनितिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ बीयू, सीयू, वीवीपैट और ईवीएम का पहला रेंडमाइजेशन

वैभव न्यूज ■फरीदाबाद




जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना ही प्रशासन का दायित्व और जिम्मेदारी होती है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को रिटर्निंग ऑफिस और विभिन्न राजनितिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में ईवीएम, बीयू, सीयू, वीवीपैट की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया का पहला चरण सम्पन्न हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए रेंडमाइजेशन अति महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों की मौजूदगी में करवाई जाती है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत होती है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई हिदायतों की सख्ती से पालन करें। उन्होंने कहा कि जिला फरीदाबाद के विधानसभा क्षेत्रों में अब 1650 पोलिंग स्टेशन की संख्या हो गयी है। इस बार 181 नए बूथ बनाए गए हैं। जिससे आमजन को सुविधा रहेगी कि वह अपने घर के पास ही मतदान कर सके। इसके अलावा, मतदाताओं को क्यू मैनेजमेंट एप से भी बीएलओ जानकारी देगा कि मतदान के लिए कितने लोग लाइन में हैं, ताकि एक समय में बहुत अधिक भीड़ मतदान केंद्र पर न हो और मतदाता को अपना वोट डालने के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत ईवीएम आवंटन की प्रक्रिया पर उठने वाले सवालों और आपत्तियों की आशंका को खत्म किया जाता है। कंप्यूटर पर ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से जिला में उपलब्ध सभी ईवीएम के नंबरों की सूची को दर्ज किया जाता है। कंप्यूटर अपने आप इन मशीनों को विधानसभाओं के बीच वितरित कर देता है, जिसके बाद कोई भी राजनीतिक दल यह नहीं कह सकता कि जानबूझकर कोई मशीन किसी विशेष विधानसभा अथवा बूथ में भेजी गई है। दूसरे चरण की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र अनुसार विधानसभा के लिए आवंटित ईवीएम के नंबरों की सूची और विधानसभा के बूथों की सूची को दर्ज करके कंप्यूटर की मदद से मशीनों के लिए बूथ और बूथों के लिए मशीनों का आवंटन किया जाएगा। बैठक में एडीसी डॉ आनंद शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम स्वप्निल रविंद्र पाटिल, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एसडीएम बड़खल अमित मान, सीटीएम अंकित कुमार, भाजपा से अश्विनी गुलाटी व मनीष गुलाटी, कांग्रेस पार्टी से राहुल सरदाना, सीपीएम पार्टी से वीरेंदर सिंह डंगवाल, आईएनएलडी पार्टी से आर एस रौटेला, जेजेपी पार्टी से प्रेम सिंह धनखड़, आप पार्टी से दिलराज गौड़ सहित इलेक्शन विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

> जिला फरीदाबाद के विधानसभा क्षेत्रों में अब 1650 पोलिंग स्टेशन की संख्या हो गयी है। इस बार 181 नए बूथ बनाए गए हैं। जिससे आमजन को सुविधा रहेगी कि वह अपने घर के पास ही मतदान कर सके।

# पुलिस ने शराब तस्कर को किया काबू, सौ पेटी अवैध शराब बरामद



वैभव न्यूज ■फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी करते एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से 100 पेटी अवैध शराब, एक गाड़ी, दो स्कूटी तथा एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम नितिन (24) है जो मेरठ का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के लक्कड़पुर में रह रहा था। पुलिस को गुप्त सूत्रों से अनंगपुर के खड़िया खान जंगल के रास्ते शराब तस्करी की सूचना प्राप्त हुई थी जिसपर तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों की धरपकड़ के लिए थाना प्रबंधक सूरजकुंड द्वारा पुलिस टीम का गठन किया गया।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम अनंगपुर जंगल में पहुंची जहां उक्त आरोपी गाड़ी लेकर वहां पहुंचा जिसके साथ दो स्कूटी और एक मोटरसाइकिल पर तीन अन्य साथी सवार थे जिन्होंने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। स्कूटी और मोटरसाइकिल पर सवार 3 व्यक्ति अपने वाहन को वहीं पर छोड़कर मौके का फायदा उठाकर भाग गए वहीं पुलिस ने आरोपी गाड़ी चालक को काबू कर लिया। गाड़ी की चेकिंग करने पर उसमें से 100 पेटी अवैध शराब बरामद हुई जिसमें 81 पेटी देशी शराब संतरा, 12 पेटी अंग्रेजी शराब तथा 7 पेटी बियर की शामिल थी। आरोपी से जब शराब का लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकता। इसके पश्चात उसके खिलाफ सूरजकुंड थाने में शराब तस्करी की धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि वह आरोपी सोनू, बंटी तथा संजय नाम के व्यक्ति के लिए ड्राइवरी का काम करता है। उक्त तीनों आरोपी शराब तस्करी का काम करते है जो गाड़ी चालक के साथ स्कूटी और मोटरसाइकिल पर आए थे लेकिन पुलिस को देखकर भाग गए। नितिन ने बताया कि यह शराब वह अनंगपुर ठेके से लेकर आया था जिसे डिंपल नाम का व्यक्ति चलाता है। आरोपी अनंगपुर से शराब लेकर दिल्ली के संगम विहार बेचने के लिए ले जाते हैं। पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेजा जाएगा वहीं मामले के चार अन्य आरोपियों सोनू, बंटी, संजय तथा डिंपल की तलाश कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# सड़क पर उतरी आरडब्ल्यूए-एमडब्ल्यूए, अतिक्रमण से जनता परेशान

## शिफ्ट की मांग, चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी



वैभव न्यूज ■फरीदाबाद

फरीदाबाद जिला के सेक्टर 15 की मार्केट में रेहड़ी पटरी वालों के अतिक्रमण से परेशान आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए के पदाधिकारी सोमवार को संयुक्त रूप से सड़क पर उतरे और मार्केट में पैदल मार्च निकाल रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि जब मार्केट में नगर निगम ने वर्ष 2018 में वेंडिंग जोन बनाया था। उस समय यहां कुल 27 दुकानें अलॉट की गई थी, जो वर्ष 2024 में बढ़कर 90 हो गई है। इस संबंध में मार्केट एसोसिएशन और आरडब्ल्यूए पदाधिकारी वेंडिंग जोन को दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए मुख्यमंत्री, डीटीपी और नगर निगम आयुक्त से पिछले तीन साल से शिकायत कर रहे है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं सेक्टर-15 आरडब्ल्यूए पदाधिकारी नीरज चावला, मार्केट एसोसिएशन के प्रधान आलोक, शोभा और रमेश कुमार ने बताया कि यहां नगर निगम ने छह बाई चार की दुकानें रेहड़ी पटरी वालों को छह वर्ष पहले दी गई थी। अब रेहडी पटरी वालों ने पक्की दुकानें बनाने के साथ अन्य लोगों को किराए पर फड़ देना शुरू कर दिया है। अब यहां वेंडिंग जोन में कुल 90 दुकानें हो गई है। यहां वाहनों की पार्किंग के लिए जगह नहीं बची है। इस कारण मार्केट में हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। औद्योगिक नगरी का सरोजनी नगर मार्केट कहा जाने वाला मार्केट में सीवर ओवरफ्लो और गंदगी की समस्या से लोग परेशान है। बार बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान न होने पर परेशान लोग सड़क पर उतरे है। यदि इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं होगा, तो दुकानदार मार्केट को बंद करेंगे और विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

# आचार संहिता का उल्लंघन किया तो लेंगे एक्शनः विक्रम सिंह

## डीसी ने दिए निर्देश, ऑटो-रिक्शा पर राजनीतिक पोस्टर लगाने पर होगी कार्रवाई

वैभव न्यूज ■फरीदाबाद



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जिला में ऑटो रिक्शा पर लगे अवैध राजनीतिक विज्ञापनों के खिलाफ अब प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। आदर्श आचार संहिता की अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशों पर शहर में आज भी ऑटो रिक्शा के पीछे लगे नेताओं एवं राजनीतिक गतिविधियों के बैनर को तुरंत प्रभाव से हटाया गया। चुनाव आयोग के द्वारा विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषणा करने के बाद से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी।आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिले में रेलवे स्टेशन रोड, बस स्टैंड, रेलवे पुल, सड़क मार्ग, सरकारी बसों, बिजली खंभों, सरकारी भवनों से बैनर, झंडे को हटाने का काम भी शुरू हो गया है। जिसके तहत जिला में आज ऑटो रिक्शा के पीछे लगे पोस्टर को हटाया गया। सम्बन्धित अधिकारियों का कहना है कि कई जगह टीम लगाकर ऑटो रिक्शा के पीछे लगे पोस्टर को हटवाया जा रहा है। जहां आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत आ रही थी। वहां दोबारा टीम भेज कर कार्रवाई की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी की निर्देशानुसार यदि इसके बावजूद भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता पाया गया, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एक्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों के प्रदर्शन को लेकर कंगना के बयान पर नाराजगी जताई थी : भाजपा नेता ग्रेवाल

वैभव न्यूज ■चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के वरिष्ठ नेता हरजीत सिंह ग्रेवाल ने कहा कि मंडी से पार्टी सांसद कंगना रनौत के किसानों के प्रदर्शन पर दिए गए बयान पर उन्होंने तत्काल पार्टी आलाकमान से बात की थी और अपना क्षोभ प्रकट किया था। ग्रेवाल ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से फोन पर बात की थी। हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद कंगना ने पिछले दिनों हिंदी अखबार दैनिक भास्कर को दिए अपने साक्षात्कार की क्लिप पोस्ट की थी जिसमें उन्हें कहते सुना जा सकता है कि देश में बांग्लादेश जैसे हालात बन सकते थे लेकिन देश के मजबूत नेतृत्व की वजह से ऐसा नहीं हुआ। कंगना ने यह आरोप भी लगाया कि अब समाप्त किए जा चुके तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन के दौरान शव लटके हुए थे और बलात्कार हो रहे थे।

ग्रेवाल ने रविवार को यहां संवाददाताओं से कहा, पहली बात तो यह है कि केवल सांसद बनने से कोई नेता नहीं बन जाता। पार्टी की विचारधारा से एक दिन में जुड़ाव नहीं होता। मैं 35 साल से अधिक समय से भाजपा में हूं। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य ग्रेवाल ने कहा, जब उन्होंने बयान दिया तो मैंने तत्काल प्रतिक्रिया व्यक्त की और उनका विरोध करते हुए कहा कि यह हमारी पार्टी की विचारधारा नहीं है। भाजपा ने पिछले सप्ताह किसान आंदोलन पर कंगना के विवादास्पद बयान के लिए उनकी निंदा की थी और उनके विचारों से असहमति जताई थी। भाजपा ने स्पष्ट किया था कि उन्हें पार्टी के नीतिगत मामलों में टिप्पणी करने की ना तो अनुमति है, ना ही वह इसके लिए अधिकृत हैं। कंगना की आने वाली फिल्म इमरजेंसी के संदर्भ में ग्रेवाल ने कहा कि इस पर निर्णय सेंसर बोर्ड को लेना है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने फिल्म में सिखों के इतिहास को गलत तरह से दर्शाने का दावा किए जाने के बाद फिल्म के निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजा है। उन्होंने कहा, सेंसर बोर्ड का काम है कि वे फिल्म को पास करते हैं या नहीं। पार्टी का इससे कोई लेनादेना नहीं है।

# पंजाब विधानसभा में कवि सुरजीत पातर, अन्य प्रमुख हस्तियों की दी गई श्रद्धांजलि

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा में सोमवार को जानेमाने पंजाबी कवि एवं लेखक सुरजीत पातर और अन्य प्रमुख हस्तियों को श्रद्धांजलि दी गई, जिनका पिछले सत्र के समापन और वर्तमान सत्र की शुरुआत के बीच की अवधि में निधन हो गया था। तीन दिवसीय सत्र के पहले दिन सदन के सदस्यों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुरजीत सिंह मिन्हास, पूर्व मंत्री सुखदेव सिंह ढिल्लों और सुरजीत सिंह कोहली, पूर्व सांसद कमल चौधरी, पूर्व राज्यसभा सदस्य गुरचरण कौर और पूर्व विधायक धनवंत सिंह को भी श्रद्धांजलि दी। स्वतंत्रता सेनानी सरदूल सिंह, कश्मीर सिंह, गुरदेव सिंह और जगदीश प्रसाद को भी याद किया गया।

# सीनियर सिटीजन सेल ने ओल्ड एज होम जाकर जाने बुजुर्गों के हाल-चाल



वैभव न्यूज ■फरीदाबाद

शहर को क्राइम मुक्त करने के साथ-साथ फरीदाबाद पुलिस सामाजिक दायित्वों के प्रति भी अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को सीनियर सिटीजन सेल ने सेक्टर-28 स्थित ओल्ड एज होम में जाकर वहां रहने वाले बुजुर्गों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और उनकी समस्याओं के बारे में वार्तालाप की। इस दौरान सीनियर सिटीजन सेल की टीम ने बुजुर्गों के साथ बैठकर वार्तालाप की और उनसे हाल-चाल पूछकर किसी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत उन्हें फोन करने के लिए अपना मोबाइल नंबर दिया और कहा कि यदि दवाई या खाना मंगवाना हो तो वह पुलिस से मदद मांग सकते हैं।

उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की परेशानी होने पर पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर संपर्क करें ताकि स्थानीय पुलिस जल्द से जल्द उन तक मदद पहुंचा सके। फरीदाबाद पुलिस की यह टीम वरिष्ठ नागरिकों व बुजुर्गों की देखभाल और स्वास्थ्य के लिए सराहनीय कार्य कर रही है।

# जसदीप सिंह गिल होंगे राधास्वामी सत्संग ब्यास के अगले प्रमुख

वैभव न्यूज ■अमृतसर

जसदीप सिंह गिल को सोमवार को तत्काल प्रभाव से डेरा राधास्वामी सत्संग ब्यास (आरएसएसबी) का आध्यात्मिक प्रमुख नामित किया गया। डेरा प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने इस आशय की घोषणा की।

देश-विदेश में बड़ी संख्या में डेरा राधास्वामी के अनुयाई हैं। समय-समय पर देश के शीर्ष राजनेता भी डेरा ब्यास जाते रहते हैं। इसकी पुष्टि करते हुए डेरा के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, कुछ समय से शहर से बाहर रहे बाबाजी कल डेरा ब्यास लौटे। आज सुबह उन्होंने डेरा सचिव एवं क्षेत्रीय प्रमुखों समेत सभी वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई जहां उनके उत्तराधिकारी के नाम की घोषणा की गई।

ढिल्लों के स्वास्थ्य के संबंध खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि वह बिल्कुल ठीक हैं। गिल (45) ने कैम्ब्रिज से रसायनिक अभियांत्रिकी में डॉक्टरेट कर रखी है। वह दिल्ली के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के छात्र रह चुके हैं। वह सिपला (इंडिया) में मुख्य रणनीति अधिकारी एवं वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक भी रहे हैं। उन्होंने इसी साल के प्रारंभ में अपने इस पद से इस्तीफा दिया था। उनकी पत्नी डॉक्टर है। इस बीच, आरएसएसबी सचिव देवेंद्र कुमार सिकरी ने सोमवार को एक बयान में कहा, बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने सुखदेव सिंह गिल के पुत्र जसदीप सिंह गिल को दो सितंबर, 2024 से तत्काल प्रभाव से राधास्वामी सत्संग ब्यास सोसाइटी का संरक्षक मनोनीत किया है। सिकरी ने कहा, जसदीप सिंह गिल राधास्वामी सत्संग ब्यास सोसाइटी के संत सतगुरु के रूप में बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों का स्थान लेंगे और उन्हें नाम दीक्षा देने का अधिकार होगा। सीकरी ने कहा, बाबा जी ने कहा है कि जिस प्रकार हुजूर महाराज जी के बाद उन्हें संगत का भरपूर सहयोग एवं प्यार मिला है, उसी प्रकार उनकी इच्छा एवं अनुरोध है कि जसदीप सिंह गिल को भी संरक्षक एवं संत सतगुरु के रूप में अपनी सेवा निभाने में वही प्यार एवं स्नेह दिया जाए।

> देश-विदेश मे बड़ी संख्या में डेरा राधास्वामी के अनुयाई है। समय-समय पर देश के शीर्ष राजनेता भी डेरा ब्यास जाते रहते हैं।

**फ्लैग मार्च** | अर्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को मतदान करने के लिए किया जा रहा जागरूक

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने बॉर्डर पर लगाए इंटरस्टेट नाके

वैभव न्यूज ■फरीदाबाद




> फरीदाबाद पुलिस द्वारा बदरपुर बॉर्डर, जैतपुर दिल्ली बॉर्डर, शूटिंग रेंज सूरजकुंड, मांगर भाटी माइंस, मोहना तथा मंझावली यमुना पुल सहित सात नाके लगाए गए हैं

पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल के दिशा निर्देश पर चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस द्वारा फरीदाबाद बॉर्डर पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की निगरानी रखने के लिए इंटर स्टेट नाके लगाए गए हैं। इसके साथ ही अर्धसैनिक बल के साथ मिलकर एनआईटी, बल्लभगढ़ व सेन्ट्रल जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि विधानसभा चुनाव में कानून व शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। चुनाव के दौरान नशा व शराब तस्करी रोकने तथा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए फरीदाबाद बॉर्डर पर इंटरस्टेट नाके लगाकर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों पर निगरानी रखी जा रही है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा बदरपुर बॉर्डर, जैतपुर दिल्ली बॉर्डर, शूटिंग रेंज सूरजकुंड, मांगर भाटी माइंस, मोहना तथा मंझावली यमुना पुल सहित सात नाके लगाए गए हैं जहां पर पुलिस बल के साथ अर्धसैनिक बल भी पर्याप्त संख्या में तैनात किए गए हैं। शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की दो टीम गठित की गई है जिसमें एक टीम एनआईटी जोन तथा दूसरी टीम बल्लभगढ़ व सेंट्रल जोन में शराब तस्करी में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ कर शराब तस्करी पर अंकुश लगाने का काम करेगी। इसके साथ ही शराब के ठेके गोदाम के आस पास चुनाव के मद्देनजर नाके लगाए गए है जिससे पुलिस टीम शराब के आवागमन पर निगरानी रखेगी। इसके साथ ही फरीदाबाद पुलिस द्वारा तीनों जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। फ्लैग मार्च के दौरान नागरिकों को चुनाव में अपने मताधिकार का स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से प्रयोग करने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने बारे जानकारी प्रदान की जा रही है। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए शस्त्र लाइसेंस धारकों को अपना शस्त्र जमा करवाने के लिए सूचित किया गया है। अभी तक 3119 शस्त्र धारकों ने अपने शस्त्र जमा करवाएं हैं। शस्त्र धारकों से अनुरोध है कि वह अपना असलाह जमा करवाएं ताकि चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रह सके।

## डीसी ने अपनी देखरेख में खुलवाया ईवीएम वेयरहाउस का लॉक

**भिवानी।** ईवीएम और वीवीपैट के प्रथम स्तर के रेंडेमाईजेशन के बाद डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महावीर कौशिक की देखरेख में लघु सचिवालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस के लॉक को खोला गया। लॉक खोलने के बाद ही यहां पर रखी गई ईवीएम और वीवीपैट को विधानसभा क्षेत्र अनुसार भेजा जाएगा। वेयरहाउस का लॉक विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में खोला गया।

ईवीएम वेयर हाउस का लॉक खोले जाने के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कौशिक ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। किसी भी व्यक्ति या राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के मन में किसी प्रकार संशय या भ्रांति न रहे, इसके लिए उनकी मौजूदगी में ईवीएम तैयार करने, ईवीएम को सुरक्षित रखने, रेंडेमाईजेशन, विधानसभा अनुसार भेजने, मतदान के बाद जमा करवाने और मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम से बाहर निकालने का कार्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम रेंडेमाईजेशन के अनुसार ईवीएम को स्कैन करके विधानसभा क्षेत्रों में भिजवाया जाएगा।

## निर्धारित स्थानों के अलावा कहीं और ना लगाएं होर्डिंग, बैनर

# पटौदी विधानसभा क्षेत्र में प्रचार सामग्री और जनसभा के लिए स्थान निर्धारित किए

**वैभव न्यूज** ■ पटौदी

पटौदी विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा चुनाव-2024 के लिए जनसभा के आयोजन तथा प्रचार सामग्री लगाए जाने के लिए स्थानों का निर्धारण कर दिया गया है।

पटौदी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम दिनेश कुमार ने इन सभी स्थानों की सूची जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भिजवा दी है। जिसके अनुसार पटौदी हलके में जनसभा के लिए हेलीमंडी अनाजमंडी, हेलीमंडी नगरपालिका कार्यालय के सामने पुरानी अनाजमंडी, पटौदी में गुरूग्राम रोड पर रामलीला मैदान, भोडाकलां रोड पर तहसील के सामने की नगरपालिका भूमि, होलिका मैदान, रेवाड़ी रोड पर बाल्मिकी चौपाल के साथ की नगरपालिका भूमि, पटौदी वार्ड 11 में मोती डूंगरी पार्क के साथ की जमीन, वार्ड 15 में रामजोहड़ के समीप की पालिका भूमि पर जनसभा का आयोजन किया जा सकता है। पटौदी विधानसभा क्षेत्र में



**जनसभा का स्थान सुनिश्चित करने के लिए उम्मीदवारों को करना होगा आवेदन**

प्रचार सामग्री लगाने के लिए हेलीमंडी में मिर्जापुर रोड पर, केनरा बैंक के समीप, महचाना रोड पर, पीली धर्मशाला के समीप, शनिदेव मंदिर के नजदीक, एमएलए स्कूल और चितरकुंड जोहड़ के समीप नगरपालिका की भूमि पर प्रचार सामग्री लगाई जा सकती है।

इसके अलावा गांव बलेवा में जोहड़ पर, बारोहेडी रहनवा गांव का सामुदायिक भवन, बासपदमका गांव का कम्यूनिटी सैंटर, बसतपुर में एससी चौपाल, भौकरकां में व्यायामशाला, भोडाकलां का ग्राम सचिवालय, भोडाखुर्द में एससी चौपाल, भूडका गांव का बसस्टैंड, बिलासपुर का मेन बसस्टैंड, बिलासपुर कलां का बसस्टैंड, बिनौला गांव का बरातघर, बहमणवास गांव की आम चौपाल, बृजपुरा में ग्राम सचिवालय, चंदला डूंगरवास में रामबाग के समीप, छावन का वृद्धआश्रम, छिल्लरकी में जोहड़ के समीप, डाडावास में आंगनबाड़ी के नजदीक की पंचायत भूमि, दरापुर में ग्राम सचिवालय, दौलताबाद व देवलावास की व्यायामशाला, दिनोकरी, ढाणी कुंभावास, ढाणी चित्रसेन व ढाणी शंकरावाली में बसस्टैंड का स्थान होर्डिंग, बैनर आदि लगाने के लिए निश्चित किया गया है।

एसडीएम ने बताया कि पटौदी हलके में गांव फकरपुर में जोहड़ के समीप, फाजलवास का ग्राम सचिवालय, गदाईपुर का आंगनबाड़ी सैंटर, ग्वालियर गांव की धर्मशाला, घीलनवास में स्कूल के समीप, गोरियावास में प्रस्तावित सामुदायिक भवन के समीप, गुढाना, हकदारपुर में पंचायत घर, हालियाकी गांव में लखीराम की धर्मशाला, हुसैनका गांव का पंचायत घर, इंछापुरी में एससी चौपाल, जसात व बपास का पंचायत घर, खलीलपुर में रेलवे स्टेशन के समीप, खानपुर, घोसगढ़, गढी नत्थेखां, खंडेवला में एससी चौपाल, खेतियावास गांव की आम चौपाल, खोड गांव का पटवारघर कुकडौला में पंचायतघर, लांगडा, लोकरा की व्यायामशाला, लोहचबका में कम्यूनिटी सैंटर, लोकरी की आम चौपाल, मंगवाकी, गुगाना राजपुर, बाबडा बाकीपुर व नरहेडा का ग्राम सचिवालय और मऊ के खेल स्टेडियम में होर्डिंग, बैनर, पोस्टर आदि प्रचार सामग्री को लगाया जा सकता है। एसडीएम दिनेश कुमार ने बताया कि पटौदी हलके के गांव मौजाबाद, मिलकपुर की एससी चौपाल, महनियावास, नानूकलां में स्कूल के समीप, मिर्जापुर, जोनियावास में आंगनबाडी केंद्र, मुज्जफरा, मुमताजपुर, नानूखुर्द व नूरपुर में आम चौपाल, पहाड़ी, सैयद शाहपुर, पथरेडी, तिरपडी में बसस्टैंड के समीप, पलासोली में मेनरोड के पास की खाली जमीन, राजपुरा में चिल्ड्रन पार्क, रामपुरा में पुराना पंचायत घर, रणसिका, शेरपुर में ग्राम सचिवालय, राठीवास में मेडिकल सैंटर के समीप, सिधरावाली में पुराना बैंक, ततारपुर, तुर्कापुर, बढा, ऊंचा माजरा, करौला में सामान्य चौपाल, तेलपुरी, नहारपुर कासन, खुर्मपुर, फरीदपुर में एससी चौपाल, कासन में घाटी के नजदीक सामुदायिक केंद्र, खोह व सांपका में स्कूल के समीप सामुदायिक भवन, मानेसर में वृद्धाश्रम, बसस्टैंड व प्रजापत चौपाल, नैनवाल में मंदिर के पास चौपाल, नखडोला स्टेडियम के समीप, नवादा फतेपुर, सहरावन, सिकंदरपुर बढा, फाजिलपुर बादली में कम्यूनिटी सैंटर पर तथा नौरंगपुर में गुगन खाती के मकान तथा बसस्टैंड के नजदीक प्रचार सामग्री को लगाया जा सकता है।

## गबन और भ्रष्टाचार के आरोपी योगेंद्र और आजाद सिंह को हाइकोर्ट से भी नहीं मिली जमानत

**वैभव न्यूज** ■ चंडीगढ़



पानीपत के आर्य बाल भारती स्कूल में बड़े स्तर पर किए गए लाखों-लाख रुपये के भ्रष्टाचार और गबन के केस में योगेंद्र और आजाद सिंह को माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से भी तगड़ा झटका लगा है। माननीय उच्च न्यायालय ने संभवतः अपराध की गंभीरता को देखते हुए गबन और भ्रष्टाचार के इन दोनों आरोपियों को जमानत देने से इंकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 27 सितंबर को करने का आदेश दिया है। इस प्रकार नैतिकता के चोले में छिपे भ्रष्टाचार के साक्षात् रूप योगेंद्र और आजाद सिंह का 27 सितंबर तक जेल की सलाखों के पीछे रहना तय है। इन दोनों आरोपियों की घृणित गंदी करतूतों से आर्यसमाज और गौशालाओं से जुड़े हुए लोग लज्जित हैं। पाप का घड़ा एक न एक दिन फूटता ही है। अभी तो हिसार में किए गए लगभग 13 लाख के गबन में योगेंद्र के ऊपर कार्यवाही होना बाकी है। आर्यसमाज के चोले में छिपे ऐसे धनपिशाच छद्म भेड़ियों के कारण ही आर्यसमाज की आज दुर्दशा हो रही है। इतना निकृष्ट आचरण करते हुए भी ऐसे लोग पूरी बेशर्मी के साथ सड़कों पर आर्यसमाज की पगड़ी उछालने का घृणित कार्य करते हैं। वस्तुतः इन लोगों के आश्रयदाता व फाइनेंसर वो लोग हैं जो आर्यसमाज को जड़ से मिटा देना चाहते हैं। आर्यसमाज के अंदर भी इन भ्रष्ट गबनकर्ताओं के कुछ मालिक मौजूद हैं। ऐसी काली भेड़ों की भी आर्यसमाजियों को पहचान करनी होगी। बाना बदलने में योगेंद्र और आजाद सिंह माहिर हैं। योगेंद्र के फेसबुक पर कितने ही फोटो आप ऐसे देखेंगे जिनमें कभी तो यह भ्रष्टाचारी मौका देखकर सन्यासी का भेष धारण कर लेता है और कभी ब्रह्मचारी का। इन्होने वैदिक धर्म के इन पवित्र परिधानों को अपने अनैतिक, गंदे और पाखंडपूर्ण आचरण को छिपाने के लिए खाल की तरह इस्तेमाल किया है। वस्तुतः करना तो इनको नटपना चाहिए था या फैशन परेड के शो, लेकिन करने लगे समाज सेवा और गौसेवा की आड़ में अनैतिक धंधे।

## जजपा को लगा झटका, देवेंद्र बबली, संजय कबलाना और सुनील सांगवान भाजपा में शामिल

**वैभव न्यूज** ■ चंडीगढ़




विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा और मजबूत हो गई। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, हरियाणा चुनाव सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने जजपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली, जजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कबलाना और पूर्व जेल अधीक्षक सुनील सांगवान को भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई। इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, हरियाणा चुनाव सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब और भाजपा राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख मौजूद रहे। मंच पर उपस्थित सभी सम्मानित पदाधिकारियों ने देवेन्द्र बबली, सुनील सांगवान और संजय कबलाना को भारतीय जनता पार्टी का पटका पहनाकर व सदस्यता की पर्ची देकर भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई और उनका पार्टी में स्वागत किया।

राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने कहा कि आज भाजपा का सदस्यता दिवस का शुभारंभ हो रहा है। ऐसे मौके पर पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली, संजय कबलाना और सुनील सांगवान अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए इन सभी का पार्टी में स्वागत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार भाजपा का ग्राफ बढ़ रहा है। देश के 20 राज्यों में एनडीए की सरकार है, इनमें से 13 राज्यों में स्वतंत्र रूप से भाजपा की सरकार है। 60 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। अरूण सिंह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा के पक्ष में हवा चल रही है। हरियाणा के लोग तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए आतुर है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने थोड़े से समय में ही जनता के हितों के लिए 108 काम किए हैं। हरियाणा की भाजपा सरकार ने गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए अद्भुत कार्य किए हैं। भाजपा की नीतियों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनके कार्यों से प्रभावित होकर दूसरी पार्टियों के लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं और तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाना चाह रहे हैं। अरूण सिंह ने दावा करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी और हरियाणा से कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा। जींद में भी बहुत लोगों ने भाजपा ज्वाइन की है। हजारों की संख्या में युवा भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा में बड़ी जीत हासिल करेंगे: बिप्लब देब

त्रिपुरा के पूर्व सीएम एवं हरियाणा विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा जिस विश्वास के साथ देवेंद्र बबली, सुनील सांगवान और संजय कबलाना ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है निश्चित ही आगामी चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्ण बहुमत के साथ विजयी होंगे। बिप्लब कुमार देब ने देवेन्द्र बबली, सुनील सांगवान और संजय कबलाना द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिखाए गए दिशा और कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने पर सभी का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ तीनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है निश्चित ही आगामी चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्ण बहुमत के साथ विजयी होंगे।

### तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी: बड़ौली

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भी भाजपा में शामिल हुए तीनों नेताओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली, संजय कबलाना जिनका अपना जनाधार है। राजनीतिक पार्टियों में अलग-अलग पदों पर रहे हैं और चुनाव भी लड़ा है। उन्होंने कहा कि सुनील सांगवान के पिता भी विधायक एवं मंत्री रहे हैं और आज सरकारी नौकरी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं मैं इन सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करता हूं। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि विधानसभा चुनाव इतिहास रचने वाला चुनाव होगा और तीसरी बार लगातार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी।

## अमृतसर के पास पटाखे की अवैध इकाई में धमाका, सात लोग घायल

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में किराए के एक मकान में संचालित की जा रही पटाखे की अवैध इकाई में धमाका होने से सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना अमृतसर शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर जंडियाला शहर के नागल गुरु गांव में रविवार शाम की है। घर के भीतर पटाखे बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली सामग्री भारी मात्रा में रखी हुई थी। इसमें आग लगने के बाद धमाका हो गया। पुलिस ने बताया कि धमाके में सात लोग घायल हो गए। जिस मकान में पटाखे की यह अवैध इकाई संचालित की जा रही थी उसकी दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। घायलों का अमृतसर के एक सरकारी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

## शहरी मतदाताओं का रूझान जेजेपी की तरफ : राजदीप सिंह



**वैभव न्यूज** ■ चरखी दादरी

दादरी शहर के लोगों ने सदैव अपना समर्थन और आशीर्वाद जननायक जनता पार्टी व डॉ अजय सिंह चौटाला को दिया है। पूर्व की भांति इस विधानसभा चुनाव में भी दादरी शहर के मतदाताओं का रुझान जेजेपी पार्टी की ओर है। लोगों के जोश-उत्साह को देखते हुए निश्चित तौर पर आने वाले विधानसभा चुनाव में दादरी शहर से जेजेपी पार्टी बड़ी विजय हासिल करेगी। दादरी हल्का से जेजेपी प्रत्याशी राजदीप फौगाट ने शहर के वार्ड नंबर 2 में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कही। शहर वासियों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजदीप फौगाट ने कहा कि उन्होंने सदैव दादरी शहर वासियों के परेशानियों को दूर करने के लिए संघर्ष किया है। प्रदेश सरकार में सहभागी बनकर भी जननायक जनता पार्टी ने क्षेत्र के विकास के लिए कई बड़ी परियोजनाएँ स्वीकृत करवाने का काम किया।

## शहीद जवानों के परिवार के साथ भाजपा सरकार पूर्ण संवेदनशीलता के साथ खड़ी है: मुख्यमंत्री नायब सैनी

**वैभव न्यूज** ■ चंडीगढ़/गुरुग्राम



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जम्मू कश्मीर में आतंकवादी मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए विकास राघव को श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके पैतृक गांव दोहला में पहुंचे। शहीद के घर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने उनको श्रद्धांजलि दी और परिवार जनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार शहीदों के परिवार के साथ सदा खड़ी है। उन्होंने कहा कि शहीद विकास राघव ने देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान किया है और पूरे देश को शहीद विकास राघव की शहादत पर गर्व है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि मां भारती की सेवा में कर्तव्य पालन के दौरान अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीद जवानों के परिवार के साथ प्रदेश सरकार पूर्ण संवेदनशीलता के साथ खड़ी है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आतंकियों से सख्ती के साथ निपट रही है। देश की सीमा पर तैनात हमारे वीर जवान आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत और सुरक्षित है। सैनी ने कहा कि आतंकियों के मंसूबे कभी भी पूरे होने वाले नहीं है। इस मौके पर सीएम सैनी के साथ खेल मंत्री संजय सिंह, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव, जिला महामंत्री रामबीर भाटी और महेश चौहान भी मौजूद रहे।

## जलभराव, सीवर जाम या ओवर फ्लो, स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं से जूझ रहा है हरियाणा: सैलजा

**वैभव न्यूज** ■ चंडीगढ़/सिरसा



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश की भाजपा सरकार के सभी दावों को ठुकराते हुए कहा कि पिछले दस सालों में भाजपा ने प्रदेश का विकास नहीं विनाश किया है, प्रदेश के किसी हर जिले के छोटे-बड़े शहर, यातायात जाम, जलभराव, सीवर जाम या ओवर फ्लो, पेयजल संकट, स्ट्रीट लाइट जैसे समस्याओं से जूझ रहे है, बड़े- बड़े शहरों में लगने वाले जाम से जिंदगी ठहर जाती है, तो जलभराव में जिंदगी तैरती नजर आती है। प्रदेश की जनता मूलभूत सुविधाओं से जूझ रही है, अगर भाजपा इसी को विकास कहती है तो प्रदेश की जनता को ऐसा विकास नहीं चाहिए। भाजपा जुमलेबाज है झूठी घोषणाएं करने में उसका कोई सानी नहीं है। दस साल से भाजपा के उत्पीड़न और शोषण का शिकार हो रही जनता इस बार भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी और कांग्रेस को सत्ता में लेकर आएगी। विकास को ढूंढ-ढूंढ कर शहरवासी परेशान हैं, टूटी सदकोट से आवाजाही बदहाल है, कानून व्यवस्था चरमरा सी गई है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जब से सत्ता संभाली है, धर्म और जाति के नाम पर जनता को आपस में लड़ाती रही है, विकास के नाम पर भाजपा ने प्रदेश को और पीछे धकेल दिया, यह सरकार कांग्रेस के शासन में लागू की गई योजनाओं के नाम बदलकर जनता को गुमराह करने का काम करती रही है, अगर भाजपा सरकार ने कुछ किया होता तो देश का अन्नदाता सड़को पर न बैठा होगा, कर्मचारी अपने हक की आवाज उठाने के लिए धरना प्रदर्शन न करते, जहां पर देखों वहीं पर धरना प्रदर्शन दिखाई देते है, इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार ने क्या कुछ किया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से जवाब मांग रही है पर ये सरकार तो तब जवाब देगी जब उसने कुछ किया हो। भाजपा सरकार ने दस साल में झूठी घोषणाओं के सिवाय कुछ नहीं किया। सीएम अपनी ही घोषणाओं पर अमल नहीं कर पाए। आज प्रदेश यातायात जाम, जलभराव, सीवर जाम या ओवर फ्लो, पेयजल संकट, स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की जिम्मेदारी है पर सरकार ने अपना कोई भी काम जिम्मेदारी से नहीं किया। झूठी घोषणाओं से जनता का पेट नहीं भरने वाला है। उन्होंने कहा कि किसी भी शहर में चले जाओ हर तरफ जाम ही जाम लगा दिखाई देता है, यातायात पुलिस को केवल चालान काटने का काम सौंपा हुआ है, यातायात जाम से उसे कोई लेना देना नहीं है। एनसीआर में शामिल जिलों में यो यातायात का बहुत ही बुरा हाल है, एंबुलेंस को निकलने तक के लिए रास्ता नहीं मिलता है।

**अभिनंदन** ऊन्नत सोच का एक बड़ा उदाहरण है एमडब्ल्यूबी: अभिजय चोपड़ा

# मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन ने किया अभिजय चोपड़ा का अभिनंदन

**वैभव न्यूज** ■ चंडीगढ़

मीडिया वेलबिंग ऐसोसिएशन (रजि0) पत्रकारों व् उनके परिवारों के कल्याण के उद्देश्य से जो निशुल्क टर्म व एक्सीडेंटल इंश्योरेंस करवा कर रही है वो वास्तव मे संस्था की ऊन्नत सोच का एक बड़ा उदाहरण है। यह शब्द पंजाब केसरी के डायरेक्टर अभिजय चोपड़ा ने साह (अंबाला) मे कहे, दरअसल वह उनके दादा अमर शहीद लाला जगत नारायण चोपड़ा जी की 43वें शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। जहां मीडिया वेलबीइंग् ऐसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी ने संस्था के कुछ पदाधिकारियों संग उन्हें एक समृति चिन्ह तथा दोशाला भेंट किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा बनाए गए अपने सदस्य साथियों के आइडेंटी कार्ड की लॉन्चिंग भी अभिजय चोपड़ा के कर कलमों से करवाई गई। जहां अभिजय चोपड़ा ने कुछ साथियों के गले में अपने हाथों से आइडेंटी कार्ड भी पहनाए। इस मौके पर बलराम सैनी सुमन भटनागर समेत कई वरिष्ठ पत्रकार भी मौजूद रहे।



### पत्रकारों के कल्याण की सोच को लेकर आगे बढ़ रही है संस्था: अभिजय

इस मौके पर चंद्रशेखर धरणी ने अभिजय चोपड़ा को अवगत करवाया कि मीडिया वेलबीइंग् एसोसिएशन ने हरियाणा में अपने सभी सदस्य साथियों के 10-10 लाख रुपए के टर्म और एक्सीडेंटल इंश्योरेंस बिल्कुल निशुल्क करवाए हैं, इनकी एवज में किसी भी साथी से कोई खर्च नहीं लिया गया। अभी तक दर्जनों साथियों की विभिन्न परिस्थितियों में अपने निजी कोश से संस्था आर्थिक मदद भी कर चुकी है। कुछ समय पहले एक वरिष्ठ पत्रकार साथी ज्ञानेंद्र भरतरिया के अचानक देहांत होने की सूरत में संस्था द्वारा करवाए गए इंश्योरेंस के चलते 10 दिन के अंदर परिवार को 10 लाख रुपए इंश्योरेंस कंपनी से दिलवाए जाने का काम संस्था द्वारा किया गया। इस मौके पर पंजाब केसरी के डायरेक्टर अभिजय चोपड़ा ने मीडिया वेलबीइंग ऐसोसिएशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था पत्रकारों के कल्याण की सोच को लेकर आगे बढ़ रही है, जिसके कार्यों को देख और सुन काफी सुखद अनुभूति हो रही है।

### उग्रवाद और आपातकाल भी नहीं रोक पाए शहीद लाल जी की देश समर्पित सोच को: धरणी

इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरनी ने कहा कि वह पंजाब केसरी ग्रुप से पिछ्ले लगभग 35 वर्षो से जुड़े हैं। शहीद लाला जगत नारायण जी हमेशा मेरे लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे। उन्होंने संघर्ष के दौर में भी जिस प्रकार से सामाजिक दायित्वों के साथ पत्रकारिता धर्म को निभाया, पंजाब में उग्रवाद के दौरान भी और देश में आपातकाल के दौरान भी वह हमेशा निडर होकर अखबारों का प्रकाशन करते रहे। कभी किसी के साथ कोई समझौता नहीं, बिना डरे- बिना रुके हमेशा देश क़ो सर्वोपरि मानते हुए वह आगे बढ़ते रहे। ना कभी तत्कालीन सरकारों के सामने झुके और ना ही देशद्रोहियों के सामने, उनकी लेखनी हमेशा तीखी तलवार जैसी रही। वहीं उन्होंने कहा कि पंजाब केसरी के जॉइंट डायरेक्टर अविनाश चोपड़ा उनके गुरु भी व मार्गदर्शक भी हैं। जब भी जीवन में कोई कठिनाई - कोई परेशानी या कोई संकट महसूस करता हूं तो या तो शहीद लाला जगत नारायण की जीवनी पढ़ता हूं या फिर अविनाश चोपड़ा जी का मार्गदर्शन लेता हूं।

## चुनाव प्रचार में सुरक्षा वाहन को छोड़कर 10 से ज्यादा वाहनों के काफिले को चलने की नहीं होगी अनुमति: पंकज अग्रवाल

**वैभव न्यूज** ■ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव 2024 की नामांकन प्रक्रिया आरंभ होने के साथ ही चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार के समय रोड शो, चुनाव रैलियों के दौरान जनसाधारण को असुविधा न हो इसके लिए उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना करनी होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि किसी भी उम्मीदवार या राजनैतिक दल को चुनाव प्रचार के लिए वाहनों की अनुमति लेना जरूरी है, बिना अनुमति के प्रचार में वाहनों का प्रयोग नहीं कर सकते। उम्मीदवार या राजनैतिक दल द्वारा प्रचार के लिए जिन वाहनों का पंजीकरण करवाया गया है उनका विवरण व्यय पर्यवेक्षक को बताना जरूरी है ताकि उनके चुनाव खर्च में जोड़ा जा सकें। इसके अलावा, किसी भी अतिरिक्त वाहन की तैनाती तभी हो सकती है, जब उम्मीदवार या उसके एजेंट द्वारा वाहनों की वास्तविक तैनाती से काफी पहले इस आशय की सूचना दी गई हो। चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल किए जा रहे वाहनों का ब्यौरा देते समय उन क्षेत्रों, तहसीलों का ब्यौरा भी बताना चाहिए, जिनमें वाहन चलेंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव में प्रचार के लिए वाहनों का उपयोग यातायात नियमों के अनुसार ही करना होगा।

# विराट वैभव SPORTS

नई दिल्ली, मंगलवार, 03 सितम्बर 2024





http://epaper.viraatvaibhav.com
https://www.facebook.com/viraatvaibhavdelhi




भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी थुलासिमथी मुरुगेसन ने हमवतन मनीषा रामदास को हराकर पैरालंपिक खेलों में महिला एकल एसयू5 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया।

## एक नजर

### दलीप ट्रॉफी में पहले दौर के मैच नहीं खेल सकेंगे सूर्यकुमार

**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव दाहिने हाथ में लगी चोट के कारण पांच सितंबर से शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के मैच नहीं खेल सकेंगे। सूर्यकुमार ने कोयंबटूर में तमिलनाडु क्रिकेट संघ एकादश के खिलाफ मुंबई के लिए बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट खेला था। वह चोट के कारण आखिरी दिन नहीं खेल सके। सूर्यकुमार को पांच से आठ सितंबर तक अनंतपुर में भारत डी के खिलाफ भारत सी के लिए खेलना है। वह बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी जाएंगे। भारत ए और भारत बी का मैच बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर होगा।

### गठिया से जूझ रही है साइना नेहवाल, साल के आखिर तक संन्यास पर करेंगी फैसला

**नई दिल्ली।** भारत की चोटी की बैडमिंटन खिलाड़ी और पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने खुलासा किया है कि वह गठिया से जूझ रही हैं और उन्हें इस साल के अंत तक इस खेल में अपने भविष्य के बारे में फैसला करना होगा क्योंकि इस बीमारी के कारण उनके लिए सामान्य दिनों की तरह अभ्यास करना मुश्किल हो गया है। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी 34 वर्षीय नेहवाल ने लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीता था। तीन बार ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाली नेहवाल ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनी थी। राष्ट्रमंडल खेल 2010 और 2018 की स्वर्ण पदक विजेता ने कहा कि वह अब इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकती हैं कि उनका करियर अपने अंतिम चरण में है। दिग्गज निशानेबाज और पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल के नेता गगन नारंग के हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट में नेहवाल ने कहा, मेरे घुटने की स्थिति अच्छी नहीं है। मुझे गठिया है। मेरा कार्टिलेज खराब हो गया है। ऐसे में आठ-नौ घंटे तक खेल से जुड़े रहना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा, ऐसी स्थिति में आप दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को कैसे चुनौती देंगे। मुझे किसी न किसी स्तर पर इसे स्वीकार करना होगा क्योंकि शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए दो घंटे का अभ्यास पर्याप्त नहीं है। नेहवाल ने कहा कि वह अभी इस बात पर विचार कर रही हैं कि संन्यास लेने का उन पर क्या प्रभाव पड़ेगा, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि आखिरकार उन्हें फैसला लेना होगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने अवनि लेखरा को बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरालम्पिक खेलों में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनी निशानेबाज अवनि लेखरा को बधाई दी। अवनि ने पेरिस पैरालम्पिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच 1) वर्ग में रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। मोदी ने अवनि से फोन पर बात करते हुए कहा कि वह अच्छा खेल रही है और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामना भी दी। अवनि ने कहा कि उन्होंने शांतचित्त होकर खेला और दबाव नहीं लिया जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था। अवनि ने तीन साल पहले तोक्यो पैरालम्पिक में भी स्वर्ण पदक जीता था।

**पैरालंपिक** कथुनिया ने तोक्यो पैरालंपिक में 44.38 मीटर के बेहतर प्रयास के साथ रजत पदक जीता था।

# अब रजत पदक की बाधा को पार कर स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं: कथुनिया

**एजेंसी ■ पेरिस**

➲ कथुनिया ने मैच के बाद कहा- प्रतियोगिता ठीक रही, मुझे रजत पदक मिला।



➲ कथुनिया ने कहा, आज मेरा दिन नही था, मेरा प्रदर्शन लगातार अच्छा रहता है लेकिन आज मुझे उतनी खुशी महसूस नहीं हो रही है।

पैरालंपिक खेलों में लगातार दूसरी बार रजत पदक जीतने वाले भारतीय चक्का फेंक खिलाड़ी योगेश कथुनिया अपने प्रदर्शन से बहुत खुश नहीं है क्योंकि उन्हें लगता है कि वह कई प्रमुख टूर्नामेंटों में दूसरे स्थान की बाधा को पार नहीं कर पा रहे हैं। हरियाणा के 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों के एफ56 चक्का फेंक स्पर्धा में 42.22 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ सोमवार को यहां रजत पदक जीता। कथुनिया अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं थे और उन्होंने अगले बड़े टूर्नामेंट में अपने पदक का रंग बेहतर करने का वादा किया। कथुनिया ने मैच के बाद यहां कहा, प्रतियोगिता ठीक रही, मुझे रजत पदक मिला। मैं अब पदक का रंग बदलने के लिए कड़ी मेहनत करूंगा। उन्होंने कहा, पिछले कुछ समय से मैं केवल रजत जीत रहा हूं, चाहे वह तोक्यो (पैरालंपिक) हो या आज, विश्व चैंपियनशिप या एशियाई खेल..हर जगह मैं रजत जीत रहा हूं। गाड़ी अटक गई है। मुझे लगता है कि मुझे और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। अब मुझे स्वर्ण पदक चाहिए। तोक्यो पैरालंपिक से कथुनिया ने बड़े आयोजनों में लगातार पांचवीं बार रजत पदक जीता है। उन्होंने 2023, 2024 विश्व चैंपियनशिप के साथ-साथ पिछले साल एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीते थे। पैरालंपिक के साथ उन्होंने 2023, 2024 विश्व चैंपियनशिप और पिछले साल एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीते थे। कथुनिया नौ साल की उम्र में गुइलेन-बैरी सिंड्रोम से ग्रसित हो गए थे। यह एक दुर्लभ बीमारी है जिसमें शरीर के अंगों में सुन्नता, झनझनाहट के साथ मांसपेशियों में कमजोरी आ जाती है और बाद में यह पक्षाघात (पैरालिसिस) का कारण बनता है। वह बचपन में व्हीलचेयर की मदद से चलते थे लेकिन अपनी मां मीना देवी की मदद से वह बाधाओं पर काबू पाने में सफल रहे। उनकी मां ने फिजियोथेरेपी सीखी ताकि वह अपने बेटे को फिर से चलने में मदद कर सके। कथुनिया के पिता भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं। कथुनिया ने दिल्ली के प्रतिष्ठित किरोड़ीमल कॉलेज से कॉमर्स में स्नातक किया है। कथुनिया ने तोक्यो पैरालंपिक में 44.38 मीटर के बेहतर प्रयास के साथ रजत पदक जीता था। उनका सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन 48 मीटर का है जो इंडिया ओपन में आया था। इंडिया ओपन हालांकि विश्व पैरा एथलेटिक्स के अंतर्गत नहीं आता है। कथुनिया ने कहा, आज मेरा दिन नहीं था, मेरा प्रदर्शन लगातार अच्छा रहता है लेकिन आज मुझे उतनी खुशी महसूस नहीं हो रही है। मेरा परिवार खुश होगा, वे जश्न मना रहे होंगे।

# नागल पीठ की चोट के कारण स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले से हटे



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पीठ की चोट के कारण स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले से सोमवार को हट गए। नागल हाल ही में अमेरिकी ओपन में अपने पहले दौर के एकल मुकाबले में टालोन ग्रिक्सपुर से हार गए थे। भारत और स्वीडन के बीच स्टॉकहोम में इनडोर हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता 14-15 सितंबर को खेली जाएगी। नागल के हटने के बाद रिजर्व खिलाड़ी आर्यन शाह को मुख्य टीम में शामिल किया गया है जबकि मानस धमने को स्टैंडबाय पर रखा गया है। नागल ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए वास्तव में उत्सुक था। उन्होंने कहा, मुझे हालांकि पीठ में दर्द की समस्या पिछले कुछ सप्ताह से परेशान कर रही है। डॉक्टरों ने मुझे अगले दो सप्ताह तक आराम करने की सलाह दी है, जिससे मेरे पास तैयारी करने और स्वीडन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है। उन्होंने कहा, मैंने इसी समस्या के कारण अमेरिकी ओपन में युगल मुकाबलों से अपना नाम वापस ले लिया था। मैं डेविस कप मुकाबले से चूकने को लेकर बहुत निराश हूं, लेकिन पीठ की स्थिति को और खराब होने से बचाने के लिए मुझे अपने शरीर के मुताबिक काम करना होगा ताकि मैं सीजन को मजबूत और स्वस्थ तरीके से समाप्त कर सकूं। भारतीय टीम को शुभकामनाएं। मैं घर से आप सभी की हौसला अफजाई करूंगा। नागल जुलाई में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 68 पर पहुंच गए थे लेकिन नवीनतम रैंकिंग में गिरकर 82 पर आ गए हैं।

## प्रियांश के आदर्श हैं कोहली, आरसीबी के लिए खेलना चाहते हैं

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में शानदार प्रदर्शन कर रहे प्रियांश आर्य अपने आदर्श दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की तरह 18 नंबर की जर्सी पहनते हैं और उन्हें उम्मीद है कि एक दिन आईपीएल में उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) की ओर से खेलेंगे। मौजूदा टूर्नामेंट में एक ही ओवर में छह छक्के जड़ने वाले पहले खिलाड़ी बने प्रियांश ने कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग की बड़ी नीलामी में उनके चुने जाने की संभावना को फिलहाल अधिक तवज्जो नहीं दे रहे। प्रियांश नौ पारियों में दो शतक की मदद से 602 रन बनाकर टीम के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। उन्होंने 75.25 के औसत के अलावा 198.0 के शानदार स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। प्रियांश ने पीटीआई वीडियो को दिए साक्षात्कार में कहा, विराट कोहली मेरे पसंदीदा क्रिकेटर हैं, मैं आरसीबी के लिए खेलना चाहता हूं। मेरी पसंदीदा टीम आरसीबी है और मुझे विराट कोहली बहुत पसंद है, मुझे उनकी आक्रामकता पसंद है। मुझे भी आक्रामक क्रिकेट खेलना पसंद है। वह मेरे आदर्श हैं। लगातार छह छक्कों के बारे में उन्होंने कहा, मेरे मन में यह बात थी कि अगर कोई बाएं हाथ का स्पिनर गेंदबाजी करने आएगा तो मैं उसे निशाना बनाऊंगा। चौथे छक्के के बाद मुझे विश्वास होने लगा कि मैं छह छक्के मार सकता हूं और ऐसा करूंगा। आयुष (बडोनी) ने मेरा समर्थन किया और मुझे ऐसा करने के लिए कहा। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स की ओर से खेलने वाले प्रियांश भारत में राज्य टी20 लीग के एक सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं और उनकी नजरें डीपीएल ट्रॉफी पर टिकी हैं।

## पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी कुमार नितेश ने पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता

**एजेंसी ■ पेरिस**

भारत के कुमार नितेश ने सोमवार को यहां पुरुष एकल एसएल3 बैडमिंटन फाइनल में कड़े मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को हराकर पैरालंपिक में पहली बार स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के 29 साल के नितेश ने अपने मजबूत डिफेंस और सही शॉट चयन की मदद से तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता बेथेल को एक घंटे और 20 मिनट चले मुकाबले में 21-14 18-21 23-21 से हराया। एसएल3 वर्ग के खिलाड़ियों के शरीर के निचले हिस्से में अधिक गंभीर विकार होता है और वह आधी चौड़ाई वाले कोर्ट पर खेलते हैं। जब नितेश 15 वर्ष के थे तब उन्होंने 2009 में विशाखापत्तनम में एक रेल दुर्घटना में अपना बायां पैर खो दिया था लेकिन वह इस सदमे से उबर गए और पैरा बैडमिंटन को अपनाया। नितेश की जीत के साथ एसएल3 वर्ग का स्वर्ण पदक भारत के पास बरकरार रहा।

## बोपन्ना-एबडेन की पुरुष युगल जोड़ी अमेरिकी ओपन से बाहर

**न्यूयॉर्क।** रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन की तीसरे दौर में हार के साथ ही भारत की अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल में चुनौती समाप्त हो गई। बोपन्ना और एबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी रविवार की रात को खेले गए मैच में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की 16वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 66 मिनट में।-6, 5-7 से हार गई। बोपन्ना और एबडेन ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता था। 44 वर्षीय बोपन्ना पहले ही डेविस कप से संन्यास लेने की घोषणा कर चुके हैं और यह देखना दिलचस्प होगा।

## भारतीय निशानेबाज निहाल सिंह और आमिर अहमद भट क्वालिफिकेशन दौर से बाहर

**एजेंसी ■ शेटराउ (फ्रांस)**

भारतीय निशानेबाज निहाल सिंह और आमिर अहमद भट सोमवार को यहां मिश्रित 25 मीटर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर में क्रमशः 10वें और 11वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। दोनों भारतीयों के प्रदर्शन में क्वालीफिकेशन के पहले चरण में निरंतरता दिखी। प्रीसिजन चरण के बाद निहाल 287 अंक के साथ चौथे जबकि आमिर 286 अंक के साथ आठवें और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान पर चल रहे थे। रेपिड चरण में हालांकि निहाल और आमिर दोनों 282 अंक ही जुटा पाए और कुल क्रमशः 569 और 568 का स्कोर बनाया जो फाइनल में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था। क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष आठ में रहने वाले निशानेबाज फाइनल में प्रवेश करते हैं।

एसएच। में वर्गीकृत खिलाड़ी बिना किसी कठिनाई के अपनी बंदूक पकड़ने और खड़े होकर या बैठकर( व्हीलचेयर या कुर्सी पर) गोली चलाने में सक्षम होते हैं। नियम के तहत एसएच। खिलाड़ी पिस्टल या राइफल का उपयोग कर सकते हैं। भारतीय निशानेबाज दूसरे दिन पदक जीतने में नाकाम रहे। निशानेबाज अब तक एक स्वर्ण सहित चार पदक जीत चुके हैं।

## *पीएम ने पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी47 स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर निषाद कुमार को बधाई दी*



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पैरालंपिक 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद टी47 स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर निषाद कुमार को बधाई दी। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- 'पैरालंपिक2024 में पुरुषों की ऊंची कूद टी47 स्पर्धा में रजत पदक जीतने की असाधारण उपलब्धि के लिए @nishad_hj को बधाई! उन्होंने हम सभी को दिखाया है कि जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ सब कुछ संभव है। भारत गौरवान्वित है।'

**अमेरिकी ओपनः** गॉफ ने कहा, भले ही कुछ परिणाम अनुकूल नही रहे लेकिन मैंने इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया।

# कोको गॉफ बाहर, अमेरिकी ओपन में लगातार खिताब नहीं जीत पाने का सिलसिला जारी

**एजेंसी ■ न्यूयॉर्क**



गत चैंपियन कोको गॉफ का अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान चौथे दौर में ही थम गया। इस तरह से वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार खिताब नहीं जीत पाने का पिछले 10 वर्षों से चला आ रहा सिलसिला जारी है। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 19 डबल फॉल्ट किए जिसका आखिर में उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा और वह एम्मा नवारो से 6-3, 4-6, 6-3 से हार गईं। गॉफ का पिछली कुछ प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह पेरिस ओलंपिक के तीसरे दौर में हार गई थी जबकि अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में खेले गए टूर्नामेंट में भी वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। उन्होंने हालांकि इसे सकारात्मक रूप में लिया। गॉफ ने कहा, भले ही कुछ परिणाम अनुकूल नहीं रहे लेकिन मैंने इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया। कितने ही खिलाड़ी हैं जो चौथे दौर में पहुंचाना चाहते हैं और ओलंपिक का हिस्सा बनना चाहते हैं। कई खिलाड़ी हैं जो ध्वजवाहक बनना चाहते हैं। यह इस परिप्रेक्ष्य में है। यह परिणाम शुक्रवार को मौजूदा पुरुष चैंपियन नोवाक जोकोविच की तीसरे दौर में हार के बाद आया है। इसका मतलब है कि अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव करने में असफल रहने का पिछले कुछ वर्षों से चला आ रहा सिलसिला जारी रहेगा। अमेरिकी ओपन में पिछले 10 वर्ष से कोई भी खिलाड़ी लगातार दो बार खिताब नहीं जीत पाया है। महिला एकल में ऐसा करने वाली आखिरी खिलाड़ी सेरेना विलियम्स थी जिन्होंने 2012 से 2014 तक खिताब जीते थे। पुरुष वर्ग में ऐसा कारनामा रोजर फेडरर ने 2004 से 2008 तक किया था। नवारो का अगला मुकाबला पाउला बडोसा से होगा, जिन्होंने वांग याफान के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने एलिस मर्टेंस को 6-2, 6-4 से हराया। सबालेंका क्वार्टर फाइनल में झेंग किनवेन से भिड़ेंगी, जिन्होंने सोमवार को सुबह दो बजकर 15 मिनट पर समाप्त हुए मैच में डोना वेकिच को 7-6 (2), 4-6, 6-2 से हराया। अमेरिकी ओपन में इससे पहले कभी कोई मैच इतनी देर रात तक नहीं खिंचा था।

**फुटबॉल** भारतीय पुरुष टीम 16 साल में पहली बार तेलंगाना की राजधानी पहुंची है।

# नए कोच मार्केज की देखरेख में भारतीय टीम की नजरें बेहतर शुरुआत पर

**एजेंसी ■ हैदराबाद**



➲ इंटरकांटिनेंटल कप के मैच यहां के जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाएंगे।

विश्व कप क्वालीफायर में निराशा को पीछे छोड़ते हुए भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम मंगलवार को यहां इंटरकांटिनेंटल कप के पहले मैच में जब मॉरीशस के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश नए मुख्य कोच मोनालो मार्केज के नेतृत्व में दमदार आगाज करने की होगी। भारतीय पुरुष टीम 16 साल में पहली बार तेलंगाना की राजधानी पहुंची है। यह शहर तीन से नौ सितंबर तक इंटरकांटिनेंटल कप के लिए मॉरीशस और सीरिया की मेजबानी करेगा। मार्केज ने इस टूर्नामेंट को एएफसी एशियन कप क्वालीफायर जैसे भविष्य के बड़े टूर्नामेंटों की तैयारियों के लिए ड्रेस रिहर्सल करार दिया है। मार्केज का मानना है कि वह सत्र के शुरू होने के बाद टीम की गुणवत्ता का बेहतर आकलन कर पाएंगे। स्पेन के इस कोच ने कहा, सितंबर, अक्टूबर और नवंबर में इस तरह के मैचों को खेलने का मुख्य लक्ष्य मार्च में खेले जाने वाले एशियाई कप क्वालीफायर जैसे अहम आयोजन के लिए अपनी तैयारियों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा, फीफा के मौजूदा सत्र का पहला विंडो हमारे लिए थोड़ा मुश्किल है क्योंकि हम अब भी सत्र पूर्व वाली स्थिति में है। कुछ क्लबों ने डूरंड कप में अपनी रिजर्व टीम के साथ भाग लिया। हम सभी खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति के बारे में ठीक से नहीं जानते हैं। फीफा के अगले विंडो में हालांकि ऐसा नहीं होगा क्योंकि उस समय आईएसएल का आयोजन हो रहा होगा। इंटरकांटिनेंटल कप के मैच यहां के जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारतीय टीम का दीर्घकालिक लक्ष्य 2027 एएफसी एशियाई कप के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करना है जिसका आगाज अगले साल मार्च में होगा। मार्केज ने आगामी तीन अंतरराष्ट्रीय मैच में अच्छे परिणाम प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया है ताकि एएफसी एशियाई कप के लिए दिसंबर में होने वाले ड्रॉ में भारतीय टीम को पॉट एक में जगह मिल पाए। मार्केज के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि उन्हें टूर्नामेंट से पहले खिलाड़ियों के साथ सिर्फ दो अभ्यास सत्र करने का मौका मिला है। भारतीय कोच ने इस टूर्नामेंट के लिए पिछले महीने अपनी 26 सदस्ईय टीम की घोषणा की थी। टीम में कुछ नए चेहरे और कुछ वापसी करने वाले खिलाड़ी भी शामिल थे।

# आठ फरवरी को वांडरर्स पर होगा एसए20 के तीसरे सत्र का फाइनल

**एजेंसी ■ जोहानिसबर्ग**




बेतवे एसए20 लीग के तीसरे सत्र का फाइनल वांडरर्स स्टेडियम पर आठ फरवरी को खेला जाएगा जबकि पहला मैच नौ जनवरी को दो बार के चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप और मुंबई इंडियंस केपटाउन के बीच सेंट जॉर्जस पार्क पर होगा। आयोजकों ने सोमवार को यहां लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ और सभी छह टीमों के खिलाड़ियों की मौजूदगी में तीसरे सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार पिछले सत्र की उपविजेता डरबन सुपर जाइंट्स का सामना 10 जनवरी को डरबन के किंग्समीड स्टेडियम पर प्रिटोरिया कैपिटल्स से होगा। न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन पहली बार डरबन टीम के लिए खेलेंगे जबकि कैपिटल्स के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया चोट के कारण दूसरे सत्र से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं। पार्ल रॉयल्स अपने अभियान का आगाज 11 जनवरी को जोबर्ग सुपर किंग्स के खिलाफ बोलैंड पार्क पर करेंगे। तीसरे सत्र में भी प्लेआफ प्रारूप ही रहेगा लेकिन इस बार तीन अलग अलग जगहों पर प्लेआफ मुकाबले खेले जाएंगे। शीर्ष दो टीमें पहले क्वालीफायर में एक दूसरे से खेलेंगी जिसके बाद तीसरे और चौथे नंबर की टीम के बीच एलिमिनेटर खेला जाएगा और पहला क्वालीफायर हारने वाली टीम एलिमिनेटर के विजेता से दूसरा क्वालीफायर खेलेगी। स्मिथ ने कहा , तीसरा सत्र बड़ा और बेहतर होगा।

फैशन

# प्लाजो कुर्ता सेट में दिखें स्टाइलिश टीचर

हर साल टीचर्स डे 5 सितंबर को मनाया जाता है। इसमें सीनियर क्लास के बच्चों को टीचर बनने का मौका मिलता है। अगर इस लिस्ट में आपका नाम शामिल है, तो इसके लिए आप प्लाजो कुर्ता सेट ले सकती हैं। इसमें आप पूरे दिन कम्फर्टेबल रहेंगी। साथ ही, आप सुंदर दिखाई देंगी।

**अनारकली कुर्ता विद प्लाजो सूट**

आप टीचर लुक के लिए अनारकली कुर्ता विद प्लाजो सूट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आपको प्रिंट डिजाइन मिलेगा। लेकिन इसके



साथ प्लाजो और दुपट्टा प्लेन मिलेगा, ताकि लुक परफेक्ट लगे। इसके साथ आप अलग-अलग तरह की एक्सेसरीज को स्टाइल करना है। इससे लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आप स्कूल में कम्फर्टेबल रहेंगी। इस तरह के सूट आपको मार्केट में 500 से 800 रुपए में मिल जाएंगे।

**बांधनी प्रिंट प्लाजो सूट**

आप स्कूल में पहनने के लिए बांधनी प्रिंट सूट को भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सूट सिंपल डिजाइन और प्रिंट में मिलते हैं। इसलिए स्कूल पहनने के लिए बेस्ट होते हैं। आप इस तरह के प्लाजो सूट को रेडीमेड भी खरीद सकते हैं। साथ ही, आप चाहें तो कपड़ा लेकर टेलर से अपनी पसंद के डिजाइन के हिसाब से बना सकती हैं। इसके साथ दुपट्टा आप प्लेन स्टाइल कर सकती हैं। एक्सेसरीज में आप इयररिंग्स को इस लुक में ऐड करें। इस तरह के लुक को क्रिएट करके आप अपनी टीचर की तरह सुंदर दिखाई देंगी।

**प्लेन प्लाजो कुर्ता सेट**

आप स्कूल में टीचर लुक के लिए प्लेन प्लाजो कुर्ता सेट भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के प्लाजो कुर्ता सेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही, इसमें लुक भी परफेक्ट लगता है। इसके साथ आप मिनिमल ज्वेलरी को वियर करें। साथ में ओपन हेयर स्टाइल बनाएं और क्लच बैग लेकर स्कूल जानें के लिए रेडी हो जाएं। इस तरह के लुक के लिए आप यह सूट सेट मार्केट से 600 से 1,000 रुपये में खरीद सकती हैं।

## त्योहारी सीजन की तैयारी अभी से करें

इस बार त्योहारों के लिए अपने घर को बिल्कुल नए ढंग से तैयार करने का मौका है। आप अमेजन पर होम, किचन और आउटडोर से जुड़े उत्पादों की विशाल रेंज पर आकर्षक डील प्राप्त कर सकते हैं। 4 से 8 सितंबर 2024 तक डैश, बोरोसिल, फिलिप्स, क्यूबो, स्कॉच-ब्राइट, स्ट्रॉस और ऐसे कई अन्य टॉप ब्रांड के शानदार ऑफ़र का लाभ उठाएं। इसके अतिरिक्त, ग्राहक न्यूनतम 1500 रुपये की खरीद पर 300 रुपये कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं और न्यूनतम 40 प्रतिशत की छूट भी पा सकते हैं। एमेजन इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, हम आने वाले त्योहारी सीजन की तैयारी के साथ, देश भर के अपने ब्रांड भागीदारों, विक्रेताओं की सेवा करने और ग्राहकों को ढेर सारी खुशियां देने के बारे में सोचकर काफी रोमांचित हो रहे हैं। हम आशा करते हैं कि यह त्योहारी सीजन भारत में हमारा अब तक का सबसे बड़ा शॉपिंग इवेंट साबित होगा। हाल ही में समाप्त हुए हमारे प्राइम डे को जबरदस्त सफलता मिली, इसमें भागीदारी करने वाले प्राइम सदस्यों की संख्या में भारी बढ़ोतरी देखी गई। इस सफलता से उत्साहित होकर हम, आने वाले त्योहारों को यादगार बनाने और डिजिटल परिवर्तन के जरिये भारतीय एसएमबी और ब्रांड को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि उन्हें पूरे भारत में ग्राहकों तक पहुंचने में मदद मिल सके।

फैशन

# कुर्ती या सूट में परफेक्ट फिटिंग से दिखेंगी आप एकदम स्लिम

ट्रेडिशनल लुक में हम सभी स्टाइलिश दिखना चाहते हैं। इसमें ज्यादातर आरामदायक महसूस करने के लिए कुर्ती और सूट को पहनना पसंद करते हैं। आजकल मार्केट में रेडीमेड डिजाइन की कुर्ती और सूट के कई डिजाइंस आपको मार्केट में देखने को मिल जाएंगे, लेकिन इनमें ज्यादातर हम सूट और कुर्ती को सिलवाना पसंद करते हैं। कुर्ती और सूट को सिलवाते समय आपको कई बातों का खास ध्यान रखना जरूरी होता है, ताकि आपको परफेक्ट फिटिंग मिलने में मदद मिल पाए। साथ ह, कुछ गलतियां आपकी बॉडी के शेप को भी फैला हुआ बना हुआ दिखाने लगती हैं। तो आइये जानते हैं कुर्ती या सूट को सिलवाने के कुछ खास टिप्स-

**कुर्ती और सूट के लिए किस तरह का फैब्रिक चुनना चाहिए?**

कुर्ती और सूट को स्टाइलिश बनाने के लिए सही फैब्रिक को चुनना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप अपनी बॉडी टाइप का खासतौर से ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। इसमें आपको काफी तरह के फैब्रिक जैसे कॉटन और सिल्क में कई डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे।

**कुर्ती और सूट को स्टाइलिश लुक देने के लिए क्या करें?**

कुर्ती को स्टाइलिश लुक देने के लिए इसे आप चूड़ीदार पजामी, प्लाजो, पैन्ट्स तक के साथ में पहन सकती हैं। चाहें तो इनकी मोहरी के लिए काफी तरह के फैंसी डिजाइंस भी चुन सकती हैं। सूट के साथ भी इन्हीं तरह की चीजें बनवा सकती हैं। सूट को स्टाइलिश बनाने के लिए आप फैंसी वर्क वाले दुपट्टे को भी साथ में स्टाइल कर सकती हैं।

**क्या करें**

कुर्ती और सूट को परफेक्ट और स्टाइलिश फिटिंग देने के लिए बॉडी से चिपके हुए में इसे न सिलवाएं। इसकी सही फिटिंग के लिए आप इसे थोड़ा सा लूज ही बनवाएं। ऐसा करने से आपका लुक काफी एलिगेंट और अप टू डेट नजर आएगा। इस तरह की कुर्ती और सूट देखने में रेडीमेड लुक देने में मदद करेगी।



# गणेशोत्सव पर पहनें ये ब्राउन कलर के सूट

गणेशोत्सव का त्योहार महाराष्ट्र में धूमधाम से मनाया जाता है। इन दिनों हर कोई अपने घर में गणपति का आगमन करता है। पूजा के लिए घर में खास रिश्तेदार और दोस्तों को बुलाता है, ताकि हर कोई भगवान गणेश का स्वागत कर सके। इसके लिए अलग-अलग तरह के कपड़ों को भी वियर करते हैं, ताकि लुक अच्छा लगे। इस बार फेस्टिवल पर लाल या पीले रंग के सूट नहीं बल्कि ब्राउन कलर सूट को स्टाइल करें। इसमें आप सुंदर नजर आएंगी।

**ब्राउन कलर स्ट्रेट कुर्ती सेट**

आप लुक को चेंज करने के लिए ब्राउन कलर की स्ट्रेट कुर्ता सूट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको हैवी वर्क एम्ब्राइडरी से लेकर सिंपल डिजाइन वाले सूट भी मिल जाएंगे। जिसे वियर करके आपका लुक अच्छा लगेगा। इशमें आप चाहें तो नेकलाइन और नीचे के बॉर्डर पर डिजाइन वाला सूट भी खरीदकर पूजा में स्टाइल कर सकती हैं। दुपट्टा भी आपको हैवी एम्ब्राइडरी वर्क का मिल जाएगा। इस तरह के सूट सेट के साथ आप ज्वेलरी के अलग-अलग डिजाइन को भी वियर कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के सूट आपको 500 से 1,000 रुपए में मिल जाएंगे।

**पाकिस्तानी गरारा सूट डिजाइंस**

आप ब्राउन कलर में पाकिस्तानी गरारा सूट को भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सूट आप ब्राउन कलर के साथ-साथ मिरर वर्क में खरीद सकती हैं। इसके अलावा इसमें लुक अच्छा लगता है। चुन्नी में भी आपको मिरर वर्क मिलेगा। इससे यह सूट अच्छा लगेगा इस तरह के सूट में आपको फ्लेयर्ड डिजाइन ज्यादा मिलेगा। इसलिए यह फेस्टिवल में पहनने के बाद अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह के सूट आपको 1,000 से 1,200 रुपये में मिल जाएंगे।

**अंगरखा ब्राउन कलर सूट डिजाइन**

आप इस बार गणेश पूजा में अंगरखा स्टाइल ब्राउन कलर सूट को वियर कर सकती हैं। इस तरह के सूट में अच्छे डिजाइन के साथ-साथ प्रिंट भी मिल जाएंगे, जिससे आपका लुक अच्छा लगेगा। इसके साथ आपको दुपट्टा प्लेन मिलेगा। इस तरह के सूट के साथ आप सिंपल डिजाइन वाली ज्वेलरी वियर करेंगी, तो अच्छी लगेंगी। मार्केट में यह सूट आपको 1,200 से 1,500 रुपए में मिल जाएंगे।



फैशन

# न्यू लुक तो ट्राई करें बांधनी साड़ी

साड़ी कई सारे खास मौकों पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इस तरह के आउटफिट में जहां आपका लुक रॉयल नजर आता है तो वहीं आप भीड़ से भी अलग बाजार आते है जिन्हें आप कई सारे खास मौकों पर पहन सकती हैं लेकिन अगर आप फेस्टिव सीजन में न्यू लुक चाहती हैं तो आप ये बांधनी साड़ी वियर कर सकती हैं। इस तरह की बांधनी साड़ी में जहां आपका खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी रॉयल नजर आएगा।

## ऑर्गेंजा बांधनी साड़ी

न्यू लुक के लिए आप इस तरह की ऑर्गेंजा बांधनी साड़ी ट्राई कर सकती हैं। यह साड़ी ऑर्गेंजा फैब्रिक में है और इस साडी के बॉर्डर पर एम्ब्रायडरी की गई है। वहीं इस तरह की साड़ी न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती है और इस साड़ी को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों



से 3000 रूपये में खरीद सकती हैं। इस साड़ी को आप स्लीवलेस ब्लाउज के साथ स्टाइल कर सकती हैं। वहीं ज्वेलरी में आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं।

## मल्टी कलर बांधनी साड़ी

अगर अप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की मल्टी कलर बांधनी साड़ी वियर कर सकती हैं। यह बांधनी साड़ी जोर्जेट फैब्रिक में है और इस तरह की साड़ी न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इस तरह की साड़ी को आप बाजार से ले सकती हैं साथ ऑफलाइन भी आपको ये साड़ी 2000 से 4000 रुपये की कीमत में मिल सकती हैं। इस साड़ी के साथ आप चोकर या कुंदन वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं।

## सिल्क साड़ी

यह सिल्क साड़ी भी न्यू लुक पाने के लिए पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। ये साड़ी सिल्क फैब्रिक में है और इस तरह की साड़ी को आप 3000 रुपये की कीमत में मिल सकती हैं।इस तरह की साड़ी के साथ आप परल वर्क वाली ज्वेलरी साथ ही फ्लैट्स भी पहन सकती हैं।

# हरतालिका तीज पर पहनें स्टाइलिश फैंसी दुपट्टे

तीज-त्योहार पर स्टाइलिश दिखना हर किसी को पसंद होता है। व्रत-त्योहार के मौके पर हम ट्रेडिशनल लुक के कपड़ों को जरुर पहनते हैं। आजकल सबसे ज्यादा प्लेन और सिंपल डिजाइन के सलवार-सूट पहनना बेहद पसंद किया जा रहा है। हरतालिका तीज के मौके पर सूट के साथ में ज्यादातर वर्क वाले या फैंसी दुपट्टों को स्टाइल किया जाता है। आइए देखते हैं दुपट्टे के लेटेस्ट डिजाइंस और इन्हें कैसे स्टाइल करें।

**लहरिया दुपट्टा डिजाइन**

अगर आप लाइट वेट फैंसी दुपट्टा स्टाइल करना चाहती हैं तो इस तरह के लहरिया डिजाइन वाले दुपट्टे आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेंगे। आप चाहें तो घर में रखी पुरानी साड़ी की मदद से भी दुपट्टे को अपनी पसंद की लेंथ से कटवाकर इसमें गोटा-पट्टी वाली गोल्डन या कलरफुल लेस को लगवा सकती हैं। ऐसे आप अपनी पुरानी साड़ी को भी रीसायकाल कर पाएंगी और ज्यादा पैसे खर्च किए बिना लाइट वेट में फैंसी लुक पाएंगी।



**मल्टी कलर दुपट्टा डिजाइन**

अगर आप कुछ हटके ट्राई करना चाहते हैं तो आप मल्टी कलर में कढ़ाई वर्क वाले पाकिस्तानी स्टाइल दुपट्टे चलन में है। इसमें बात अगर डिजाइन की करें तो रंगकाट पैटर्न आजकल काफी ट्रेंड में है। पार्टी वियर लुक के लिए इसे आप सिल्क सूट के साथ में स्टाइल कर सकती हैं। आप चाहें तो इसमें अलग से सीक्वेन भी लगवा सकती हैं। अगर आप दुपट्टा को खूब फैंसी बनानी चाहती है तो लेस वर्क जैसे गोटा-पट्टी के कई डिजाइंस आपको देखने को मिलेंगे।

**मिरर वर्क दुपट्टा डिजाइन**

मिरर वर्क दुपट्टा दिखने में काफी खूबसूरत होते हैं। इसमें आपको कई तरह के डिजाइंस और कलर कॉम्बिनेशन भी मिल जाएंगे। पाकिस्तानी से लेकर फुलकारी दुपट्टे में आपको इसके हैवी कढ़ाई वाले डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। इसे स्टाइल कैसे करें तो आप किसी भी तरह का प्लेन सूट के साथ में पहन सकते हैं। इसके साथ में आप चांदबाली इयररिंग्स को पहन सकते हैं।

# त्योहारी सीजन में अपने घर को इस तरह बनाएं खुशबूदार

त्योहार के समय महिलाएं घर को क्लीन करने के लिए हर एक कोशिश करती हैं उनका एक ही मकसद होता है कि उनका होम साफ दिखने के साथ ही फ्रेश भी फील हो। लेकिन कई बार क्लीनिंग तो हो जाती है लेकिन कहीं ना कहीं से कोई ना कोई स्मेल जरूर जाती है। जो कभी टॉयलेट की होती है तो कभी डस्टबिन की। अब इस दुर्गंध से छुटकारा पाना सबसे मुश्किल काम लगता है क्योंकि कई बार बदबू की वजह भी पता नहीं चलती है।

अगर आपके साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है तो अब आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि हम आपको ऑस्ट्रेलिया में यूज की जाने वाली ट्रिक्स के बारे में बता रहे हैं। दरअसल एक ऑस्ट्रेलियाई लड़की ने घर से आने वाली अलग-अलग गंध को दूर करने के लिए सस्ती और आसान टिप्स दी हैं। इन्हें इस्तेमाल करना ना सिर्फ आसान है बल्कि यह काम भी बहुत आती हैं।

## वेनिला एक्सट्रेक्ट

पहली ट्रिक में बताया गया है कि अपने घर को चीनी कुकीज जैसी महक देने के लिए 2 बड़े चम्मच वेनिला एक्सट्रेक्ट को 180 डिग्री सेल्सियन पर 10 मिनट के लिए ओवन में रख दीजिए। इसकी वजह से आपका पूरा घर महकने लगेगा सबसे अच्छी बात है कि किसी भी तरह की स्मेल परेशान नहीं करेगी।

## एसेंशियल ऑयल

अपने पूरे घर को ताजा महक देने के लिए कॉटन बॉल पर और अपने वैक्यूम के अंदर एसेंशियल ऑयल डालने के बाद क्लीनिंग करें। इससे आपको घर के हर एक कोने की सफाई करनी होगी। ताकि पूरे घर से फ्रेश फीलिंग आने लगे और बदबू का नामोनिशान तक न बचे। यह उपाय आसान होने के साथ असरदार भी है।



## डस्टबिन से गंध करे दूर

अगर आपके घर में डस्टबिन में से भी अजीब गंध आती है तो आप कॉटन बॉल पर एसेंशियल ऑयल डालकर इन्हें बिन लाइनर के नीचे रख दीजिए। इससे ना सिर्फ दुर्गंध से छुटकारा मिलेगा बल्कि आपका घर महकने भी लगेगा। ऐसे में मानसून के सीजन में यह ट्रिक आपके बहुत काम आ सकती है।

## बेकिंग सोडा

अगर आप घर से आने वाली बासी गंध से परेशान हैं और इससे जल्द ही छुटकारा पाना चाहते हैं तो आप डिशवॉशर में एक कप बेकिंग सोडा डाल दीजिए। इससे बदबू आने की परेशानी दूर हो जाएगी यह उपाय करना बहुत ही आसान है। सबसे अच्छी बात है कि इसके आपके पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है।

## शेविंग क्रीम

अक्सर लोग बाथरूम या टॉयलेट से आने वाली दुर्गंध से सबसे ज्यादा परेशान रहते हैं। इसके लिए बहुत ही अजीब तरीका बताया है कि आप फर्श पर शेविंग क्रीम लगाकर इसे साफ कर दीजिए। दावा है कि शेविंग क्रीम बाथरूम की दुर्गंध को बेअसर कर देगी। फिर आपको किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

## गणेश चतुर्थी पर फैशनेबल होम डेकोरेशन

गणेश चतुर्थी स्टोर के लॉन्च के साथ अमेजन इंडिया ने त्योहारों के शुरुआत की घोषणा की है, जो उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला और डील्स की पेशकश करता है और पूरे भारत में ग्राहकों के लिए त्योहार की तैयारियों को आसान और आनंददायक बनाता है। गणेश चतुर्थी स्टोर, पारंपरिक वस्तुओं से लेकर आधुनिक गैजेट्स तक, सभी त्योहारी जरूरतों को पूरा करने के लिए 07 सितंबर तक लाइव रहेगा। गणेश चतुर्थी स्टोर में जटिल रूप से तैयार की गई गणेश मूर्तियों और पूजा के लिए आवश्यक वस्तुओं से लेकर, पारंपरिक मिठाई, उत्सव के कपड़े, होम डेकोर और इलेक्ट्रॉनिक्स में नए उत्पादों की श्रृंखला शामिल की गई है। ग्राहक सभी कैटेगरी में आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं, जिससे उनकी त्योहारी खरीदारी के लिए शानदार मूल्य सुनिश्चित होता है। अपने प्रियजनों को खुशी प्रदान करने की चाहत रखने वालों के लिए, स्टोर कस्टोमाइजेबल ई-गिफ्ट कार्ड की पेशकश करता है, जो व्यक्तिगत फेस्टिव उपहार देने के लिए एकदम सही विकल्प है। अमेजन प्राइम मेंबर्स, एक्सक्लूसिव डील्स और अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी ऑप्शन सहित अतिरिक्त लाभ का आनंद उठा सकते हैं, जिससे उनकी खरीदारी का अनुभव और भी सुविधाजनक और फायदेमंद हो जाता है।



हनी सिंह किसी भी परिचय के मोहताज नहीं हैं। वह देश के मशहूर रैपर, गायक और संगीत निर्माता हैं। उन्होंने अपने गानों से लगातार लोगों का मनोरंजन किया है।


http://epaperÐviraatvaibhav.com
https://www.facebook.com/viraatvaibhavdelhi


वेब सीरीज

## सूचना प्रसारण मंत्रालय ने आईसी-814 सीरीज पर विवाद के बाद नेटफ्लिक्स के कंटेंट प्रमुख को तलब किया

सरकार ने वेबसीरीज आईसी-814 द कंधार हाइजैक में अपहर्ताओं के चित्रण को लेकर उठे विवाद के बाद ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स के कंटेंट प्रमुख को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने नेटफ्लिक्स इंडिया के कंटेंट प्रमुख को मंगलवार को बुलाया है और वेबसीरीज के कथित विवादास्पद पहलुओं पर स्पष्टीकरण देने को कहा है। काठमांडू से दिल्ली की उड़ान भरने वाले इंडियन एयरलाइन्स के विमान के अपहर्ताओं के चित्रण से विवाद खड़ा हो गया है और कई दर्शकों ने इस पर आपत्ति जताई है। भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि आईसी-814 के अपहर्ता खूंखार आतंकवादी थे जिन्होंने अपनी मुस्लिम पहचान बदलने के लिए दूसरे नाम रख रखे थे। मालवीय ने एक्स पर लिखा, फिल्मकार अनुभव सिन्हा ने उनके गैर-मुस्लिम नामों को तवज्जो देकर अपनी आपराधिक मंशा को वैधता प्रदान की है। उन्होंने कहा, कुछ दशक बाद लोग सोचेंगे कि हिंदुओं ने आईसी-814 का अपहरण किया था। मालवीय ने कहा, पाकिस्तानी आतंकवादियों, जो सभी मुसलमान थे, के अपराधों को छिपाने के वामपंथी एजेंडे ने काम किया। यह सिनेमा की ताकत है, जिसका कम्युनिस्ट 70 के दशक से ही, शायद इससे पहले से ही आक्रामक तरीके से इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इससे न केवल दीर्घावधि में भारत की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होगीसवाल में आएगी, बल्कि उन धार्मिक समूहों का दोष हट जाएगा, जो रक्तपात के लिए जिम्मेदार रहे हैं। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यह देखना वाकई मजेदार है कि जो लोग कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्मों को सच मान लेते हैं, वे नेटफ्लिक्स के शो में आईसी814 की घटनाओं को दिखाए जाने से हताश हो जाते हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, अब अचानक से वे चाहते हैं कि पटकथा में बारीकी और वास्तविकता हो।




## इस दिन होगा रजनीकांत की जेलर 2 का आधिकारिक एलान

सुपरस्टार रजनीकांत ने 2023 में ब्लॉकबस्टर फिल्म जेलर के लिए फिल्म निर्माता नेल्सन दिलीपकुमार के साथ मिलकर काम किया था। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जो तमिल सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बन गई। निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार ने हाल ही में आनंद विकटन सिनेमा पुरस्कार समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने आखिरकार रजनीकांत के साथ अपने अगले सहयोग के बारे में बात की। फिल्म निर्माता ने पुष्टि की कि वे वास्तव में जेलर 2 के लिए टीम बना रहे हैं। नेल्सन ने कहा कि फिल्म की स्क्रिप्ट पहले ही लॉक हो चुकी है और प्री-प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। फिल्म निर्माता ने पुष्टि की कि प्रोडक्शन बैनर सन पिक्चर्स एक महीने के भीतर बड़ी घोषणा करेगा। ऐसे में अब यह साफ जाहिर है कि जेलर 2 का आधिकारिक लॉन्च अक्तूबर 2024 में होगा।




सोशल मीडिया

## रानी मुखर्जी को देखते ही डायलॉग भूल गई थीं शरवरी वाघ

अभिनेत्री शरवरी वाघ अपनी फिल्मों को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। साथ ही वह सोशल मीडिया पर भी काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री ने कई बड़ी और सफल परियोजनाओं का हिस्सा रही हैं। इस साल वह 'मुंज्या', 'महाराज' और 'वेदा' जैसी फिल्मों का हिस्सा बनीं। साल 2021 में, उन्होंने 'बंटी और बबली 2' में सैफ अली खान, सिद्धांत चतुर्वेदी और रानी मुखर्जी के साथ स्क्रीन साझा किया था। हाल ही में शरवरी ने एक बातचीत में बताया कि इस फिल्म के सेट पर जब रानी मुखर्जी आईं तो शरवरी अपने डायलॉग ही भूल गई थीं। कर्ली टेल्स के साथ बातचीत में जब शरवरी से पूछा गया कि क्या उन्हें कभी किसी बड़े सेलिब्रिटी के सामने अपने डायलॉग याद रखने में कठिनाई हुई है। इस पर शरवरी ने 'बंटी और बबली 2' के शूटिंग के दौरान को याद करते हुए एक सीन के बारे में बताया, जिसमें वह सैफ अली खान के साथ नाश्ते की मेज पर बैठी है और रानी को अंदर जाकर उनसे बात करनी है। अभिनेत्री ने बताया कि रानी मुखर्जी ने अंदर प्रवेश किया वह अपनी लाइनें भूल गईं। हालांकि, सेट पर कैमरे में कुछ समस्या की वजह से उन्हें रीटेक करना पड़ा। इसलिए, किसी को पता नहीं चला की वह अपने डायलॉग भूल गई थीं। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं उस वक्त इतनी हैरान थी कि मुझे याद ही नहीं रहा कि मेरा डायलॉग क्या था।' हालांकि शरवरी इन दिनों आलिया भट्ट के साथ अपनी आगामी जासूसी फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में अभिनेत्री को आलिया भट्ट के साथ देखा गया। दोनों अभिनेत्रियों ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म के सेट से पहली तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में जंगल और नदी के बीच में दोनों एक साथ खड़ी नजर आ रही हैं। बाहों में बाहें डाले आलिया और शरवरी अपने हाथों से हार्ट इमोजी बनाती दिख रही हैं। प्रशंसक अपने पसंदीदा सितारों की इस फिल्म का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि इस स्पाई यूनिवर्स में शाहरुख खान की पठान, सलमान खान की टाइगर और ऋतिक रोशन की वॉर शामिल हैं।

अभिनेत्री ने कहा, 'मैं उस वक्त इतनी हैरान थी कि मुझे याद ही नहीं रहा कि मेरा डायलॉग क्या था।' हालांकि शरवरी इन दिनों आलिया भट्ट के साथ अपनी आगामी जासूसी फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग में व्यस्त हैं।



**शरवरी** इन दिनों आलिया भट्ट के साथ अपनी आगामी जासूसी फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग में व्यस्त हैं।

## अक्टूबर में होगी 'सन ऑफ सरदार 2' की शूटिंग

इन दिनों अजय देवगन अपनी आगामी कॉमेडी-एक्शन फिल्म सन ऑफ सरदार 2 को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2024 से शुरू होगी। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की शूटिंग के दौरान संजय दत्त के भी शामिल होने की बात सामने आई है। फिल्म सन ऑफ सरदार ने साल 2012 को रिलीज के बाद सिनेमाघरों में जमकर कमाई की थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट आ रहा है, जिसकी शूटिंग इस साल अक्टूबर के महीने में पंजाब में शुरू की जाएगी। वहीं माडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संजय दत्त अक्टूबर 2024 में पंजाब में शूटिंग शुरू करने के लिए अजय देवगन और कलाकारों के साथ शामिल होंगे। वीजा संबंधी समस्याओं के कारण संजय को यूके की शूटिंग से बाहर होना पड़ा, जिससे फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर कुछ बदलाव किए गए हैं, लेकिन उनकी भूमिका अभी भी महत्वपूर्ण होगी। प्रशंसक अजय और संजय की शानदार जोड़ी को फिर से स्क्रीन पर एक साथ देखने के लिए उत्सुक हैं। सन ऑफ सरदार 2 पिछले पार्ट से जुड़ा हुआ नहीं होगा। इसमें बिहारी और पंजाबी डॉन के बीच एक गैंगवार भी शामिल होगा। इसके अलावा, रवि किशन का मूल किरदार, जो पहले विजय राज को सौंपा गया था, अब संजय मिश्रा के लिए फाइनल किया गया है। संजय पहले पार्ट की तरह ही डॉन की भूमिका में नजर आएंगे, जो कहानी में गहराई और रोमांच जोड़ेंगे। फिल्म की शूटिंग फिलहाल यूके में चल रही है, जिसमें मृणाल ठाकुर और अजय देवगन मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में विंदू दारा सिंह, चंकी पांडे, संजय मिश्रा, नीरू बाजवा, दीपक डोबरियाल, मुकुल देव, कुबरा सैत, शरत सक्सेना, अश्विनी कालसेकर और रोशनी वालिया जैसे कई कलाकार नजर आएंगे। अजय और संजय के प्रशंसक लंबे समय से इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और हो सकता है कि यह फिल्म अगले साल रिलीज हो जाए। काम की बात करें तो अजय देवगन निर्देशक राजकुमार गुप्ता की आगामी फिल्म रेड 2 में नजर आएंगे।



अजय और संजय के प्रशंसक लंबे समय से इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं

फिल्म रिलीज

## पर्दे पर वापसी करने वाली हैं सोनम कपूर

सोनम कपूर हिंदी सिनेमा की जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। उन्हें रांझणा, नीरजा आदि फिल्मों के लिए जाना जाता है। अभिनेत्री लंबे समय से फिल्मी पर्दे से दूर हैं। उन्होंने गर्भावस्था और मातृत्व वाले ब्रेक के बाद से किसी भी फिल्म का हिस्सा नहीं बनी हैं। वह आखिरी बार साल 2023 की फिल्म ब्लाइंड में नजर आई थीं। इस फिल्म को भी उन्होंने गर्भधारण से पहले शूट किया था। अब, एक बार फिर अभिनेत्री अपने बेटे वायु के जन्म के बाद कैमरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। हाल में ही उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्सुकता जाहिर की और अभिनय के प्रति अपने प्यार का इजहार किया। सोनम कपूर जल्द ही एक बार फिर पर्दे पर नजर आने वाली हैं। उन्होंने हाल में ही अपने पहले प्रोजेक्ट की शूटिंग को लेकर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, मैं अपनी प्रेगनेंसी के बाद फिर से कैमरे का सामना करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे एक अभिनय पसंद है और मुझे अपने पेशे के माध्यम से इतने सारे दिलचस्प किरदार जीना अच्छा लगता है। सोनम ने कहा वह अलग अलग तरह के इंसानों से प्रेरित होती हैं और उन्हें अपनी अलग अलग भूमिकाएं निभाना पसंद आता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि वह साल 2025 की शुरुआत में इसके लिए शूटिंग शुरू करेंगी। उन्होंने कहा कि आधिकारिक घोषणा होने तक वह इस प्रोजेक्ट के बारे में ज्यादा बात नहीं कर पाएंगी। अभिनेत्री ने आगे कहा, यह एक बड़ा प्रोजेक्ट है। अभी मैं इतना ही कह सकती हूं। अभिनेत्री के इस आगामी प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी अभी गुप्त रखी गई है। हालांकि, कयास लगाए जा रहे हैं कि यह एक ओटीटी पर स्ट्रीम होने वाली बड़े बजट की सीरीज होगी। अभिनेत्री अक्सर अपने पति और बच्चे के साथ तस्वीरें साझा करती है। बेटे वायु के दूसरे जन्मदिन पर उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट भी साझा की थी। अभिनेत्री और उनके पति आनंद आहूजा ने 20 अगस्त, 2024 को अपने बेटे वायु का दूसरा जन्मदिन मनाया था। उन्होंने इस मौके पर अपने बेटे वायु के लिए एक दिल छू लेने वाली पोस्ट साझा की थी। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा था, मेरा बच्चा आज दो साल का हो गया। हमारे प्यारे, प्यारे वायु को दूसरे जन्मदिन की शुभकामनाएं। अभिनेत्री ने आगे लिखा था, तुम्हारी मां बनना मेरे लिए अब तक का सबसे बड़ा उपहार है। तुमने हमारे जीवन को बहुत खुशी, हंसी और आश्चर्य से भर दिया है। तुमने हमारी दुनिया में बहुत रोशनी और खुशी लाई है, जिससे हर पल और अधिक सुंदर और हर रिश्ता मजबूत हुआ है।



## फिल्म इमरजेंसी पर सेंसर बोर्ड का प्रमाणपत्र नहीं मिलने को कंगना ने बहुत निराशाजनक बताया

अपनी फिल्म इमरजेंसी को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से प्रमाणपत्र नहीं मिलने और छह सितंबर को प्रस्तावित इसका प्रदर्शन अधर में लटकने के बीच अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोमवार को कहा कि यह बहुत निराशाजनक और अन्यायपूर्ण है कि सेंसरशिप केवल उनकी फिल्म के लिए है। कंगना ने कहा कि केवल ऐतिहासिक तथ्यों पर फिल्म बनाने वालों पर सेंसरशिप है लेकिन हिंसा और नग्नता दिखाई जा सकती है। इमरजेंसी और नेटफ्लिक्स पर आई वेब सीरीज आईसी 814: द कंधार हाइजैक की तुलना करते हुए उन्होंने एक्स पर लिखा, देश का कानून है कि ओटीटी मंचों पर बिना किसी कार्वाई या सेंसरशिप के अत्यधिक हिंसा और नग्नता दिखाई जा सकती है, कोई व्यक्ति राजनीतिक रूप से प्रेरित अपने कुटिल मकसद के लिए वास्तविक जीवन के घटनाक्रम को तोड़-मरोड़ भी सकता है, दुनियाभर में कम्युनिस्ट या वामपंथियों को इस तरह की राष्ट्रविरोधी अभिव्यक्ति की आजादी है। उन्होंने कहा, लेकिन एक राष्ट्रवादी के तौर पर कोई ओटीटी मंच हमें ऐसी फिल्म बनाने की अनुमति नहीं देता जो भारत की अखंडता और एकता के इर्दगिर्द घूमती हो। ऐसा लगता है कि केवल हम कुछ लोगों के लिए सेंसरशिप है जो इस देश के टुकड़े नहीं चाहते और ऐतिहासिक तथ्यों पर फिल्म बनाते हैं। यह बहुत निराशाजनक और अन्यायपूर्ण है। कंधार विमान अपहरण की 1999 की घटना पर बनी अनुभव सिन्हा की सीरीज आईसी 814: द कंधार हाइजैक में अपहर्ताओं के नाम कथित तौर पर भोला और शंकर दिखाने पर विवाद खड़ा हो गया है। कंगना ने शुभंकर मिश्रा के पोडकास्ट में सेंसरशिप के मुद्दे पर बात भी की और कहा कि उनकी फिल्म पर इमरजेंसी लगा दी गई है। उन्होंने कहा, यह बहुत निराशाजनक स्थिति है। मैं अपने देश में और जो हालात हैं, उन्हें लेकर बहुत निराश हूं। हमें कितना डराया जाएगा? मैंने इस फिल्म को बहुत ही आत्मसम्मान के साथ बनाया है, यही वजह है कि सीबीएफसी किसी विवाद की ओर इशारा नहीं कर सकता। उन्होंने मेरा प्रमाणपत्र रोक दिया है, लेकिन मैं फिल्म का अनकट संस्करण रिलीज करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। मैं अदालत में लड़ूंगी और बिना कट के फिल्म को रिलीज कराऊंगी। एक सूत्र ने बताया कि फिल्म इमरजेंसी का प्रदर्शन इस शुक्रवार को नहीं किया जाएगा क्योंकि फिल्म निर्माताओं को अभी तक सेंसर बोर्ड की तरफ से प्रमाणपत्र नहीं मिला है। सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, भले ही उन्होंने (सीबीएफसी ने) अपनी वेबसाइट पर यूए प्रमाणपत्र डाल दिया है, लेकिन निर्माताओं को अभी तक प्रमाणपत्र की प्रति नहीं मिली है। हर दिन फिल्म में एक नया कट लगाने को कहा जा रहा है, जो वे किसी दबाव के कारण कर रहे हैं। कंगना फिल्म की शुचिता के लिए लड़ रही हैं।



## ममूटी ने हेमा समिति की रिपोर्ट लागू करने का अनुरोध किया

अभिनेता ममूटी ने फिल्म उद्योग में किसी भी पावर ग्रुप की मौजूदगी से इनकार किया और इस क्षेत्र में काम करने वाले सभी लोगों से सतर्क रहने का आह्वान किया ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे। दिग्गज अभिनेता ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक पोस्ट में न्यायमूर्ति हेमा समिति गठित करने की राज्य सरकार की पहल की सराहना की और अनुरोध किया कि यदि कोई कानूनी बाधाएं हैं तो आवश्यक कानून बनाकर समिति की सिफारिशों को लागू किया जाए। रिपोर्ट और उसके बाद सिनेमा जगत को हिला देने वाले आरोपों पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए ममूटी ने कहा कि वह समिति की रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों और समाधानों का तहे दिल से स्वागत और समर्थन करते हैं तथा उन्होंने फिल्म उद्योग के सभी संगठनों से उन्हें लागू करने में साथ आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पुलिस कई महिलाओं द्वारा की गई यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की शिकायतों की सख्ती से जांच कर रही है इसलिए एजेंसी को अपनी जांच ईमानदारी से करने दी जानी चाहिए। अभिनेता ने यह भी कहा कि चूंकि समिति की पूरी रिपोर्ट अदालत के समक्ष है इसलिए वह दंड पर निर्णय कर सकती है।

ममूटी ने अपने पोस्ट में कहा कि उनकी प्रतिक्रिया में देरी हुई क्योंकि वह अभिनेताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन और उसके नेतृत्व द्वारा समिति की रिपोर्ट पर पहले प्रतिक्रिया दिए जाने का इंतजार कर रहे थे। अभिनेता ने कहा, "इसलिए फिल्म उद्योग में काम करने वालों को सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है ताकि इस क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना न घटे। उनकी यह प्रतिक्रिया फिल्म उद्योग में उनके सहयोगी अभिनेता मोहनलाल द्वारा समिति की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे पर अपनी चुप्पी तोड़ने के एक दिन बाद आई है। मोहनलाल ने भी उद्योग में किसी पावर ग्रुप के अस्तित्व से इनकार किया था और कहा था कि सिनेमा समाज का एक हिस्सा है और जो कुछ अन्य जगहों पर होता है वही फिल्म जगत में भी हो रहा है। उन्होंने भी पैनल की रिपोर्ट का स्वागत किया था और कहा था कि अगर गलत काम करने वालों के खिलाफ सबूत हैं तो उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। केरल सरकार ने 2017 में अभिनेत्री पर हमला मामले के बाद न्यायमूर्ति के हेमा समिति का गठन किया था।इसकी रिपोर्ट में मलयालम सिनेमा उद्योग में महिलाओं के उत्पीड़न और शोषण के मामलों का खुलासा किया गया है।





**सोना 10 ग्राम पर अपरिवर्तित**

*वायदा कारोबार में सोमवार को सोने की कीमत 71,600 रुपए प्रति 10 ग्राम पर लगभग अपरिवर्तित रही।*

# सरकार को बीपीसीएल से मिला 2,413 करोड़ रुपए का लाभांश




वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली

निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने सोमवार को कहा कि सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) से करीब 2,413 करोड़ रुपए का लाभांश मिला है। दीपम सचिव तुहिन कांत पांडेय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, सरकार को लाभांश किस्त के रूप में बीपीसीएल से लगभग 2,413 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक केंद्रीय लोक उपक्रमों से लाभांश के रूप में 15,389.14 करोड़ रुपए मिले हैं। इसमें इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) से 5,091 करोड़ रुपए, इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. से 40 करोड़ रुपए, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन से 554 करोड़ रुपए और टेलीकॉम कंसल्टेंट्स इंडिया लि. (टीसीआईएल) से विशेष लाभांश के रूप में 3,443 करोड़ रुपए शामिल हैं। सरकार ने बजट में चालू वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से लाभांश के रूप में 56,260 करोड़ रुपए प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। यह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित 50,000 करोड़ रुपए से अधिक है। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने पिछले सप्ताह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 3,662.17 करोड़ रुपए का लाभांश दिया था। यह राशि मार्च, 2024 में एलआईसी से प्राप्त 2,441.45 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश के अलावा है।

# वैकल्पिक ईंधन वाले वाहन पर जीएसटी घटाकर 12 प्र. करने पर हो विचार: गडकरी

वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली




केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि राज्य के वित्त मंत्रियों को फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को घटाकर 12 प्रतिशत करने पर विचार करना चाहिए। फ्लेक्स फ्यूल वाले वाहन से आशय ऐसी गाड़ियों से हैं जो एक से अधिक ईंधन पर चलती हैं। सामान्य तौर पर ए वाहन पेट्रोल के अलावा एथनॉल या मेथनॉल मिश्रित पेट्रोल पर भी चलते हैं। राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आईएफजीई के इंडिया बायो-एनर्जी एंड टेक एक्सपो को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि कच्चे तेल के आयात को कम करने और जैव ईंधन के उपयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हमें विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों से समर्थन की जरूरत है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने मुझे आश्वस्त किया है कि वह इस बारे में सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों से बातचीत करेंगी। गडकरी ने कहा, मैंने महाराष्ट्र के वित्त मंत्री से बैठक में भाग लेने और फ्लेक्स-फ्यूल इंजन कारों पर जीएसटी में कटौती का प्रस्ताव रखने को कहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों पर कर कम करने पर विचार करने का अनुरोध किया था। महाराष्ट्र के वित्त मंत्री अजित पवार के साथ एक अलग बैठक में, गडकरी ने उन्हें इस मुद्दे पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ जीएसटी बैठक में भाग लेने का सुझाव दिया। वर्तमान में, हाइब्रिड सहित पेट्रोल इंजन वाले वाहनों पर 28 प्रतिशत और इलेक्ट्रिक वाहनों पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है। गडकरी ने यह भी कहा कि देश हर साल 22 लाख करोड़ रुपए तक का जीवाश्म ईंधन (कोयला, कच्चा तेल) आयात करता है और यह न केवल वायु प्रदूषण से जुड़ी समस्या है बल्कि एक आर्थिक समस्या भी है। मंत्री के अनुसार, उन्हें भरोसा है कि जीवाश्म ईंधन के आयात को कम करने और जैव ईंधन को प्रोत्साहित करने के कारण सबसे ज्यादा लाभ कृषि क्षेत्र को होगा। उन्होंने कहा, आज जैव-ईंधन क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। गडकरी के मुताबिक, देश में जैव ईंधन की लागत कम है और यह प्रदूषण भी नहीं फैलाता है। इसीलिए यह आम आदमी के लिए भी फायदेमंद होने वाला है। मंत्री ने कहा कि वाहन उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उद्योग है। उन्होंने कहा, यह उद्योग अबतक 4.5 करोड़ नौकरियां सृजित कर चुका है। यह वह उद्योग है, जो राज्य और केंद्र सरकार को अधिकतम जीएसटी दे रहा है। गडकरी ने यह भी कहा कि हीरो और बजाज जैसी दोपहिया वाहन विनिर्माता भारत में बनने वाली 50 प्रतिशत बाइक का निर्यात करते हैं।

## एक नजर

### स्टरलाइट पावर ने खावड़ा पारेषण परियोजना पार्ट-सी का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** स्टरलाइट पावर ने खावड़ा आरई पार्क से नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी के लिए एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) खावड़ा चौथे चरण की पार्ट-सी पारेषण परियोजना का अधिग्रहण किया है। कंपनी बयान के अनुसार, खावड़ा आईवीए पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (एक एसपीवी) की स्थापना आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) द्वारा खावड़ा आरई पार्क से सात गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा निकालने के लिए की गई थी। स्टरलाइट पावर ने आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड से एसपीवी खावड़ा चौथे चरण के पार्ट-सी पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के अधिग्रहण की घोषणा की।

### कोल इंडिया का अगस्त में कोयला उत्पादन 12 घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का अगस्त में कोयला उत्पादन 11.9 प्रतिशत घटकर 4.61 करोड़ टन रह गया। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने बीएसई को दी सूचना में बताया, अगस्त 2023 में कंपनी का कोयला उत्पादन 5.23 करोड़ टन था। हालांकि, अप्रैल-अगस्त की अवधि में कंपनी का कोयला उत्पादन बढ़कर 29.04 करोड़ टन हो गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 28.15 करोड़ टन था। कोयले का उठाव भी अगस्त में घटकर 5.21 करोड़ टन रह गया, जो अगस्त 2023 में 5.91 करोड़ टन था। घरेलू कोयला उत्पादन में सीआईएल का योगदान 80 प्रतिशत से अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में कोल इंडिया का उत्पादन 10 प्रतिशत बढ़कर 77.36 करोड़ टन रहा था।

### ओमेक्स दिल्ली में 2,500 करोड़ रुपए का निवेश करेगा

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी ओमेक्स समूह अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के द्वारका में 50 एकड़ में वाणिज्यिक-सह-खेल परिसर विकसित करने पर 2,500 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। ओमेक्स ने सोमवार को बयान में कहा कि उसने वाणिज्यिक परियोजना द ओमेक्स स्टेट शुरू की है। इसमें खेल परिसर, खुदरा क्षेत्र तथा एक होटल शामिल है। कंपनी इनडोर खेल सुविधाओं के अलावा वैश्विक स्तर का क्रिकेट-सह-फुटबॉल स्टेडियम भी बनाएगी। बयान में कहा गया, द्वारका सेक्टर 19-बी में 50.4 एकड़ में फैली इस परियोजना को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत विकसित किया जा रहा है।

## कॉरपोरेट डायरी

# केन्स साणंद में लगाएगी 3,307 करोड़ का सेमीकंडक्टर संयंत्र



वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली

सरकार ने गुजरात के साणंद में 63 लाख चिप प्रतिदिन उत्पादन क्षमता वाली सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के केन्स के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी। इसके लिए 3,307 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णयों की घोषणा करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत में एक सेमीकंडक्टर परिदृश्य स्थापित हो रहा है। मंत्री ने कहा, आज मंत्रिमंडल ने केन्स संयंत्र को मंजूरी दे दी है, जिसकी प्रतिदिन 63 लाख चिप का विनिर्माण करने की क्षमता है। यह संयंत्र 46 एकड़ में बनेगा। यह एक बड़ा संयंत्र है और उत्पादन का बड़ा हिस्सा केन्स इंडस्ट्रीज को जाएगा। इसकी बुकिंग पहले ही हो चुकी है। यह संयंत्र बिजली क्षेत्र से संबंधित चिप की भी आपूर्ति करेगा। कंपनी ने इस परियोजना के लिए गुजरात के साणंद में पहले ही जमीन का अधिग्रहण कर लिया है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस इकाई के लिए प्रस्तावित निवेश करीब 3,307 करोड़ रुपए है। वैष्णव ने कहा, इस संयंत्र में बिजली से संबंधित चिप... मोटा वाहन और घरेलू उपकरणों में इस्तेमाल होने वाली चिप का भी विनिर्माण किया जाएगा।।

# विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए देश को वित्तीयकरण से बचना होगा: नागेश्वरन

एजेंसी ■ मुंबई



मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन ने सोमवार को कहा कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए सार्वजनिक नीति में वित्तीय बाजारों की भूमिका के दबदबे से बचना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं सबसे उज्ज्वल वैश्विक संभावनाओं में से एक हैं। नागेश्वरन ने सोमवार को कहा कि भारत का शेयर बाजार पूंजीकरण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 140 प्रतिशत है। भारतीय वित्तीय क्षेत्र की रिकॉर्ड लाभप्रदता तथा बाजार पूंजीकरण का उच्चस्तर या सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में बाजार पूंजीकरण एक अन्य कारक उत्पन्न करता है जिसकी गहन जांच की आवश्यकता है। सीईए डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा, जब बाजार अर्थव्यवस्था से बड़ा हो जाता है तो यह स्वाभाविक है, लेकिन जरूरी नहीं कि यह उचित हो कि बाजार के विचार तथा प्राथमिकताएं सार्वजनिक चर्चा पर हावी हो जाएं और नीतिगत चर्चा को भी प्रभावित करें। मैं वित्तीयकरण या नीति तथा व्यापक आर्थिक परिणामों पर वित्तीय बाजार के दबदबे की बात कर रहा हूं। सीआईआई फाइनेंसिंग 3.0 शिखर सम्मेलन में उन्होंने कहा कि वित्तीयकरण का अर्थ वित्तीय बाजार की अपेक्षाओं के रुझान पर प्रभुत्व है और महत्वपूर्ण रूप से सार्वजनिक नीति तथा व्यापक आर्थिक परिणामों में रुचि रखना है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि ए उनके निजी विचार हैं, न कि मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में दिया गया कोई बयान। उन्होंने कहा कि भारत उम्मीद के साथ 2047 की ओर देख रहा है, लेकिन यह ऐसी चीज है जिससे उसे बचना होगा, क्योंकि इस तरह के वित्तीयकरण के परिणाम विकसित दुनिया में सभी के सामने हैं। नागेश्वरन ने कहा कि नीतिगत स्वायत्तता बनाए रखना और अर्थव्यवस्था को वैश्विक पूंजी प्रवाह की अनिश्चितताओं से बचाना महत्वपूर्ण है। भारत मामूली चालू खाते के घाटे (कैड) के बावजूद वैश्विक पूंजी प्रवाह पर निर्भर है। उन्होंने कहा, भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं विश्व में सबसे उज्ज्वल हैं। इसे बनाए रखना हम पर निर्भर है। साथ ही यह भी हम पर निर्भर है कि हम इसका इस्तेमाल अपने लिए नीतिगत स्थान बनाने के लिए करें। उन्होंने कहा कि संक्षेप में कहूं तो देश को राष्ट्रीय अनिवार्यताओं तथा निवेशकों के हितों या प्राथमिकताओं के बीच एक अच्छा संतुलन बनाना होगा। उन्होंने कहा, बेशक इसका मतलब किसी का एजेंडा लेने के बजाय खुद वैश्विक एजेंडा बनाने वाले से है। यह एक अच्छी बात होगी। हालांकि, कुछ काम अभी शुरू किए जा सकते हैं, जैसे कि एक भारतीय संस्था साख तय करने वाली एजेंसी बनने का प्रयास कर रही है, लेकिन इसके परिणाम आने में बहुत लंबा समय लगेगा।

# एयरटेल ने 5जी पर 300 एमबीपीएस की अपलोड रफ्तार हासिल की




एजेंसी ■ नई दिल्ली

दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल, चिप विनिर्माता मीडियाटेक और स्मार्टफोन कंपनी नोकिया परीक्षणों के दौरान 5जी नेटवर्क पर 300 मेगाबिट प्रति सेकंड (एमबीपीएस) की अपलोड रफ्तार हासिल करने में सफल रही हैं। सोमवार को एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। परीक्षण में नवीनतम पीढ़ी के चिपसेट का इस्तेमाल करते हुए मिड-बैंड स्पेक्ट्रम के एक सेट का संयुक्त उपयोग किया गया था। बयान के मुताबिक, अपलिंक प्रदर्शन को अधिकतम करने के इरादे से एयरटेल की टेक लैब में यह परीक्षण किया गया और 5जी नेटवर्क प्रदर्शन में एक नया मानदंड स्थापित करते हुए 300 एमबीपीएस की अपलिंक रफ्तार हासिल की गई। परीक्षण के दौरान 3.5 गीगाहर्ट्ज और 2.1 गीगाहर्ट्ज की आवृत्ति के बैंड को जोड़कर अपलोड रफ्तार बढ़ाई गई। इसमें मीडियाटेक के 5जी मोबाइल मंच डाइमेंशन और नोकिया के 5जी एयरस्केल रेडियो उपकरण का इस्तेमाल किया गया। भारती एयरटेल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी रणदीप सेखों ने कहा, यह परीक्षण नेटवर्क के अपलिंक प्रदर्शन को बहुत बढ़ाएगा जिससे डेटा की तेज रफ्तार और बेहतर संपर्क हासिल होगा।

मीडियाटेक के वायरलेस संचार प्रणाली और भागीदारी महाप्रबंधक हो-ची ह्वांग ने कहा, हम भारत में इस अभूतपूर्व परीक्षण पर सहयोग करके रोमांचित हैं। हमारे मंच ने एयरटेल के नेटवर्क पर अधिकतम रफ्तार हासिल करने में अहम भूमिका निभाई है। नोकिया इंडिया के कंट्री प्रबंधक और मोबाइल नेटवर्क कारोबार प्रमुख तरुण छाबड़ा ने कहा कि इस परीक्षण से बेहतर 5जी नेटवर्क के लिए रास्ता तैयार होगा।

# एनएचएआई जीआईएस सॉफ्टवेयर के जरिए टोल प्लाजा पर रखेगा नजर



एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात की निर्बाध आवाजाही के लिए जीआईएस-आधारित सॉफ्टवेयर के साथ लगभग 100 टोल प्लाजा की निगरानी करेगा। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, इन टोल प्लाजा की पहचान राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन 1033 के जरिए हासिल भीड़भाड़ संबंधी आंकड़ों के आधार पर की गई है। सजीव निगरानी और ट्रैकिंग प्रणाली की मदद से टोल प्लाजा पर वाहनों की कतार निर्धारित सीमा से अधिक होने पर भीड़भाड़ की चेतावनी और लेन वितरण से जुड़ी सिफारिशें जारी की जाएंगी। इस टोल निगरानी सेवा को चरणबद्ध ढंग से कई अन्य टोल प्लाजा तक बढ़ाया जाएगा। टोल प्लाजा का नाम और जगह देने के अलावा यह सॉफ्टवेयर मीटर में कतार की लंबाई, कुल प्रतीक्षा समय और टोल प्लाजा पर वाहनों की रफ्तार से संबंधित विवरण भी साझा करेगा। टोल प्लाजा पर वाहनों की कतार निर्धारित सीमा से अधिक होने पर यह भीड़भाड़ की चेतावनी और लेन वितरण की सिफारिश भी प्रदान करेगा। यह सॉफ्टवेयर मौसम की स्थिति और स्थानीय त्योहारों के बारे में जानकारी भी देगा ताकि एनएचएआई के अधिकारी यातायात बोझ का प्रबंधन करने और टोल प्लाजा पर भीड़भाड़ कम करने के लिए एहतियाती कदम उठा सकें।

# हडको को एनबीएफसी-आईएफसी का दर्जा प्राप्त

वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली




हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हडको), आवास और शहरी विकास के क्षेत्र में एक प्रमुख तकनीकी-वित्तपोषण नवरत्न - सीपीएसई है। यह पिछले पांच दशकों से भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है। आज भारतीय रिजर्व बैंक से हडको ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर बोलते हुए, संजय कुलश्रेष्ठ, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, हडको ने बताया कि एनबीएफसी-आईएफसी के रूप में यह कंपनी विविध आयामों के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने में सक्षम सिद्ध होगी। उन्होंने अपने वक्तव्य में 'विकसित भारत' के लिए परिसंपत्ति वित्तपोषण द्वारा लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाने तथा विकास में वृद्धि करने की दिशा में हडको की प्रतिबद्धता जताई।

# केंद्र ने कृषि, संबद्ध क्षेत्रों के लिए 14,000 करोड़ रुपए के सात कार्यक्रमों को मंजूरी दी

एजेंसी ■ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के मकसद से सोमवार को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए लगभग 14,000 करोड़ रुपए के परिव्यय वाले सात बड़े कार्यक्रमों की घोषणा की। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि क्षेत्र से संबंधित सात बड़े कार्यक्रमों को मंजूरी दी, जिनमें 2,817 करोड़ रुपए का डिजिटल कृषि मिशन और फसल विज्ञान के लिए 3,979 करोड़ रुपए की योजना शामिल है। एक सरकारी बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने तथा उनकी आय बढ़ाने के लिए 13,966 करोड़ रुपए की कुल लागत वाली सात योजनाओं को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल में लिए गए इस निर्णय की संवाददाताओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन व्यापक कृषि कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना है। इन कार्यक्रमों का ध्यान मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा, जलवायु बदलाव से तालमेल बैठाने, प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन और डिजिटलीकरण के साथ बागवानी और पशुधन क्षेत्रों के विकास पर होगा। मंत्रिमंडल ने खाद्य एवं पोषण सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए फसल विज्ञान को मंजूरी दी है और इसके लिए कुल 3,979 करोड़ रुपए का परिव्यय तय किया गया है। इस कार्यक्रम में छह बिंदुओं पर बल दिया गया है, जिनका उद्देश्य वर्ष 2047 तक जलवायु अनुकूल फसल विज्ञान और खाद्य सुरक्षा के लिए किसानों को तैयार करना है।

# अगर मैं रीट पर कुछ भी कहूंगी तो मुझ पर हितों के टकराव का आरोप लगेगा: सेबी

एजेंसी ■ मुंबई




भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (रीट) पर टिप्पणी करने से सोमवार को इनकार करते हुए कहा कि अगर वह इस विषय पर कुछ कहेंगी तो उनपर हितों के टकराव का आरोप लगाया जाएगा। बुच ने यह बात ऐसे समय में कही है जब अमेरिकी निवेश एवं शोध कंपनी हिंडनबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में उनके और निजी इक्विटी क्षेत्र की कंपनी ब्लैकस्टोन से जुड़े संभावित हितों के टकराव के बारे में सवाल उठाए हैं। उनके पति धवल बुच ब्लैकस्टोन में वरिष्ठ सलाहकार हैं, जो रीट क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी है। हालांकि, दंपति ने आरोपों का खंडन किया है। इसके अलावा, हिंडनबर्ग ने आरोप लगाया था कि रीट विनियम 2014 में सेबी के हालिया संशोधनों से एक विशिष्ट वित्तीय समूह को लाभ पहुंचा है। सेबी ने इन आरोपों को खारिज किया है। सेबी की प्रमुख बुच ने सोमवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कहा, यदि मैं रीट पर एक शब्द भी कहूंगी तो मुझपर हितों के टकराव का आरोप लगा दिया जाएगा। रीट भारतीय बाजार में एक नई अवधारणा है। अपने आकर्षक रिटर्न तथा पूंजी वृद्धि के कारण यह विश्वस्तर पर एक लोकप्रिय विकल्प रहा है। रीट वाणिज्यिक अचल संपत्ति परिसंपत्तियों के खंड से बना होता है, जिनमें से अधिकतर पहले से ही पट्टे पर दी गई होती हैं। इसके अलावा, इस बीच, कांग्रेस ने बुच के खिलाफ हितों के टकराव के नए आरोप लगाते हुए सोमवार को दावा किया कि वह इस बाजार नियामक की पूर्णकालिक सदस्य होते हुए भी आईसीआईसीआई बैंक से नियमित वेतन ले रही थीं।

**बाजारों में रौनक** *शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला कायम रहा*

# सेंसेक्स, निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी ■ मुंबई



विदेशी कोषों के प्रवाह और अमेरिकी बाजारों में तेजी के बीच स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। मानक सूचकांक सेंसेक्स 194 अंक बढ़ा जबकि निफ्टी में 43 अंक की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स लगातार 10वें सत्र में बढ़कर नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स ने 194.07 अंक यानी 0.24 प्रतिशत उछलकर 82,559.84 अंक के नए मुकाम को हासिल किया। दिन में कारोबार के दौरान एक समय यह 359.51 अंक बढ़कर 82,725.28 के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.80 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 25,278.70 अंक के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान इसने 25,333.65 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर को छुआ। इस तरह निफ्टी लगातार 13वें दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, एनएसई निफ्टी की वर्ष 1996 में शुरुआत होने के बाद से लगातार तेजी का यह सबसे लंबा दौर है। रिकॉर्डतोड़ तेजी के इस दौर में सेंसेक्स कुल 2,135.16 अंक यानी 2.65 प्रतिशत चढ़ा है, जबकि निफ्टी ने करीब।,140 अंक यानी 4.72 प्रतिशत की छलांग लगाई है। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ने और घरेलू स्तर पर विदेशी पूंजी के प्रवाह से शेयर बाजारों में तेजी का दौर देखा जा रहा है। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक, ईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक और इन्फोसिस सर्वाधिक बढ़त हासिल करने में सफल रहीं। दूसरी तरफ टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, निफ्टी ने लगातार 13वें सत्र में अपनी बढ़त का सिलसिला जारी रखा जो पिछले कई दशक का सबसे लंबा दौर है। हालांकि, व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 0.47 प्रतिशत और मिडकैप में 0.03 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में नुकसान रहा।

## राजकोट मंडल के पांच कर्मचारियों को डीआरएम ने किया सम्मानित



**वैभव न्यूज़ ■राजकोट**

रेल संरक्षा (सेफ्टी) में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजकोट मंडल के 5 कर्मचारियों को राजकोट मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार द्वारा आज डीआरएम ऑफिस राजकोट स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राजकोट मंडल के यातायात एवं इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों को यह अवार्ड मई एवं जुलाई, 2024 के महीने में रेल संरक्षा में बेहतरीन कार्य के लिए दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में कनक सिंह (पॉइंट्स मेन-मुली रोड), ललित किशोर (पॉइंट्स मेन-लीलापुर रोड), दिनेश आर यादव (ट्रॉली मेन-राजकोट), धर्मेन्द्र सिंह (गेटमेन-एल.सी-38) और मनदीपसिंह झाला (स्टेशन मास्टर-अमसरस)। उपरोक्त रेलकर्मियों द्वारा कर्मचारियों द्वारा ट्रेक के पास से गाड़ी में धुआं को नोटिस करना, इंजन मे हॅगिंग पार्ट नोटिस करना, पॉइंट सही रुप से सेट न होना, पहिये में स्पर्किंग नोटिस करना इत्यादि कार्य किया गया।

## झारखंड के चिकित्सकों ने स्वीकारी बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली

**वैभव न्यूज़ ■रांची**

झारखंड के सरकारी चिकित्सकों ने अपनी 15 सूत्री मांगों को पूरा होने का आश्वासन मिलने के बाद बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली सोमवार को स्वीकार कर ली। चिकित्सकों के एक संघ ने यह जानकारी दी। चिकित्सकों ने बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से हाजिरी दर्ज करना सोमवार से शुरू कर दिया। झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सेवा संघ और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की प्रदेश इकाई के तहत राज्य के सभी सरकारी चिकित्सकों ने 20 अगस्त से बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का बहिष्कार किया।

### 102 कार्यदिवस का प्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होगा

# सीसीईए ने मुंबई-इंदौर रेल लाइन को दी मंजूरी, 18,036 करोड़ रु. खर्च होंगे

**वैभव न्यूज़ ■नई दिल्ली**



आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने दो प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों मुंबई तथा इंदौर के बीच सबसे छोटी रेल संपर्क सुविधा प्रदान करने वाली 309 किलोमीटर की नई रेल लाइन परियोजना को सोमवार को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी देते हुए कहा कि परियोजना की कुल लागत 18,036 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह 2028-29 तक पूरी होगी। इस परियोजना के निर्माण के दौरान करीब 102 कार्यदिवस का प्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होगा। इन दिनों को वैष्णव ने मानव दिवस करार दिया। यह परियोजना मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम है जो एकीकृत योजना के जरिए संभव हो पाया है। यह लोगों, वस्तुओं तथा सेवाओं की आवाजाही के लिए, निर्बाध संपर्क प्रदान करेगी। इस परियोजना के तहत महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश के छह जिले आएंगे। इससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में करीब 309 किलोमीटर की वृद्धि होगी। यह देश के पश्चिमीदक्षिण-पश्चिमी हिस्सों और मध्य भारत के बीच एक छोटा मार्ग प्रदान करके क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगी। इससे श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर सहित उज्जैन-इंदौर क्षेत्र के विभिन्न पर्यटनधार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। यह परियोजना जेएनपीए के प्रवेश द्वार बंदरगाह और अन्य राज्य बंदरगाहों से पीथमपुर वाहन केंद्र (जिसमें 90 बड़ी इकाइयां और 700 लघु तथा मझोले उद्योग हैं) को सीधी संपर्क सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही मध्य प्रदेश के बाजरा उत्पादक जिलों और महाराष्ट्र के प्याज उत्पादक जिलों को भी सीधी संपर्क प्रदान करेगी जिससे देश के उत्तरी तथा दक्षिणी हिस्सों में वितरण की सुविधा उपलब्ध होगी। बयान में कहा गया, यह कृषि उत्पादों, उर्वरक, कंटेनर, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट, पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट (पीओएल) जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए यह एक आवश्यक मार्ग है। क्षमता वृद्धि के चलते प्रतिवर्ष करीब 2.6 करोड़ टन की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। इसमें कहा गया, रेलवे पर्यावरण अनुकूल तथा उर्जा कुशल परिवहन का साधन है। इससे जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की लॉजिस्टिक्स की लागत में कटौती करने, तेल आयात (18 करोड़ लीटर) को घटाने और कार्बन उत्सर्जन (138 करोड़ किलोग्राम) को कम करने में मदद मिलेगी, जो 5.5 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। परियोजना के तहत 30 नए स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे बड़वानी जिले को बेहतर संपर्क मिलेगा। नई रेल लाइन से करीब1,000 गांवों और लगभग 30 लाख आबादी के लिए संपर्क मुमकिन होगा।

## यादव ने भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर की पूजा-अर्चना



**वैभव न्यूज़ ■भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को सोमवती अमावस्या पर भगवान महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए और सपत्निक पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना पं. राजेश गुरु ने सम्पन्न कराई। पूजन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कलेक्टर एवं महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री नीरज कुमार सिंह ने शॉल और श्रीफल भेंट किया। मुख्यमंत्री ने महाकालेश्वर मंदिर परिसर में स्थित श्री वृद्धकालेश्वर (जूना महाकालेश्वर) मंदिर और श्री अनादिकल्पेश्वर मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, संजय अग्रवाल, संभागायुक्त संजय गुप्ता, आईजी संतोष कुमार सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह, प्रशासक महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति श्री गणेश कुमार धाकड़ एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### *अहमदाबाद मंडल की कुछ ट्रेनें प्रभावित*

**अहमदाबाद।** दक्षिण मध्य रेलवे में भारी बारिश के कारण रायनापाडु स्टेशन पर और विजयवाड़ा-निडद्वोलु सेक्शन में जल भराव के चलते अहमदाबाद मंडल से चलने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी। जिसका विवरण निम्नानुसार है पूर्ण रूप से निरस्त ट्रेनें 02 सितंबर 2024 की ट्रेन संख्या 12656 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-अहमदाबाद नवजीवन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। 03 सितंबर 2024 की ट्रेन संख्या 12655 अहमदाबाद-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल नवजीवन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें 01 सितंबर 2024 को अहमदाबाद से चलने वाली ट्रेन संख्या 12655 अहमदाबाद-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल नवजीवन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया जलगांव-भुसावल-मनमाड-वाडी के रास्ते चलेगी। 01 सितंबर 2024 को गांधीधाम से चलने वाली ट्रेन संख्या 20804 गांधीधाम-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया वर्धा-नागपुर-रायपुर-टिटलागढ़-रायगढ़-विजयनगरम के रास्ते चलेगी। ट्रेनों के ठहराव के समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया वेबसाइट पर जाकर अवलोकन कर सकते है।

### *महिला ने दो बच्चों के साथ ब्रह्मपुत्र नदी में लगाई छलांग*

**डिब्रूगढ़।** असम के डिब्रूगढ़ जिले में एक महिला ने कथित तौर पर अपने दो बच्चों के साथ ब्रह्मपुत्र नदी में छलांग लगा दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के बताया कि बोगीबील पुल से नदी में छलांग लगा दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, पुल से एक बैग बरामद किया गया।

## कांग्रेस ने सेबी प्रमुख के खिलाफ हितों के टकराव के नए आरोप लगाए

**वैभव न्यूज़ ■नई दिल्ली**



कांग्रेस ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधबी बुच के खिलाफ हितों के टकराव के नए आरोप लगाते हुए सोमवार को दावा किया कि इस बाजार नियामक की पूर्णकालिक सदस्य होते हुए भी वह आईसीआईसीआई बैंक से नियमित वेतन ले रही थीं और यह कुल राशि 16.80 करोड़ रुपए के करीब है। पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) के प्रमुख के रूप में बुच की नियुक्ति के मामले में स्पष्टीकरण देने की भी मांग की। यहां कांग्रेस मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि बुच 5 अप्रैल, 2017 से 4 अक्टूबर, 2021 तक सेबी की पूर्णकालिक सदस्य थीं और 2 मार्च, 2022 से इसकी अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा, माधबी पुरी बुच सेबी की पूर्णकालिक सदस्य होते हुए रेगुलर इनकम आईसीआईसीआई बैंक से ले रही थीं, जो कि 16.80 करोड़ रुपए था। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, ईएसओपी और ईएसओपी का टीडीएस भी बैंक से ले रही थीं। उन्होंने कहा, यह सीधे-सीधे सेबी के सेक्शन-54 का उल्लंघन है। इसलिए अगर माधबी पुरी बुच में थोड़ी भी शर्म होगी तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। खेड़ा ने कहा कि यही नहीं, सेबी अध्यक्ष के हितों के टकराव के और भी कई मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि 2021-2023 के बीच, वर्तमान सेबी अध्यक्ष को ईएसओपी पर टीडीएस भी प्राप्त हुआ था, जिसका भुगतान आईसीआईसीआई बैंक द्वारा 1.10 करोड़ रुपए किया गया था। उन्होंने कहा कि टीडीएस की राशि वेतन के तहत ली जाती है और यह एक बार फिर सेबी की आचार संहिता का उल्लंघन है। यह आयकर चोरी का मामला है क्योंकि आईसीआईसीआई बैंक द्वारा ईएसओपी पर टीडीएस के रूप में भुगतान किया जाना एक शर्त है और इस पर भी कर लगाया जाना चाहिए। यह कर चोरी 50 लाख रुपए है।

## किसी भी सरकार ने अपने कार्यकाल में हमारी तरह एक लाख नौकरियां नहीं दी : हिमंत

**वैभव न्यूज़ ■गुवाहाटी**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को दावा किया कि उनके कार्यकाल में एक लाख से अधिक भर्तियां हुई हैं, और आजादी के बाद से किसी भी सरकार ने अपने शासनकाल में इतने युवाओं को नौकरियां नहीं दीं। प्रदेश में 23,956 संविदा शिक्षकों एवं राज्य पूल शिक्षकों को स्थाई नियुक्ति पत्र वितरित करने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि सरकार अगले साल तक 50,000 और युवाओं को नौकरी देगी। उन्होंने कहा, आज की नियुक्तियों से पहले हमने1,00,389 युवाओं को नौकरी दी है, जिससे एक लाख नौकरियां देने का हमारा वादा पूरा हुआ है। अगर हम आज की नियुक्तियां पर विचार करें तो मई 2021 से अब तक1,24,345 नौकरियां होंगी। भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान असम में हर साल एक लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था। हालांकि, उन्होंने बाद में इसे संशोधित करते हुए कहा कि यह आंकड़ा पूरे पांच साल के कार्यकाल के लिए है। शर्मा ने कहा, आजादी के 78 वर्षों में कोई भी सरकार एक बार में एक लाख नौकरी नहीं दे सकी है। हमारी सरकार ने उस सुनहरे दौर को पार कर लिया है और हमें उम्मीद है कि भविष्य में हम ऐसे और मील के पत्थर हासिल करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल तक शिक्षा और पुलिस जैसे विभिन्न विभागों में 50,000 और नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि सभी नए नियुक्त लोग नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) का हिस्सा होंगे, जो अप्रैल 2025 से स्वचालित रूप से एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) बन जाएगी। शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार, शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण शिक्षकों को वेतन देने के लिए हर साल 2,000 करोड़ रुपए खर्च करता है और यह राशि हर साल बढ़ रही है।

**भेंट** *पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट की।*

*छाया: वैभव*



## महाराष्ट्र हिंदी साहित्य अकादमी की संगोष्ठी में शिक्षकों और सोशल मीडिया की भूमिका पर गहन विचार मंथन

**वैभव न्यूज़ ■मुंबई**



महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी एवं संकल्प साहित्य कला मंच के संयुक्त तत्वावधान में कनिष्ठ महाविद्यालय के शिक्षकों के लिए एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन मुंबई के सांताक्रूज स्थित डॉ. नजमा हेपतुल्लाह सभागार में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस संगोष्ठी में शामिल विभिन्न विद्वानों और विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों और सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर गहन विचार मंथन किया। रविवार को आयोजित इस संगोष्ठी का विषय वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों के विकास में सोशल मीडिया एवं शिक्षकों की भूमिका रखा गया था। संगोष्ठी के प्रथम सत्र की अध्यक्षता महाराष्ट्र राज्य साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष डॉ. शीतला प्रसाद दुबे ने की, जिन्होंने विषय की विवेचना के अलावा महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी की विभिन्न गतिविधियों और उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। विशेष अतिथि के रूप में पधारे नवभारत टाइम्स, मुंबई के सम्पादक सुंदर चंद ठाकुर ने सोशल मीडिया के सकारात्मक पहलुओं पर अपने विचार प्रकट किये। प्रथम सत्र के वक्ता के रूप में महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्यकारी सदस्य आनंद सिंह, वरिष्ठ फ़िल्म समीक्षक एवं पत्रकार रेखा खान एवं एडवोकेट ओम प्रकाश मिश्रा ने भी सोशल मीडिया के सकारात्मक और अन्य पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत कर विषय को सार्थकता प्रदान की। इस सत्र का संचालन डॉ. ममता झा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन विनीता आर. ने किया। दूसरे सत्र का विषय था वर्तमान परीक्षा परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों के विकास के लिए शिक्षकों की भूमिका। इस सत्र में वक्ता के रूप में पुणे से आये भाषा विशेषज्ञ प्रो. शशि निघोजकर ने शिक्षकों को सलाह दी कि वे स्वयं विषय को भली-भांति पढ़ने के बाद ही विद्यार्थियों को पढ़ाना शुरू करें। उन्होंने भाषा ज्ञान के विभिन्न ज़रूरी पहलुओं पर गहराई से जानकारी प्रदान की।भवन्स महाविद्यालय, अंधेरी की प्राध्यापिका डॉ. दीप्ति सावंत ने विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति अभिरुचि जागृत करने पर ज़ोर दिया।

**सौगात** *70 लाख महिलाओं को मिली महतारी वंदन योजना की सातवीं किस्त*

# विष्णु देव साय ने तीजा के अवसर पर दी बड़ी सौगात

**वैभव न्यूज़ ■रायपुर**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को तीजा के अवसर पर बड़ी सौगात दी है। उन्होंने आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार के के मौके पर महतारी वंदन योजना के सातवीं किस्त की राशि के रूप में 01-01 हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से महिलाओं के खाते में अंतरित किये। महिलाओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने अपने विष्णु भैया को धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सतत सुधार तथा परिवार मे उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु, समाज मे महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना लागू किए जाने का निर्णय लिया गया। जिसके अंतर्गत राज्य की विवाहित, विधवा परित्यक्ता और तलाकशुदा जिनकी उम्र 21 वर्ष से अधिक हो ऐसी महिलाओ को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 10 मार्च 2024 को महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने बटन दबाकर प्रथम किश्त की राशि जारी की थी।योजना के तहत पहले चरण में करीब 70 लाख से अधिक महिलाओं को लाभार्थी के तौर पर चुना गया है, जिनके बैंक खाते में योजना की 7 किश्ते ट्रांसफर कर दी गई हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव , वन मंत्री केदार कश्यप,खेल मंत्री टंक राम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्व राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब ,अनुज शर्मा उपस्थित है।

## रेल कर्मचारियों के उन्नत ज्ञान के लिए वर्चुअल रियलिटी और मिक्स्ड रियलिटी प्रशिक्षण मॉड्यूल लागू

**वैभव न्यूज़ ■मालीगांव**



संरक्षा संबंधी पहलुओं पर रेल कर्मचारियों के ज्ञान को बेहतर करने के लिए, पूर्वोत्तर सीमा रेलवे ने अपने बहु-विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (एमडीजेडटीआई), अलीपुरद्वार में एक अभिनव वर्चुअल रियलिटी एंड मिक्सड रियलिटी प्रशिक्षण मॉड्यूल लागू किया है। भारतीय रेल मॉड्यूल के सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण के लिए यह डिजिटल हब ट्रेन परिचालन से जुड़े सभी रनिंग और संरक्षा कर्मचारियों के लिए तैयार किया गया है। प्रशिक्षुओं को हेडसेट और जॉयस्टिक के उपयोग के साथ संबंधित कार्य प्रकृति पर एक व्यापक ट्यूटोरियल मार्गदर्शन प्रदान किया जा सकता है। इससे पहले, प्रशिक्षण दो चरणों अर्थात सैद्धांतिक और व्यावहारिक रूप में थे, जिसके लिए कक्षा शिक्षण और व्यावहारिक सत्र आयोजित किए जाते थे। हालांकि, तकनीकी प्रगति और वीआर एवं एमआर प्रशिक्षण मॉड्यूल की शुरुआत के साथ, वास्तविक समय का अनुभव प्राप्त किया जा सकता है। इस उन्नत मॉड्यूल ने वास्तविक समय की स्थिति में मानक मापदंडों तक पहुंच में सुधार करने में भी मदद की। अब तक कुल 2020 प्रशिक्षुओं यानी 516 स्टेशन प्रबंधकों, 372 ट्रेन प्रबंधकों, 555 लोको पायलट, 550 सहायक लोको पायलट और पी. वे के 27 जूनियर इंजीनियरों/ वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियरों को इस वीआर एवं एमआर मॉड्यूल के तहत सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया गया है। उन्नत प्रशिक्षण प्रथाओं के लिए वर्चुअल रियलिटी एंड मिक्सड रियलिटी का उपयोग विशेष अनुसूची का ज्ञान प्राप्त करने में प्रशिक्षुओं के समग्र परिप्रेक्ष्य को बदल देगा। इस अभिनव प्रशिक्षण दृष्टिकोण की शुरुआत न केवल फंटलाइन कर्मचारियों की प्रभावशीलता को बढ़ाएगी, बल्कि रेलवे नेटवर्क के अधीन संरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता पर भी जोर देगी।